YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❏ वर्ष-14 ❏ अंक-212 ❏ शुक्रवार, 05 सितम्बर 2025 ❏ नगर संस्करण ❏ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❏ मूल्य- ₹ 3.00 ❏ पृष्ठ-12




जीएसटी दरों की स्लैब कम करने और दवाओं, खाद्य वस्तुओं तथा अनेक आवश्यक वस्तुओं पर कर शून्य करने और कई वस्तुओं पर करों की दरों में भारी कमी से गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, लघु उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं को भारी राहत मिलेगी।

अमित शाह


देश में सड़क दुर्घटनाओं से जीडीपी में 3 फीसदी का नुकसानः गडकरी 11

राजग के बिहार बंद का दिखा व्यापक असर 12


## संक्षेप

### संपत्तियों के बंटवारे में स्टांप शुल्क में छूट कंपनी व ट्रस्ट को नहीं मिलेगी

लखनऊ। राज्य सरकार ने पैतृक संपत्तियों के बंटवारे में स्टांप व रजिस्ट्री शुल्क में छूट देने संबंधी अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि यह छूट फर्म, सोसायटी, ट्रस्ट व कंपनी को नहीं दी जाएगी। प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग अमित गुप्ता की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि तीन पीढ़ी के पारंपरिक वंशजों के मध्य पैतृक अचल संपत्ति के बंटवारे पर 5000 रुपये स्टांप शुल्क और 5000 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क ही अब देना होगा। यह सुविधा अधिसूचना जारी होने की तिथि से दी जाएगी। यह छूट केवल परिवार के सदस्यों के बीच पैतृक अचल संपत्तियों के बंटवारों, उत्तराधिकार और वंशजों को दी जाएगी। यह छूट केवल केवल कृषि, आवासीय या व्यवसायिक संपत्तियों पर ही दी जाएगी। अन्य प्रकार की संपत्तियों पर या औद्योगिक, संस्थागत संपत्तियों पर नहीं दी जाएगी। सेवारत विभाग का दर्ज़ा इसके साथ ही स्टापं एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को उत्तर प्रदेश के सेवारत विभाग में शामिल किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसके आधार पर अब विभाग को उपनिबंधक कार्यालय बनवाने के लिए आसानी से सरकारी भूमि मुफ्त में मिल जाएगी।

### आधुनिक उपकरणों एवं तकनीक से लैस होगी राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के संपूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरूस्त करने को लेकर राममंदिर स्थायी सुरक्षा समिति की अहम बैठक राममंदिर परिसर में सम्पन्न हुई, जिसमें जिले के पुलिस के सभी आला अधिकारी, खुफिया एजेंसी के प्रमुखों के साथ परिसर की सुरक्षा में तैनात अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी सुरक्षा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था की स्थाई समिति की बैठक में राममंदिर परिसर की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया गया। बैठक में राममंदिर की सुरक्षा को और पुख़्ता करने के लिए हाईटेक सुरक्षा उपकरणों की आवश्यकता का प्रस्ताव रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था की स्थाई समिति में जो भी प्रस्ताव आए हैं उन्हें राज्य सरकार को भेजा जाएगा। श्रीराम मंदिर का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है, जिससे नई सुरक्षा चुनौतियां सामने आ रही हैं। शुरू से ही राम जन्मभूमि मंदिर आतंकी संगठनों की हिट लिस्ट में है, इस कारण अब हाईटेक उपकरणों से आतंकियों की किसी भी संभावित साजिश को नाकाम करने की योजना बनाई गई। श्रीराम मंदिर की स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक के बाद उपस्थित अधिकारियों ने श्रीराम मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा की। सुरक्षा समिति ने स्पष्ट किया कि लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सपा सरकार का संस्कार था गुंडा टैक्स

## सुरक्षा के माहौल से आता है निवेश, प्रशस्त होता है खुशहाली और समृद्धि का मार्ग : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में गुरुवार का दिन काफी अहम रहा। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण किया। निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार में बने सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताया। इस संदर्भ के उन्होंने पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।



❏ जाति के नाम पर बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले नहीं करा सकते विकास : सीएम योगी

गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है। निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार ● शेष पेज 11 पर

### पीएम की मां अपमान, हर मां का अपमान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दिनों बिहार में कांग्रेस और राजद के मंच पर हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया। यह राजनीति के पतन का स्तर है। इस अशोभनीय कृत्य को कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद शारदीय नवरात्र पर हम सब मातृशक्ति की आराधना के अनुष्ठान से जुड़ेंगे। दुर्गा सप्तशती में कहा गया है कि पुत्र, कुपुत्र हो सकता है लेकिन माता कभी कुमाता नहीं होती है। राजद और कांग्रेस नेताओं के मंच से पीएम मोदी की मां के प्रति अपशब्दों का प्रयोग 140 करोड़ भारतीयों और हर मां का अपमान है। नया भारत ऐसी उच्चश्रृंखलताओं को कभी स्वीकार नहीं कर सकता।

दिवाली से पहले खुशियों का डबल धमाका : मोदी

# 'कांग्रेस ने आपका बजट बढ़ाया, हमने कम किया'

एजेंसी

नई दिल्ली। जीएसटी में हुए सुधार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (04 सितंबर, 2025) को कहा कि अगर भारत को वैश्विक स्थिति में उचित स्थान दिलाना है तो समय के साथ बदलाव बहुत जरूरी है।

जीएसटी रिफॉर्म्स पर पीएम मोदी ने कहा, ''समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी। पीएम मोदी ने कहा, अब जीएसटी और भी सरल हो गया है। 22 सितंबर को, जो कि नवरात्रि का पहला दिन है, अगली पीढ़ी का सुधार लागू हो जाएगा क्योंकि ये सभी चीजें



निश्चित रूप से 'मातृशक्ति' से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, इस बार धनतेरस की रौनक भी और ज्यादा रहेगी। क्योंकि दर्जनों चीजों पर टैक्स अब बहुत ही कम हो गया है। 8 साल पहले जब जीएसटी लागू हुआ तो कई दशकों का सपना साकार हुआ। ये आजाद भारत का सबसे बड़ा आर्थिक सुधारों में से एक था। प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में आगे बढ़ते भारत में जीएसटी में भी ● शेष पेज 11 पर

# देशभर के करीब 47 प्रतिशत मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले : एडीआर

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के एक विश्लेषण के अनुसार, देश के लगभग 47 प्रतिशत मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है, जिनमें हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

ADR Association for Democratic Reforms

### इन राज्यों में सबसे ज्यादा मंत्री दागी

एडीआर के अनुसार, 11 राज्यों में 60% से ज्यादा मंत्री आपराधिक मामलों में घिरे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी शामिल हैं। वहीं, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड में किसी भी मंत्री पर कोई केस नहीं है।

यह रिपोर्ट केंद्र सरकार द्वारा उन तीन विधेयकों को संसद में पेश किए जाने के कुछ दिन बाद आई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी के बाद 30 दिन तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। एडीआर ने 27 राज्य विधानसभाओं, तीन केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 643 मंत्रियों के हलफनामों का अध्ययन किया और पाया कि 302 मंत्रियों, यानी कुल मंत्रियों के 47 प्रतिशत, के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 302 मंत्रियों में से 174 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 (40 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है और 88 (26 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। कंग्रेस शासित चार राज्यों में पार्टी के 45 मंत्रियों (74 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 18 (30 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज हैं। द्रमुक के 31 मंत्रियों में से 27 (लगभग 87 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं, जबकि 14 (45 प्रतिशत) पर गंभीर मामले दर्ज हैं। तृणमूल कंग्रेस के भी 40 में से 13 मंत्रियों (33 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 8 (20 प्रतिशत) ● शेष पेज 11 पर

अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कॉलेजों को दी नसीहत


# कॉलेज मनमानी फीस बढ़ाएं तो राजभवन में करें शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कॉलेज सत्र के बीच में फीस नहीं बढ़ा सकते हैं। यदि कोई कॉलेज बीच शैक्षिक सत्र फीस बढ़ाता है तो उस पर शिकंजा कसा जाएगा। छात्र व अभिभावक ऐसा करने वाले कॉलेजों की शिकायत कर सकते हैं। ऐसी समस्याओं के लिए राजभवन के दरवाजे हमेशा खुले हैं। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कॉलेजों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ कॉलेजों ने पांच लाख रुपये तक फीस बढ़ाई। शैक्षणिक सत्र के बीच में फीस वृद्धि नहीं की जानी चाहिए।




उन्होंने कहा कि अनेक गरीब परिवार भूमि बेचकर अपने बच्चों को मेडिकल शिक्षा दिलाते हैं। बीच में फीस बढ़ने से उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खुद से फीस बढ़ाने वालों के खिलाफ शिकायत करने के लिए राजभवन के दरवाजे हमेशा खुले हैं। उन्होंने आगरा में एक सामान्य परिवार के बच्चे के दाखिले के लिए 15 लाख का डोनेशन देने के प्रकरण का किया जिक्र किया। बताया कि गरीब परिवारीजन ने जमीन बेचकर 15 लाख की व्यवस्था की। फिर क्लास शुरू होने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बड़ी मुश्किल से उनके हस्तक्षेप के बाद परिवारीजनों को पैसा वापस मिला। उन्होंने यह ● शेष पेज 11 पर

# एन.डी.आर.एफ और जिला आपदा प्राधिकरण ने किया संयुक्त मॉक ड्रिल

**एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन में एनडीआरफ गोरखपुर के उप कमांडेंट कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक कार्यशाला भी आयोजित की गयी, जिसमे आपदा से सम्बन्धित जानकारी दी गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । भूकंप आपदा पर आधारित संयुक्त अभ्यास एन.डी.आर.एफ. और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर जेमिनी गार्डनिया में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया ।

एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन में एनडीआरफ गोरखपुर के उप कमांडेंट कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ समन्वयक व मुख्य एजेंसी के तौर पर रही इस कार्यशाला में तमाम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मेगा मॉक ड्रिल अभ्यास का संपूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार द्वारा संचालित किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्य की तैयारी जांचना एवं विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित करना था। जमानी गार्डनिया अपार्टमेंट गोरखपुर में सुबह 11,30 बजे मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई। 11 बजकर 20 मिनट पर अचानक अपार्टमेंट आपातकालीन घंटी बजी। अपार्टमेंट के लोगो को भूकंप आने की सूचना दी गई। क्योंकि अपार्टमेंट के लोग पहले से ही, ही पता था कि लोग घबराए नहीं बल्कि यह ड्रिल करीब 45 मिनट तक चलता रहा।तत्पश्चात इसकी सूचना एनडीआरएफ टीम को दी गई जो कि मौके पर *निरीक्षक सुधीर कुमार* की टीम घटना स्थल पर पहुंची और तुरंत ही बचाव और राहत कुछ लोग बाहर निकलने में मदद कीइमरजेंसी ऑपरेशन सें एसडउत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के अनुसार इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आई.आर.एस) को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया। विनीत कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)/ इंसिडेंट कमांडर, आई.आर.एस., के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ किया एनडीआरएफ ने मोर्चा संभालते हुए भवन के सातवें-आठवें माले पर फंसे हुए व्यक्तियों, जिन तक पहुंच पाना मुश्किल था को रोप रेस्क्यू टीम द्वारा रस्सी आदि अन्य उपकरणों के मदद से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया। निरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में सीएसएसआर टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए भूतल में फंसे हुए व्यक्ति को चिन्हित कर कटर मशीन के माध्यम से वैकल्पिक रूप से तैयार किए गए दीवार की कटिंग करते हुए बाहर निकालने की विधि का प्रदर्शन किया। साथ ही गार्डे निया में निवास कर रहे व्यक्तियों को किस प्रकार प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाता है के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया। एनडीआरएफ की महिला रेस्क्यूअर ने एक नवजात बच्ची को रोप रेस्क्यू के माध्यम से जैसे ही आठवे माले से नीचे सुरक्षित उतारा, वहां उपस्थित प्रत्येक नागरिक ने तालियो से उनका अभिनंदन एवं उत्साहवर्धन कियाकार्यक्रम में कुलदीप सिंह डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ, सत्य प्रकाश सिंह डिप्टी कंट्रोलर नागरिक सुरक्षा, अरविंद कुमार टीम कमांडर एसडीआरएफ, डॉ शिवकुमार वर्मा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, नीरज श्रीवास्तव एवं वेद प्रकाश सहायक उप नियंत्रक, अनिल तिवारी निरीक्षक होमगार्ड के साथ टीम मय आपदा मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गार्डे निया में निवास कर रहे लगभग 100 से अधिक महिलाओं व पुरुषों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। मॉक ड्रिल कार्यक्रम का संचालन गौतम गुप्ता, आपदा विशेषज्ञ गोरखपुर द्वारा किया गया।

## कौशांबी में दलित युवक के साथ तालिबानी पिटाई, कानून-व्यवस्था पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज / कौशांबी । प्रयागराज मण्डल के जनपद कौशाम्बी के सराय अकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद चौराहे पर बुधवार की देर शाम एक दलित युवक के साथ बीच सड़क पर बेरहमी से पिटाई की गई है । आरोपी कुख्यात ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन अपने गुर्गों के साथ खीरा बेच रहे युवक पर हमला कर तालिबानी सजा देने के आरोप में है। इलाके में इस घटना से दहशत फैल गई है । दबंग लोग थाना क्षेत्र के अम्बारी गांव के निवासी है और दलित छोटे लाल खरसेन का पुरवा निवासी है घटना के दौरान पुलिस मौन तमाशबीन बनी रही, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गंभीर रूप से घायल युवक को सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित का नाम खरसेन का पुरवा निवासी है और वह सौदा न बनने पर हमला किया गया।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपी पर पहले से गौ-तस्करी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं, बावजूद इसके वह खुलेआम घूम रहा था। पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत के कारण आरोपी के हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों और दलित संगठनों ने एसपी कौशांबी, एडीजी प्रयागराज और यूपी सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित का मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।घटना ने इलाके में तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया है, इलाके में दहशत फैल गई है और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रजवन्ती देवी स्कूल कोरावं में आयोजित हुई प्रतियोगिता



कोराव, प्रयागराज । रजवन्ती देवी पब्लिक स्कूल कोराव प्रयागराज में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रीन हाउस के ब्वॉयज टीम ने विजय प्राप्त की। रेड हाउस की श्रेया सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यलो हाउस की सिदरा बानो ने पहला स्थान प्राप्त किया।सभी विजेताओं को 14 नवम्बर को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रीती तिवारी, माहेश्वरी तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ल, शीला पाल और शकीना ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ल ने बच्चों को शिक्षा में खेल के महत्व को बताया और उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस अब बढ़नी तक चलेगी

प्रयागराज। उत्तरी मध्य रेलवे ने यात्रियों को सूचित किया है कि परिचालनिक कारणों से गाड़ी संख्या 11037/11038 (पुणे-गोरखपुर-पुणे) एक्सप्रेस को अब बढ़नी स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है।पुणे से बढ़नी (11037) गाड़ी प्रत्येक गुरुवार दिनांक 11.09.2025 से 04.12.2025 तक चलेगी, जबकि बढ़नी से पुणे (11038) गाड़ी प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.09.2025 से 06.12.2025 तक चलेगी।गाड़ी के प्रमुख स्टेशनों और समय-सारणी के अनुसार पुणे से गोरखपुर, आनंद नगर, सिद्धार्थ नगर होते हुए बढ़नी तक सेवा उपलब्ध होगी। यात्रियों को रेलवे ने समय की जानकारी ध्यानपूर्वक लेने और यात्रा की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि कान्त त्रिपाठी ने कहा कि यह निर्णय यात्री सुविधा और परिचालन सुगमता को ध्यान में रखकर लिया गया है।यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी टिकटों की पुष्टि कर लें और निर्धारित समय पर स्टेशन पहुंचें।

## प्रयागराज में जूस कॉर्नर संचालक के साथ दबंगई, मारपीट और लूट

प्रयागराज । सिविल लाइंसः कंपनी बाग गेट नंबर 1 के सामने जूस कॉर्नर संचालक सुशील कुमार के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की और दुकान से 3240 नकद लूट लिया।आरोपी अभय गोस्वामी आठ साथियों के साथ दुकान पहुंचे और गालियां देते हुए हमला किया। इस दौरान सुशील कुमार का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। दबंगों ने उसके छोटे भाई विवेक के साथ भी मारपीट की।भीड़ जुटने के बाद दबंग धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।इस घटना ने इलाके में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने मामला किया दर्ज

प्रयागराज । जिले में एक इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यमुनानगर के घूरपुर थाना क्षेत्र में गांव के ही एक व्यक्ति ने 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक जांच की और आरोपी की पहचान कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। डीसीपी कुलदीप गुनावत ने बताया कि पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पीड़ित बच्ची और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे मामले की जांच में सहयोग करें और अफवाहों से बचें। इस घटना ने समाज में भय और आक्रोश पैदा कर दिया है, और न्याय की प्रक्रिया को तेज़ करने की मांग उठ रही है।

## गंगा संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन

प्रयागराज । जिले में जिला गंगा समिति और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गंगापुरी रसूलाबाद में गंगा संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्री युगल किशोर मिश्र, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, शिक्षक प्रमोद द्विवेदी, आईसी हेड कृष्ण कुमार मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।प्रधानाचार्या ने छात्रों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण की अपील की। डीपीओ एशा सिंह ने गंगा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्लास्टिक, पॉलीथिन और कूड़ा नदी में प्रवाहित न किया जाए क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरनाक है।विद्यालय परिसर से रसूलाबाद तक ल्लगंगा बचाओ, जीवन बचाओङ्क का नारा लगाते हुए रैली निकाली गई। घाट पर कृष्ण मौर्य और नगर निगम टीम ने सुखा-गीला कचरा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया। सभी को कपड़े के बैग वितरित कर इको-फ्रेंडली जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया और स्वच्छता शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

महराजगंज, रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा संचालन छात्रों के हाथों में रहा। हाई स्कूल की टॉपर छात्रा खुशी चौरसिया ने प्रधानाचार्य का पद संभाला। हेड बॉय उत्पल और हेड गर्ल आयुषी ने उनके कार्य में सहयोग किया। विद्यालय के नियमित प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने प्रार्थना सभा में डॉ. राधाकृष्णन के शैक्षिक योगदान को याद किया।शिक्षण कार्य की जिम्मेदारी भी छात्र-छात्राओं ने संभाली। जाह्नवी, अनन्या, पलक, आरुषि, नूर फलक, अवनी, सुहानी, नीरव, अभय, अभिनव, वेद, रुद्र, रामेंद्र, राजवीर, विपिन, प्रांजुल, सिद्धांत, दिव्या और युवराज ने कक्षाओं का संचालन किया। सभी छात्रों ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

## सांप के काटने से 8 साल के बच्चे की मौत

महाराजगंज, रायबरेली । कोतवाली क्षेत्र में सर्प दंश से एक बच्चे की मौत हो गई। दुर्गापुर मजरे कुशमहुरा गांव में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे की घटना है। विनोद कुमार और उनका (8)वर्षीय बेटा कृष्ण कुमार घर में सो रहे थे। उनके बिस्तर पर आए विषैले सांप ने दोनों को काट लिया। परिजन तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज ले गए। डॉक्टर अनिल भारद्वाज ने दोनों के शरीर पर सांप के काटने के निशान की पुष्टि की।(32)वर्षीय विनोद और कृष्ण की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## यमुना में मिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव, परिवार में मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के कीडगंज थाना क्षेत्र से तीन दिन से लापता सॉफ्टवेयर इंजीनियर विवेक यादव का शव यमुना नदी में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।विवेक यादव के पिता विजय कृष्ण यादव की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में दो बच्चे हैं ऽ एक बेटा विवेक यादव और एक बेटी, जिसकी शादी पहले ही हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मृतक ने अंतिम समय में अपने पिता को फोन पर कहा था कि ल्लकोई मेरा गला दबा रहा हैङ्क, जिससे मामले में सस्पेंस बना हुआ है।पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और संभावित संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है। घटना ने परिवार और समाज में शोक और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है।

## जिला विकास निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

**समिति ने सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । सांसद फूलपुर एवं भदोही की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य, विद्युत और कृषि विकास योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

समिति ने सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में जॉब कार्ड सत्यापन, वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को लाभ सुनिश्चित करना, किसानों के खेतों की मिट्टी जांच, फसल योजना और खाद वितरण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।साथ ही, सड़क निर्माण, जल निकासी, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सक्रियता और आयुष्मान कार्ड वितरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।समिति ने यह भी कहा कि योजनाओं की कार्ययोजना बनाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव अवश्य लिए जाएं और उनके पास समय-समय पर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांसद, विधायक, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।यह बैठक जिले में विकास कार्यों की निगरानी और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## डीएम व एसपी ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**6 व 7 सितम्बर को जनपद में 23 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा**

**परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित : डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। पीईटी परीक्षा-2025 को जनपद के परीक्षा केंद्रों में सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 6 व 7 सितम्बर (शनिवार व रविवार) को दो पालीयों में आयोजित करायी जायेगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिसमें सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या 39552 है। परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने ने कहा कि परीक्षा के दिन किसी भी परीक्षार्थी तथा केन्द्र के टीचर आदि को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स गैजेटस मोबाईल, लेपटाप, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक घड़ी ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्विघ्न, नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक ,पर्यवेक्षक, समन्वयी पर्यवेक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट , सहायक पर्यवेक्षक, निरीक्षण पर्यवेक्षक, परीक्षा सहायक आदि पूरी कर लें तथा दिये गये दिशा निर्देशों व आदेशों को भली-भांति पढ़ लें। किसी भी प्रकार की यदि कोई कमी हो तो उसको समय रहते दुरूस्त करा लें।इंसेट - पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के दौरान समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी इसके साथ ही परीक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, यातायात का सुचारू रूप से संचालन हो इसके लिए यातायात पुलिस की भी तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाएगा। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़कों पर बेजुबानों का झुंड आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र के ब्लाक कोराव के अंतर्गत लगभग 17 गौशाला संचालित है इसके बावजूद खीरी , लेडियारी , रत्योंरा , बड़ोखर , कस्बा कोराव , भोगन देवघाट महुली समेत अन्य गाव कस्बा में भारी संख्या में गाय ,बैल , बछडा , सैकड़ो की संख्या में दिख रहे यदि किसी को इमरजेंसी में कही ऐसे मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है तो पहले वाहन से नीचे उतरकर सड़को से किनारे पशुओ को करना होता है फिर वाहन आगे बढ़ा सकते है साथ ही जो वाहन ऐसे मार्ग से गुजरते है वाहन का पहिया पशुओ के खुर पैर में चढ़ जाता है जिससे खुर खून से लतपथ हो जाते है फिर बिना इलाज के दम तोड़ देते है इसके साथ -साथ अब तक कई लोगो की पशुओ को बचाने के चक्कर मे अपनी जान गवा चुके है तो कुछ हाथ पैर तोड़कर चारपाई पर लेटे लेटे जीवन काट रहे है अब यह कह रहे है कि इससे अच्छा मौत ही हो गया होता किसान भी ऐसे पशुओ से फसल बचाने के लिए दिन रात चौकीदारी कर रहा है इसके बावजूद पूरी तरह से फसल नही बचा पा रहा इस मामले में क्षेत्र के कई लोगो से तहसील समाधान दिवस सीएम हेल्पलाइन जन सुनवाई समेत अन्य माध्यम से शिकायत किये लेकिन निस्तारण शिकायत का कर दिया जाता है लेकिन समाधान नही किया जाता न तो गौशाला की संख्या बढ़ाया जा रहा न ही इनको कही अन्य गौशाला में रखवाया जा रहा जिससे क्षेत्र के लोग इस पीड़ा से काफी पीड़ित है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़को पर घूम रहे पशुओ का झुंड की व्यवस्था की माँग की है

# अतरसुइया पुलिस पर अवैध छापेमारी मारपीट और वसूली के गंभीर आरोप

**पीड़ित परिवार ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। थाना करेली क्षेत्र के जफीर पुलिया, गली नंबर 18 में रहने वाले जावेद के घर पर 21 अगस्त की रात लगभग 2 बजे थाना अतरसुइया की पुलिस टीम द्वारा की गई अवैध छापेमारी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिसकर्मियों पर रात में बिना वारंट घर में प्रवेश, मारपीट, गाली-गलौज, जबरन वसूली और तोड़फोड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़ित जावेद के अनुसार, करीब 25-30 पुलिसकर्मी (जिनमें 5 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं) रात में बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घर का दरवाजा खुलवाकर घुस आए। इस दौरान पुलिस ने उनके बेटे तमजीत को उठाकर थाने ले गई। आरोप है कि पुलिस ने पड़ोसी समा बनो पत्नी शाहबाज के घर में भी घुसकर गाली-गलौज, मारपीट की और दो मोबाइल फोन, कान के टॉप्स तथा ?5000 नकद जब्त कर लिए।परिवार का कहना है कि तमजीत को पुलिस ने लगातार तीन दिन तक अतरसुइया थाने में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पहले ?2 लाख की डिमांड की और बाद में ?19,000 नकद लेकर ही उसे छोड़ा।इस घटना का सीसी टीवी फुटेज थाना में देखा जा सकता है। हालांकि, जब्त किए गए दो मोबाइल थाने से लौटा दिए गए, लेकिन समा बनो के दो मोबाइल, कान के टॉप्स और फिरदौस के ?5000 अब तक वापस नहीं किए गए। कानूनी सवाल और पुलिस की कार्रवाई पर संदेहकानून विशेषज्ञों के मुताबिक, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी घर में बिना कोर्ट की अनुमति या आपात स्थिति के पुलिस का प्रवेश दंड प्रक्रिया संहिता (बीएनएसएस) की धारा 47 और 185 का स्पष्ट उल्लंघन है।इसके अलावा,धारा 74 ऽ महिलाओं से दुर्व्यवहार व छेड़छाड़धारा 309(4) ऽ लूटपाटधारा 115 ऽ मारपीटधारा 308(2)ऽ जबरन वसूलीधारा 199 ऽ कानून का दुरुपयोगइन धाराओं के तहत पुलिसकर्मियों पर कड़ी आपराधिक कार्रवाई हो सकती है।उच्च स्तरीय जांच की मांगपीड़ित जावेद, उनकी पड़ोसी समा बनो और फिरदौस ने डीजीपी, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने थाना अतरसुइया पुलिस की कार्यशैली की स्वतंत्र जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी विभागीय और आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।प्रशासन की चुप्पी पर सवालइस मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि रक्षक बनकर बैठी पुलिस ही भक्षक बन गई है। अब देखना है कि उच्च अधिकारी इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाते हैं और क्या पीड़ितों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## प्रयागराज में कल डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 5 सितंबर, शुक्रवार को प्रयागराज का दौरा करेंगे। उनका दौरा प्रशासनिक, राजनैतिक और शैक्षिक गतिविधियों पर केंद्रित रहेगा। सुबह 10:30 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर वे 11:30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे, उसके बाद वाहनों के काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्ष और महापौर सहित पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।दोपहर 2:40 बजे वे जिला पंचायत सभागार में विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। शाम 4 बजे शिक्षकों की भूमिका पर आयोजित गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जहां शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और शिक्षकों के सम्मान पर वार्ता करेंगे।कार्यक्रम के बाद डिप्टी सीएम भाजपा नेता बृजेश अग्रवाल के आवास पर चाय पर चर्चा करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Ctg-DYD-SMU-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at DYD station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 15.09.2025 at 10:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| Station | Dariyabad | Stall ID | DYD/PF-1/13 |
| Close Date/Time | 15.09.2025 at 10:30 hrs. | Quota | SMU |
| Lot No. | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | Sub Quota | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2685/2025

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यालय में जी एस टी परिषद द्वारा जीएस टी रिफार्म पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जी एस टी परिषद द्वारा, जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में परिचर्चा का आयोजन किया गया परिचर्चा में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए तथा तथा परिचर्चा में जी एस टी परिषद के निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था एवं भारतीय बाज़ार पर प्रभाव के विषय पर चर्चा की गई परिचर्चा बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता,नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पाण्डेय , ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, धर्मेन्द्र साहू, अंशू श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा राजेश गुप्ता, महिला इकाई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती वृतिका शुक्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे। चर्चा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जीएसटी परिषद द्वारा 5% एवं 18% के दो स्लैब रखे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा इससे भारत कि जनता



**तमाम वस्तुओं से जीएसटी हटाने एवं घटाने से देश की आम जनता को लाभ मिलेगा तथा लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी जिससे व्यापारियों को भी लाभ होगा : संजय गुप्ता**

को लाभ होगा तथा जनता की जेब पर कम बोझ पड़ेगा जिससे जनता की क्रय क्षमता बढ़ेगी। तथा जनता की क्रय क्षमता बढ़ने से देश में उत्पादों की मांग बढ़ेगी जिससे देश का एम एस एम ई सेक्टर भी मजबूत होगा। व्यापारियों का व्यापार भी बढ़ेगा तथा उद्योग भी बढ़ेंगे। उन्होंने सरकार से ई कॉमर्स पॉलिसी एवं रिटेल ट्रेड पालिसी की ओर अगला कदम रखने की अपेक्षा की ,संजय गुप्ता ने कहा परंपरागत व्यापारियों को बचाने के लिए शीघ्र अतिशीघ्र विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों के शिकंजे से बचाना होगा तभी देश के परंपरागत व्यापारी बच पाएंगे । व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने सीमेंट पर 28 %से 18% स्लैब किए जाने का दूरगामी परिणाम बताया , उन्होंने कहा रियल स्टेट सेक्टर को जितना बढ़ावा मिलेगा अन्य क्षेत्र के व्यापार भी उतने ज्यादा मजबूत होंगे क्योंकि रियल एस्टेट से फर्निशिंग, फर्नीचर ,पेंट ,हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक एवं अन्य लगभग दो सौ व्यापार जुड़े रहते हैं उन्होंने जी एस टी को और सरल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यक्तिगत जीवन बीमा एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी 0 किए जाने के निर्णय को लाभकारी बताया। उन्होंने बताया इससे जनता को बचत होगी जिससे उनकी क्रय क्षमता बढ़ेगी जिसका सकारात्मक हो बाजार पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने जीएसटी की विसंगतियों को और सरल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने कहा व्यापारियों को स्लैब में परिवर्तन से सीधा लाभ नहीं मिलता है। सरकार को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि व्यापारी जीएसटी की लिखा पड़ी में कम उलझे संगठन के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वर्गेश मिश्रा ने पेंट उद्योग को भी 18% से हटाकर 5% के स्लैब में किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने कहा पेंट उद्योग को कोई लाभ नहीं मिला संगठन के ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ने जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी हटाने का स्वागत किया ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम एसी एवं टीवी पर 28%से 18% का स्लैब किए जाने का स्वागत किया अयोध्या रोड के उपाध्यक्ष एवं चश्मा व्यापारी राजेश गुप्ता ने चश्मे को 12% के स्थान पर 5% किए जाने का स्वागत किया लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा चश्मा मेडिकल से सम्बंधित है। तथा अनिवार्य आवश्यकता है अतः इस पर भी जीएसटी पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए ।

# नाबालिग से दरिंदगी, वीडियो वायरल और फरारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। महिला और बच्चियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों पर लखनऊ पुलिस ने बड़ा वार किया है। दुबग्गा थाना पुलिस ने आखिरकार उस कुख्यात आरोपी अबुजर पुत्र मंज़ल को गिरफ्तार कर लिय। जिस पर नाबालिग बच्ची बलात्कार वा छेड़छाड़। जान से मारने की धमकी और अश्लील वीडियो वायरल करने जैसे जघन्य आरोप हैं। आरोपी पर 10 हज़ार का इनाम घोषित था।

क्या है पूरा मामला

15 जून 25 को आसिफ नगर निवासी पीड़िता के परिवार ने थाने में तहरीर दी थी कि आरोपी अबुजर ने उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ न सिर्फ छेड़छाड़ की, बल्कि धमकी देते हुए उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर दी। मामला दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई। लेकिन आरोपी फरार होकर महीनों तक बचता रहा।



फरार रहते बना रहा नेटवर्क

अबुजर सिर्फ अकेले नहीं था। उसके कई साथी भी उसे शरण और सहयोग दे रहे थे। सूत्रों के अनुसार, फरारी के दौरान उसने लखनऊ से लेकर बिहार तक पनाहगाह बनाए रखे। यह नेटवर्क अब पुलिस की निगाह में है और जल्द ही इसके अन्य सदस्य भी सलाखों के पीछे होंगे।

पुलिस की कार्यवाही

आज बृहस्पतिवार सुबह करीब 5:30 बजे दुबग्गा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अबुजर को धर दबोचा। अभियुक्त को पकड़ने के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उसके खिलाफ पहले से ही भादंवि की धाराएँ 65(1)/351(3)/249(ख), पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

जनता की नाराज़गी और सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतने संगीन आरोपों के बावजूद आरोपी महीनों तक खुलेआम घूमता रहा। साफ है कि उसे छुपाने और बचाने में कुछ लोग मदद कर रहे थे। अब लोगों की मांग है कि पुलिस केवल अबुजर ही नहीं बल्कि उसके पूरे गैंग पर भी शिकंजा कसने की आवश्यकता है।

# सिसेंडी में गणपति विसर्जन, श्रद्धा और उल्लास का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ । मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में गणपति बप्पा के विसर्जन समारोह में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों की थाप और ल्लगणपति बप्पा मोरयाङ्क के जयकारों के बीच बप्पा की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूरा वातावरण भजन-कीर्तन, गुलाल और उल्लास से भक्तिमय हो उठा। कई वर्षों से सिसेंडी में गणेश प्रतिमा स्थापना और विसर्जन की परंपरा चली आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूरे गांव में एकजुटता और ऊर्जा का संदेश भी देता है। विसर्जन यात्रा सिसेंडी गांव से निकलकर जबरेला नदी (सई नदी) के तट तक पहुंची, जहां बड़ी धूमधाम और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बप्पा को विदा किया गया। इस दौरान



सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पीएसी की एक कंपनी, कोतवाली पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद रहे। मोहनलालगंज कोतवाल डी.के. ठाकुर ने बताया कि विसर्जन यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह उमड़ा। यह आयोजन गांव की आस्था, संस्कृति और सामूहिकता का प्रतीक है। विसर्जन यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों और व्यापारियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, शरबत और प्रसाद की व्यवस्था की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ बप्पा को विदाई दी, वहीं बच्चे आतिशबाज़ी और गुलाल उड़ाते नाचते-गाते नजर आए। श्रद्धालुओं ने गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करते हुए गणपति बप्पा से अगले बरस फिर आने का आह्वान किया।

# गुरु ही विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है : विकास पटेल

**बलसिंह खेड़ा गांव स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर विकास पटेल ने किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के बल सिंह खेड़ा गांव स्थित प्राथमिक एवं बेसिक विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर व्यापार मंच (अपना दल एस) के जिलाध्यक्ष विकास पटेल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाले शिक्षकों में बलसिंह खेड़ा स्थित बेसिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक अंजू रानी , शिक्षिका समा सचान , उर्वी त्रिपाठी , सविता पाल, ललिता देवी , शिक्षक सुरेश कुमार,



कमलेश कुमार वहीं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा, सहायक अध्यापक वंदना यादव, विश्वेश्वर समेत भोला सिंह को डायरी कलम व अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें सम्मानित किया साथ में छात्र-छात्राओं के लिए मिष्ठान की व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर व्यापार मंच (अपना दल एस) के जिलाध्यक्ष विकास पटेल ने कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं , प्राथमिक शिक्षकों की तुलना इमारत की नींव से करते हुए कहा कि अगर न्यू मजबूत नहीं होगी तो पूरी इमारत कमजोर हो जाएगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान फूलचंद , अनंत वर्मा, सर्वेश वर्मा, श्याम जी, विजय, अरुण, राममिलन , महादेव , अनुज , रमाकांत, अमित , सुमित आदि लोग मौजूद रहे।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कार्यों को अपनी कार्य योजना में प्राथमिकता प्रदान करें : ओमप्रकाश राजभर

लखनऊ। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत आज पंचायतीराज निदेशालय लोहिया भवन में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ बोर्ड हज ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में वर्षा जल संचयन, पेयजल एवं स्वच्छता पर सम्बंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पंचायती राज मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल एवं भू-गर्भ जल आदि के कार्यों का सम्पादन किया जाना नितान्त आवश्यक है। जैसा कि आप सबको ज्ञात है कि पेयजल के सम्बन्ध में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जा रहे हैं, जिस कारण जिला पंचायतों को इस धनराशि के अन्तर्गत अन्य कार्य कराये जाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों को सीमित धनराशि प्राप्त होती है, जिसके कारण स्वच्छता के सम्बन्ध में ग्राम पंचायतों के स्तर से अधिकांश कार्य कराये जाने सम्भव नहीं हो पाते हैं।

# निगोहां : भद्दी सिर्ष गांव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के भद्दी सिर्ष गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान भद्दी खेड़ा निवासी शिव लाल के बेटे पवन (30) के रूप में हुई । पिता शिवलाल ने बताया कि पवन बीते बुधवार की रात करीब 10 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह मवेशियों को चारा देने खेत जा रहा है। जब वह सुबह तक घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन में निकले। खेत पहुंचने पर देखा कि आम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर पवन का शव लटक रहा है। यह देख परिवारजन और ग्रामीण स्तब्ध रह गए। परिजनों ने मामले में किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मृतक नशे का आदी था और शराब पीने को लेकर आए दिन घर में विवाद



होता रहता था। बुधवार को भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के बाद पवन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पवन परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। उसके दो छोटे भाई रामशंकर और रमन हैं। वह मजदूरी करने के साथ-साथ खेतों की बटाई पर काम करता था। घर में बूढ़े माता-पिता के अलावा पत्नी शोभावती, बेटा विवेक और बेटी अन्नू उर्फ राधिका है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में गुरुवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा एवं उप प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के बच्चों ने अपने-अपने कक्षाओं को झालर, गुब्बारों व रंग-बिरंगी डिजाइनों से आकर्षक ढंग से सजाया था।प्रधानाचार्य शिक्षकों संग रिबन काटकर कक्षाओं में प्रवेश किया। करतल ध्वनि के बीच मोमबत्ती जलाकर केक काटा गया और सभी को मिष्ठान्न वितरण किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक



दिवस के महत्व एवं डॉ. राधाकृष्णन के शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर अपने विचार साझा किए। प्रधानाचार्य ने बच्चों से कहा कि यदि विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगन से पढ़ाई करें और जीवन में सफल हों, तो यही शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान होता है। शिक्षक और माता-पिता अपने शिष्यों व संतानों को स्वयं से ऊँचे पद पर देखकर हर्षित होते हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कक्षा 12 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और शिक्षकों को समर्पित गीत प्रस्तुत किए। कक्षा 10 (ए) की छात्रा प्रतिमा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया, वहीं कक्षा 10 (बी) की छात्राओं अनीता व आनंदी ने शिक्षक गीत गाकर समां बांध दिया । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा, पूर्व शिक्षक जेपी वर्मा, शंभू दत्त सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, बीकेटी, लखनऊ में आयोजित हुआ शिक्षक दिवस समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में शानदार तरीके से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया-जिसमें एस.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एवम् फार्मेसी,एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल और एस.एस. पब्लिक स्कूल का स्टाफ एकत्रित था,संस्थापक चेयरमैन अनिल सिंह चौहान और चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस अवसर पर एस.एस.पब्लिक.स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सी.के.शर्मा और एस.एस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय समारोह में उपस्थित थी।सर्वप्रथम, संस्थापक चेयरमैन अनिल सिंह चौहान और चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित हुआ और सरस्वती माता एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर



माल्यार्पण किया।उसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की बौछार रही।जिसमें नृत्य,नाटक और संगीत शामिल था। तत्पश्चात संस्थापक और चेयरमैन द्वारा शिक्षक दिवस पर अनमोल प्रेरक विचारो एवं वचनों से विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया एवं सभी शिक्षकों कों उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।शिक्षकों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया और जिसने माहौल को और खुशनुमा बना दिया जैसे गीत-संगीत,नृत्य,रैंप वॉक और कवि सम्मेलन इस अवसर पर एस.एस.पब्लिक.स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सी.के.शर्मा ने भी अपने विचार भी व्यक्त किये। प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सीआईएसएच ने 42वें स्थापना वर्ष पर अपनी नई डिजिटल वेबसाइट बाग स्वास्थ्य कार्ड का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच), रह्मानखेड़ा, काकोरी ने बुधवार को अपना 42वां स्थापना दिवस मनाया।जो 1972 में स्वर्गीय पद्मश्री डॉ केएल चड्ढा के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय आम अनुसंधान केंद्र के रूप में अपनी स्थापना की स्मृति में था।भारतीय बागवानी में उनके महान योगदान के सम्मान में उनकी एक प्रतिमा का अनावरण आईसीएआर,नई दिल्ली के उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) प्रो. एसके सिंह ने किया।उनकी चिरस्थायी विरासत के सम्मान में संस्थान स्थापित सभागार को भी उनके नाम पर डॉ. केएल चड्ढा सभागार के रूप में समर्पित किया गया।

उद्घाटन भाषण में प्रो. एसके सिंह ने भारतीय बागवानी को आकार देने में डॉ. चड्ढा की अग्रणी भूमिका पर विचार व्यक्त किये और संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की।उन्होंने उन्नत किस्मों के विकास,समुद्री मार्ग से आम निर्यात प्रोटोकॉल,डिजिटल बाग स्वास्थ्य कार्ड,स्मार्ट बाग प्रबंधन और कटाई-पश्चात प्रौद्योगिकियों में हुई प्रगति



की सराहना की।उन्होंने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए बहु-वस्तु क्लस्टर,नवीन पोषण उत्पादों के विकास,शून्य-अपशिष्ट बागवानी,फल फसलों के विविधीकरण और पोषक तत्व-कुशल उत्पादन प्रणालियों की आवश्यकता पर भी बल दिया। डॉ. वीबी पटेल अतिरिक्त महानिदेशक (फल एवं बागान फसलें) ने जलवायु परिवर्तन और अन्य उभरते मुद्दों के विरुद्ध भारत के फल क्षेत्र को मज़बूत बनाने के लिए जलवायु-अनुकूल किस्मों के प्रजनन और स्मार्ट बाग प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर ज़ोर दिया।स्वर्गीय डॉ. केएल चड्ढा के पुत्र मोहित चड्ढा ने एक निजी टिप्पणी करते हुए अपनी हार्दिक यादें साझा कीं और अपने पिता की विरासत का सम्मान करने के लिए संस्थान के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। आईसीएआर-सीआईएसएच के निदेशक डॉ. टी. दामोदरन ने संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों और तकनीकी हस्तक्षेपों पर प्रस्तुति दी।जिनमें केंद्रीय किस्म विमोचन समिति द्वारा आम,अमरूद,बेल और परवल की नई किस्मों का विमोचन,कैनोपी प्रबंधन के माध्यम से तकनीकी रूप से ग्रहणशील आम के बागों का विकास,डिजिटल बाग प्रबंधन में नवाचार,आम के लिए समुद्री मार्ग निर्यात प्रोटोकॉल, अच्छी कृषि पद्धतियों (जीएपी) को बढ़ावा,विल्ट प्रबंधन में प्रगति और कटाई के बाद के अनुसंधान में उपलब्धियाँ शामिल हैं। इस समारोह में सीआईएसएच की नई वेबसाइट का शुभारंभ डिजिटल बाग स्वास्थ्य कार्ड का विमोचन और अमरूद,बेल और आंवला पर पुस्तकों सहित प्रकाशनों के साथ-साथ सीआईएसएच प्रौद्योगिकियों,मूल्य संवर्धन और आम व अमरूद की उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर तकनीकी फ़ोल्डर भी जारी किए गए।इसके अलावा,स्नातकोत्तर शिक्षा में सहयोग को बढ़ावा देने, फल उत्पादन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग और संस्थान द्वारा विकसित किस्मों के लाइसेंसिंग के लिए कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए,जिससे अनुसंधान,प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और मूल्य श्रृंखला विकास को मजबूती मिली।कार्यक्रम में डॉ आरसी श्रीवास्तव पूर्व कुलपति आरपीसीएयू,डॉ वीके मिश्र पूर्व निदेशक आईसीएआर (पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र), आईसीएआर निदेशकगण और राज्य के अधिकारीगण उपस्थित थे।वैज्ञानिकों,कृषि विज्ञान केंद्र,सीआईएसएच के पूर्व निदेशक डॉ एस राजन,सुनीता गुप्ता मुम्बई,उपेन्द्र कुमार सिंह सहित सीआईएसएच के कर्मचारियों,किसानों और छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।साथ ही सामूहिक रूप से स्थायी बागवानी को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के विजन में योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# हर बच्चा पढ़े, हर बच्चा सीखे शिक्षिका मीना दुबे का संकल्प

## सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय गंगापुर विकासखंड सिधौली, सीतापुर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षिका मीना दुबे ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के वाहक ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माता होते हैं। बचपन जीवन की वह आधारशिला है, जिस पर पूरे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। प्राथमिक शिक्षा उसी नींव का सबसे महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बच्चे भाषा, गणित, तर्कशक्ति, सामाजिक व्यवहार और नैतिक मूल्यों की पहली शिक्षा प्राप्त करते हैं। यदि इस स्तर पर शिक्षा सशक्त होगी, तो भविष्य में एक आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पित नागरिक तैयार होंगे।

शिक्षिका मीना दुबे का मानना है कि एक सशक्त समाज और प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला बच्चों की मजबूत शिक्षा ही है। शिक्षकों और अभिभावकों का यह साझा दायित्व है कि वे बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें सृजनशीलता, नेतृत्व क्षमता और मानवीय मूल्य विकसित करें। यही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि बचपन की शिक्षा एक बीज की तरह है। यदि उसे समय पर उचित देखभाल, पोषण और मार्गदर्शन मिले तो वह एक विशाल, सशक्त और छायादार वृक्ष बन सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा देगा। शिक्षक दिवस के इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि ल्हर बच्चा पढ़े, हर बच्चा सीखे और आत्मविश्वास के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़े।ङ्क यही शिक्षक दिवस की सच्ची सार्थकता और राष्ट्र निर्माण की राह है।



## ट्रैक्टर पर सवार होकर एडीएम पहुँचे बाढ़ग्रस्त गांव, बांटीं राहत किटें

लखीमपुर खीरी। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण और राहत कार्य जारी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील धौरहरा के ग्राम लुधौनी और मड़वा का दौरा किया। बाढ़ग्रस्त और दुर्गम मार्गों से होते हुए एडीएम स्वयं ट्रैक्टर से गांव पहुँचे। उनके साथ एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि भी मौजूद रहे। अधिकारियों को देख ग्रामीणों ने चैन की सांस ली। मौके पर एडीएम व एसडीएम ने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर हालचाल जाना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान डीएम की पहल पर सीएसआर फंड से तैयार की गई विशेष बाढ़ राहत किट का वितरण किया गया। इसमें छाता, मच्छरदानी, टॉर्च, पानी की बोतल और सेनेटरी नैपकीन जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी।

## 12 घंटे बंद रहा रेलवे क्रासिंग का गेट लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ततरोई नैमिषारण्य। मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को रेलवे क्रासिंग का फाटक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक बंद रहा नैमिष आने के मुख्य मार्ग पर स्थित क्रासिंग के बंद होने से श्रद्धालुओ व राहगीरो को परेशानी हुई कुड श्रद्धाल वापस लौट गए तो कुछ बाईपास से लंबा चक्कर लगातार किसी तरह नैमिष पहुंचे दरअसल हरदोई और सीतापुर की ओर से नैमिषारण्य आने वाले श्रद्धालुओ व राहगीरो के लिए यही एकमात्र मार्ग है प्रत्यक्षदशियो के अनुसार कई श्रद्धालु काफी देर तक इंतजार करने के बाद रेलवे क्रासिंग से वापस लौट गए जिन श्रद्धालुओ को रास्ता पता था वह अटवा के पास बने बाईपास से होकर बीबीपुर मार्ग होते नैमिषारण्य पहुंचे हालाकि इससे उनको लंबा चक्कर काटना पडा हरदोई निवासी श्रद्धालु सुनील रस्तोगी ने बताया कि रेलवे विभाग की ओर से कम से कम दो दिन पहले क्रासिंग पर इस जानकारी का बोर्ड अथवा बैनर लगाना चाहिए था इससे लोगो को जानकारी हो जाती तो इधर से नही आते समस्या का सामना नही करना श्रद्धालु रामविजय ने बताया कि कई लोग अपने वाहन क्रासिंग के उस पार खडाकर ई रिक्शे से दर्शन करने नैमिष गए रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण जरुरी नैमिषारण्य मे रोजना दर्शन पूजन के लिए हजारो श्रद्धालु आते है मुख्य मार्ग पर बनी रेलवे क्रासिंग का गेट ट्रेन आने के समय बंद होने का इंतजार करना पड़ता है जिससे वाहनो की लंबी कतारे लग जाती है यह जाम का कारण बनती है नैमिष के प्रदीप दीक्षित ने कहा कि सरकार को इस रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराना चाहिए इसकी आवश्यकता भी है।

## सीतापुर में 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान: 67 चालान, गुलाब देकर बढ़ाई जागरूकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। परिवहन विभाग, सीतापुर द्वारा मा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन श्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर चलाये जा रहे है नो हेलमेट, नो फ्यूल के विशेष अभियान के तहत चौथे दिन चेकिंग अभियान के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम जारी रहा। एआरटीओ (प्नशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की दो टीमों ने पेट्रोल पम्पो पर जाकर बाईक सवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि गुरूवार को सीतापुर नगर के पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल का अभियान चलाया गया जिसके तहत 67 बाईक सवारों के चालान भी किये गये उन्होने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 297 बाईक सवारों के - चालान काटे जा चुके हैं जबकि 179 से अधिक बाईक सवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौथे दिव्स अभियान के दौरान कई स्कूली बच्चे,/ नवयुवक बिना हेलमेट के फर्राटा भरते मिलें। जिन्हें गुलाब देकर गॉधीगिरी के माध्यम से हेलमेट लगाने के फायदे और हेलमेट न लगाने के नुकसान बताये गये। उन्होने कहा कि हेलमेट न लगाने के चलते हादसा होने की दशा में बाईक सवार की जान को बचाना मुश्किल होता है। ज्यादातर सड़क हादसों में बाईक सवार की मौत का प्रमुख कारण सिर की चोट होता है। उन्होने स्कूली बच्चों के अभिभावकों से फोन पर बात कर यातायात नियमों के पालन की अपील की। साथ ही बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी न चलाने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि बच्चे देश का भविष्य है इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है। यातायात नियमों का पालन कर सड़क हदसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने` सभी का सहयोग अपेक्षित है। हेलमेट का चालान एक हजार रूपये का होता है एक हेलमेट बाईक सवार को हमेशा चालान व जीवन को बचाने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने का भी सूचक होता है। अभियान के दौरान यात्री / मालकर अधिकारी एम0ए0 अहमद व प्रवर्तन आरक्षी भी मौजूद रहे।

## ततरोई मे मलेरिया व टायफाइड के 20 से अधिक मरीज

नैमिषारण्य सीतापुर। बारिश व जलभराव के कारण जिलेभर मे मलेरिया व टायफाइड के मरीजो के मिलने का क्रम जारी है बुधवार को ग्राम पंचायत ततरोई मे 20 से अधिक मलेरिया व टायफाइड मरीज है जांच भी कराया गया परन्तु कोई मरीज ठीक नही है करीब आठ नौ दिन से बुखार आ रहा है मिश्रिख मे जांच कराने पर मलेरिया की पुष्टि हुई थी वही उर्मिला के पति ब्रजेश उनकी बेटी शिवानी मलेरिया व टायफाइड से पीड़ित है मिश्रिख की ग्राम पंचायत ततरोई मे मलेरिया व टायफाइड 20 से ज्यादा मरीज घरो पर चल रहा इलाज नही मिल रहा आराम इतना सब होने के बाद भी अब तक स्वास्थ्य विभाग की टीमे सम्बन्धित गांवो मे नही पहुंची चिकित्सको से उपचार करा रहे है ततरोई मे बुधवार को 15 वर्ष सूरज मलेरिया व टायफाइड से परेशान जैसे कि मलेरिया व टायफाइड बुखार से परेशान लोग उर्मिला शिवानी सुजित अमन सूरज विनय सोनेश्री प्रभास सर्वेश अन्नू नैमिष ततरोई मे बुखार प्रकोप है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया ड्रिप सिंचाई प्रक्षेत्र का निरीक्षण, किसानों


कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद के ग्राम-देवगनपुर, विकास खण्ड-ऐलिया के कृषक श्री विकास वर्मा के प्रक्षेत्र पर उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ड्रिप सिंचाई संयंत्र से सब्जी की खेती का व ग्राम-इमलिया सुल्तानपुर विकास खण्ड-ऐलिया के कृषक श्री रोहित सिंह के प्रक्षेत्र पर ड्रिप सिंचाई विधि से औद्यानिक फसलें यथा ड्रैगन फ्रूट, केला आदि का निरीक्षण कर उद्यान विभाग द्वारा कराये गये कार्यों की सराहना की गयी। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि (गन्ना, गेंहू, सरसों आदि)/औद्यानिक (शाक भाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोगरहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिप/स्प्रिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल 2012 हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। इसके जरिए सिंचाई करने पर भू गर्भ जल की बचत होगी। ड्रिप/स्प्रिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानों को 90 व सामान्य किसान को 80 फीसद अनुदान दिया जाएगा साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में उद्यान विभाग से संचालित योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करते हुये कृषकों को लाभान्वित किया जाये।

## भीषण बाढ़ में शारदा नदी के उस पार फंसे ग्रामीण, रेस्क्यू में जुटी खमरिया पुलिस और एनडीआरएफ टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (लखीमपुर खीरी)। जिले के धौरहरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत समदहा गांव के पास शारदा नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण कई ग्रामीण नदी के दूसरे छोर पर फंसे हुए हैं। लगातार बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव की वजह से लोगों का आना-जाना पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

स्थानीय प्रशासन को जैसे ही इस आपदा की सूचना मिली, खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राजस्व विभाग को जानकारी दी और रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीम को बुलाया गया।

उप निरीक्षक रामशेष यादव और उनकी टीम एनडीआरएफ के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में न जाएं और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें। अधिकारियों के अनुसार, रेस्क्यू ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा जब तक सभी प्रभावित लोग सुरक्षित नहीं निकाल लिए जाते। मौके पर चिकित्सकीय सहायता, राशन सामग्री और राहत कैंप की व्यवस्था भी की जा रही है।

## गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालय नियमित खुलने चाहिये : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (फ़ेज-टू) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सबसे पहले व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं धनराशि हस्तांतरण की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने आरआरसी सेंटर निर्माण की जानकारी ली। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद की छह सौ बयासी ग्राम पंचायतों में से छह सौ चौंतीस ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि छियालिस ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों की नियमित सफाई पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी एवं जलभराव की समस्या आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है इसलिये सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से सफाई सुनिश्चित कराई जाय।

ढसामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में इन शौचालयों पर ताला न हो। उन्होंने इनके नियमित रखरखाव, सफाई एवं संचालन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित अन्य योजनाओं बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना की गतिविधियों की वर्तमान स्थिति पर भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनउपयोगी बनाने के निर्देश दिये।

## तिरपाल के घेरे में हुआ सुरक्षित प्रसव, प्रशासन की त्वरित मदद से खुशहाल हुआ परिवार



निघासन खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे परिवारों के बीच गुरुवार को प्रशासन की त्वरित मदद एक बड़ी राहत बनकर सामने आई। तहसील निघासन क्षेत्र के ग्रंट नंबर-12 के गांव में गर्भवती महिला शीला को अचानक प्रसव पीड़ा हुई, लेकिन चारों ओर फैले बाढ़ के पानी के चलते उनका घर पूरी तरह से घिरा हुआ था। आवागमन के सभी रास्ते बंद होने पर परिवार ने प्रशासन से आपात मदद की गुहार लगाई।
सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। क्षेत्रीय लेखपाल श्याम नंदन मिश्र ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शीला को चारपाई पर लिटाकर ट्राली पर बैठाया गया और सुरक्षित स्थान की ओर निकले। लेकिन बंधे तक पहुँचने से पहले ही महिला की पीड़ा असहनीय हो गई। उस नाजुक घड़ी में तिरपाल और कपड़ों से अस्थायी घेरा बनाकर मौके पर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। शीला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। नवजात की किलकारी सुनते ही परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से खुशी के आंसू झलक पड़े। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को बंधे तक ले जाया गया और वहां से एंबुलेंस द्वारा सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद मां और बच्चे को पूरी तरह सुरक्षित बताया और टीकाकरण भी किया। इस बीच एसडीएम निघासन राजीव कुमार निगम भी अस्पताल पहुंचे और परिवार को बधाई दी। ग्रामीणों ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। प्रसूता के पति संजय निषाद ने भावुक होकर कहा— बाढ़ के बीच हम पूरी तरह निराश हो गए थे, लगा था अनहोनी हो जाएगी। लेकिन प्रशासन ने जिस तरह तुरंत मदद की, उसने हमारे परिवार को नई जिंदगी दी। हम यह उपकार कभी नहीं भूल पाएंगे।

## सिटी स्टेशन के करीब प्लाट पर खड़ी कार से बैटरी व चारों टायर चोरी

सीतापुर(ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बीती रात चोरों ने सिटी स्टेशन के निकट मरकज़ की ज़मीन पर खड़ी एक कार को निशाना बनाते हुए उसकी बैटरी और चारों टायर उड़ा लिए। घटना की जानकारी सुबह होने पर इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार, मिर्दही टोला निवासी मोहम्मद शरीफ़ पुत्र रफ़ीक अहमद की फोर्ड फिगो कार (ठप्३2 क्ख्र 9790) रात में मरकज़ की ज़मीन पर पार्क की गई थी। सुबह जब वह कार लेने पहुंचे तो देखा कि कार ज़मीन पर ईंटों के सहारे खड़ी थी और बैटरी समेत चारों टायर गायब थे। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों का कहना है कि इलाके में पुलिस गश्त न के बराबर है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। मोहल्ले के निवासी इमरान ने बताया कि ल्पिछले कुछ महीनों से छोटी-बड़ी चोरियों की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे आम जनता में डर और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। वहीं एक अन्य निवासी संजीव ने कहा कि अगर पुलिस गश्त नियमित होती तो चोर इस तरह खुलेआम चोरी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। पीड़ित मोहम्मद शरीफ़ ने कोतवाली सदर में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी कर चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।

## बिना कार्य स्पष्टीकरण के चहेती फर्मों पर हो रहा लाखों का भुगतान

कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत पंचायत सचिव अभय प्रताप दीपक की प्रभारी ग्राम पंचायतों में अपनी चहेती फर्म एस एस कॉन्टैक्टर पर लाखों का भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। ऑनलाइन पोर्टल पर बिना कार्य स्पष्टीकरण के लाखों के भुगतान देखे जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में भी अनियमितता बरती जाती है। सूत्रों का दावा है। सचिव साहब आए दिन अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहते हैं। जब कोई भी फरियादी विकासखंड पहुंचता है।

## एसडीएम पलिया की पहल से खिले बाढ़ पीड़ितों के चेहरे, 350 परिवारों को मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। जिले के पलिया तहसील क्षेत्र में बाढ़ से बेहाल ग्रामीणों के लिए अब प्रशासन उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। गुरुवार को एसडीएम पलिया डॉ. अवनीश कुमार ने तहसील प्रशासन की टीम के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया और जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। सूत्रों के अनुसार, कुल 350 बाढ़ग्रस्त परिवारों को राहत किट प्रदान की गई। इसमें आवश्यक खाद्यान्न व उपयोगी सामग्री शामिल रही। राहत वितरण की यह कार्रवाई ग्राम शाहपुर, टॉपरपुरवा, कुंवरपुर, नारायणपुर सहित कई प्रभावित गांवों में की गई।

राहत सामग्री पाकर पीड़ितों के चेहरों पर संतोष और राहत की मुस्कान देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनकी आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई थी और प्रशासनिक कदम से उन्हें बहुत सहारा मिला है। इस मौके पर एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की हर संभव मदद प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाएगी*। उन्होंने राहत शिविरों और अस्थायी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को लगातार क्षेत्र पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हाल के दिनों में पलिया तहसील इलाके के कई गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं, जिससे ग्रामीण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस बीच प्रशासन की पहल ने प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत दी है।

## रोडवेज बस अड्डे का हाल बेहाल, यात्री प्रतीक्षालय बना पार्किंग स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहर का रोडवेज बस अड्डा, जो आम जनता की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया था, अब यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। यात्रियों की सुविधा और आराम के लिए बना प्रतीक्षालय आजकल वाहनों की अवैध पार्किंग का अड्डा बन चुका है। जहां यात्रियों को बैठकर चैन से अपनी बसों का इंतजार करना चाहिए था, वहीं अब अलग-अलग गाड़ियां खड़ी दिखाई देती हैं। चारों ओर वाहनों की भीड़ इतनी रहती है कि पैदल यात्री भी वहां से निकलते वक्त परेशान हो जाते हैं। गाड़ियों की लगातार आवाजाही और शोर-शराबे के बीच यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय का उपयोग करना लगभग असंभव हो गया है। हालात ये हैं कि लोग धूप, बरसात और गर्मी में खुले आसमान के नीचे बसों के आने का इंतजार करने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि यह सब जिम्मेदार अधिकारियों की शिथिलता और लापरवाही का नतीजा है। इस स्थिति से ग्रामीण इलाकों से रोजाना आने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। लंबे सफर के बाद यात्री प्रतीक्षालय में आराम करने पहुंचते हैं, लेकिन वाहनों के जमावड़े के कारण बैठने की जगह तक नहीं मिलती। इससे बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ आने वाले परिवारों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। नाराज यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतीक्षालय को तुरंत अवैध पार्किंग से मुक्त कराया जाए और यात्रियों की मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं। सवाल यह है कि जो जगह यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई थी, वह आखिर कैसे लापरवाही और अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई? क्या प्रशासन इस ओर ध्यान देगा या यात्रियों की मुश्किलें यूं ही बढ़ती जाएंगी?

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान तेज

सुल्तानपुर। नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान के तहत 4 पेट्रोल पंप मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य के अनुसार, यह अभियान 1 से 30 सितंबर तक चलेगा।


## सूचना

ईद मिलाद उन नबी, सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के शुभ अवसर पर मो0 अय्यूब कुरैशी समाजसेवी हमारा पम्प गौसिया सहरीसराय लहरपुर रोड बिसवां।

# डीएम एवं एसएसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

## 6 एवं 07 सितम्बर को होगी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 का आयोजन जनपद बदायूँ में दिनांक 06 एवं 07 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा में लगभग 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश सिंह के साथ डीपॉल स्कूल, एसके इण्टर कॉलेज व एन0एम0एस0एन0 दास पीजी कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश, स्वास्थ्य सुविधा एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा अभ्यर्थियों के सामान रखने के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस अड्डों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि यात्रा के दौरान अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो तथा स्टेशन पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से लगातार जानकारी उपलब्ध कराई जाए। स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है, वहीं जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आपात स्थिति हेतु विशेष तैयारियाँ रखने को कहा गया है।विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए तथा जल संस्थान को सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत किया गया है। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और शांति बनाए रखने हेतु पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है। यातायात पुलिस को अभ्यर्थियों के आगमन और वापसी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 25,000 से अधिक अभ्यर्थियों की आमद अन्य जनपदों से होने की संभावना है, जिसके दृष्टिगत आवास, यातायात और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुँचें और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा अन्य प्रतिबन्धित सामग्री लाना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।जनपद के जिन परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न होगी, उनमें बीआरबी मॉडल इण्टर कॉलेज, ब्लूमिंगडेल स्कूल, डीपॉल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, फ्लोरेंस नाइटिंगल स्कूल, गिंदो देवी महिला महाविद्यालय, एचपी इंटरनेशनल स्कूल, हा0सि0 इस्लामियां इण्टर कॉलेज, केदारनाथ महिला इण्टर कॉलेज, लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, महार्षि विद्या मंदिर, मदर ऐथेना स्कूल, एन0एम0एस0एन0 दास पीजी कॉलेज (ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी), नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज, पी0एम0 श्री राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कॉलेज, राजाराम महिला इण्टर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज (ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी), सिंगलर गर्ल्स इण्टर कॉलेज, टिथोनस इण्टरनेशनल स्कूल एवं जीलॉट पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

## थाने के गेट पर रीलबाजी करने वाले युवक गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

संभल। थाना हयातनगर के गेट पर फिल्माई गई रील युवकों को भारी पड़ गई। सोशल मीडिया पर 'एक खटोला जेल के अंदर, एक खटोला जेल के बाहर३' गाने पर बनाई गई यह रील वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। थाने के सामने ही डांस और हुड़दंग मचाने का यह मामला सामने आने पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई युवकों पर शिकंजा कस दिया।वीडियो वायरल होते ही मामले की शिकायतें भी पुलिस तक पहुंचीं। इस पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि रील बनाने में शिवा गौतम, दिवेश, श्रेष्ठ, आशीष, नितिन, विनीत, शरद और मुकुल शामिल थे। इनके अलावा तीनऽचार अज्ञात युवक भी वीडियो में दिखाई दिए।थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब तक पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि थाने के सामने कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 8 सितम्बर को जनपद में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बदायूँ। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 06 व 07 सितम्बर 2025 को जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा(पीईटी)-2025 का आयोजन होगा। इसको दृष्टिगत रखते हुए 08 सितम्बर को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील दातागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

## खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का वी0टी0एस0 पंजीकरण अनिवार्य

बदायूँ। खान अधिकारी बी0बी0 प्रसाद ने जानकारी देते बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में खनिज एवं उपखनिजों के परिवहन में संलग्न सभी वाहनों का पंजीकरण राजकीय वेबसाइट नचउपदमउपजतंण्पद पोर्टल पर अनिवार्य रूप से किया जाना है। खान अधिकारी बदायूँ ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अभी तक पंजीकरण नहीं कराया गया है, वे शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें ताकि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में यह कार्य संपन्न हो सके। खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वाहन स्वामियों को पंजीकरण कार्य में किसी प्रकार की समस्या होने पर दूरभाष संख्या 7400404018 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त सीधे जनपद के खान अधिकारी के दूरभाष संख्या 8887534784 पर भी जानकारी और सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु वाहन स्वामियों को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिनमें वाहन की आरसी कॉपी, स्वामी का पता प्रमाण, पहचान पत्र, वाहन का परमिट, जीएसटी नंबर, वाहन के आगे, पीछे तथा साइड से खींचे गए फोटोग्राफ और वाहन की फिटनेस संबंधी दस्तावेज सम्मिलित हैं। बिना इन अभिलेखों के पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकेगी। शासन की मंशा है कि खनिजों एवं उपखनिजों के परिवहन पर पूर्ण नियंत्रण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके, जिससे अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। खनिज अधिकारी ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपने वाहनों का पंजीकरण शीघ्र कराएं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से एक ओर जहां खनिज परिवहन प्रक्रिया को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाया जाएगा, वहीं दूसरी ओर खनिज राजस्व की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन है और इसे सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से पोर्टल पर समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खनिज विभाग के अधिकारी समय-समय पर वाहन स्वामियों को जागरूक करने के लिए अभियान भी संचालित कर रहे हैं। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से अपेक्षा की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण तत्काल कराकर विभागीय कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

## डीएम व एसएसपी ने बाढ़ प्रभावित गांव जामुनी का किया निरीक्षण

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को तहसील सहसवान के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गाँव जामुनी मोहन नगला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति तथा प्रभावित ग्रामीणों की आवश्यकताओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गाँव में किसी भी परिवार को भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधा अथवा अन्य आवश्यक सामग्री की कमी न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए तथा बाढ़ से घिरे हुए क्षेत्रों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, मेडिकल टीमों को गाँव-गाँव भेजने एवं साफ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देर्श दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाए ताकि राहत वितरण सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वे बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता में अग्रसर रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन शीघ्रता से करने तथा प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता एवं आवासीय सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी विभाग मिलजुलकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांव जामुनी का किया निरीक्षण

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को तहसील सहसवान के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गाँव जामुनी मोहन नगला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति तथा प्रभावित ग्रामीणों की आवश्यकताओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गाँव में किसी भी परिवार को भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधा अथवा अन्य आवश्यक सामग्री की कमी न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए तथा बाढ़ से घिरे हुए क्षेत्रों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, मेडिकल टीमों को गाँव-गाँव भेजने एवं साफ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता में अग्रसर रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन शीघ्रता से करने तथा प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता एवं आवासीय सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी ने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी विभाग मिलजुलकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## श्री गणेश मेला में आयोजित हुआ शतरंज प्रतियोगिता

संभल। श्री गणेश मेला चन्दौसी में स्व. शिशुपाल वार्ष्णेय एवं स्व.राजेन्द्र कुमार रज्जु जी की स्मृति में उनके पुत्र मनोज कुमार द्वारा प्रायोजित की जा रही शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम चक्र तथा द्वितीय चक्र के मैच कराए गए। आज अनेक मैच काफी रोमांचक व कशमकश भरे हुए। प्रथम चक्र के मैचों में शहाबुद्दीन ने शंकरलाल ,शिवम गौड़ ने सुमित पाल,चंद्रपाल सिंह ने वाहिद,सोनू ने अभिरल वार्ष्णेय,आशीष सागर ने सुनील कुमार लाट, धर्मेंद्र कुमार ने कौशल शर्मा, फरीस ने शाकिब,शिवनारायण ने अंकित कश्यप,दानिश ने मसरूर,व अश्वनी शर्मा ने प्रयास सिंह को हरा कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। दूसरे चक्र के मैचों में अंकित गुप्ता ने मेहर कठेरिया,परमार्थ ने अंशित,वेदांत पाठक ने माणिक कठेरिया,प्रातिभ ने लोकेश,करुणेश ने अनंत शंखधार, शुभ शर्मा ने दिव्यांश गुप्ता,चंद्रपाल ने आयुष,प्रिया सागर ने निश्चय वार्ष्णेय,वैभव ने सोनू को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया।प्रतियोगिता के दौरान मेला कमेटी के अनेक सदस्य डॉ राजीव कुमार,मनोज कुमार मीनू,ललित कुमार,प्रजीत लालू,सतेंद्र मामा,शशिकांत गुप्ता, लोजेन्द्र शर्मा,डॉ अनिल कुमार गुप्ता,अशवनी शर्मा, राजु बनर्जी,शुभम,राकेश वार्ष्णेय,तथा अनेक खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को दी है अनेकों सुविधाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, प्रदेश में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रदेश के लगभग 46 लाख गन्ना किसान परिवारों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना क्षेत्रफल एवं गन्ना उत्पादन में सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। गन्ना और चीनी उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में गन्ने की खेती और चीनी मिलों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस प्रकार चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, प्रदेश में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रदेश के लगभग 46 लाख गन्ना किसान परिवारों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गन्ना किसानों को ससमय गन्ना मूल्य का भुगतान कराया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा अब तक कुल रू0 2,88,795.78 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान गन्ना किसानों को कराया गया है। प्रदेश में पेराई सत्र 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अद्यतन गन्ना क्षेत्रफल 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। गन्ना क्षेत्रफल में 2016-17 के सापेक्ष 43.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पेराई सत्र 2016-17 में गन्ना उत्पादकता 72.38 टन प्रति हेक्टेयर था। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पेराई सत्र 2024-25 में 10.87 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि के साथ गन्ना उत्पादकता 83.25 टन प्रति हेक्टेयर हुई है।प्रदेश के विकास में चीनी उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ उससे जुड़े हितधारकों जैसे गन्ना किसान, गन्ना विकास समितियां और चीनी मिलों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए गन्ना विकास विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में गन्ना और चीनी उद्योग के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम संचालित किये गये है।स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट - कार्यक्रम के अन्तर्गत गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की स्मार्ट गन्ना किसान ै.ळ.ज्ञ ऐसी व्यवस्था है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त गन्ना किसानों को गन्ना सर्वेक्षण, बेसिक कोटा, बेसिक सट्टा, गन्ना कैलेंडरिंग, पर्चियों का निर्धारण एवं निर्गमन व गन्ना आपूर्ति की जानकारी एकीकृत एवं पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत घर बैठे एस.जी. के पोर्टल ूण्बंदमनचण्पद एवं ई-गन्ना एप के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध करायी जा रही हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में एक समान पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से विगत आठ वर्षों में गन्ना माफियाओं पर पूर्ण अंकुश लगा है, फलतः 4.30 लाख फर्जी सट्टे सिस्टम के द्वारा बन्द हुए तथा विगत सात वर्षों में 17.19 लाख नये गन्ना किसानों ने गन्ने की बुवाई कर गन्ना समितियों की सदस्यता ग्रहण की। तौल लिपिकों के पाक्षिक स्थानान्तरण में मनमानी, स्थानीय दबाव एवं घटतौली रोकने हेतु एस. जी. के. के माध्यम से ऑनलाईन लाटरी द्वारा तौल लिपिकों के पाक्षिक स्थानान्तरण किये जा रहे हैं।

# चौदह साल बाद विधवा को मिला पति का मृत्यु प्रमाण पत्र

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से टूटी इंतजार की घड़ी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल/चंदौसी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चंदौसी के अथक प्रयासों से एक विधवा महिला को 14 वर्षों बाद उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र मिल सका। यह मामला सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील था, जिसमें पीड़िता लंबे समय से सरकारी योजनाओं और विधिक लाभों से वंचित थी।ग्राम रुस्तमगढ़ निवासी बबली पत्नी स्व. अतलेश ने बताया कि उनके पति का निधन वर्ष 2011 में हो गया था, लेकिन प्रशासनिक अड़चनों और दस्तावेजी खामियों के कारण अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाया। इसके चलते उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, राशन कार्ड में नाम परिवर्तन समेत कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था।महिला ने मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौसी से सम्पर्क किया। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव आदित्य सिंह के निर्देशन में पराविधिक स्वयंसेवक अतुल कुमार ने लगातार प्रयास कर सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कराए और विभागों से समन्वय स्थापित किया।

आखिरकार 14 साल बाद मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो सका।यह मामला साबित करता है कि न्याय तक पहुंच केवल अदालतों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि विधिक सेवा संस्थाओं की मदद से भी संभव है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराकर उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा कर रहा है।

# गणेश चतुर्थी पर आयोजित हुआ भजन-पूजन नृत्य प्रतियोगिता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के सभी कलाकारों द्वारा साथ दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजन भजन नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें हमें अपनी संस्कृति धरोहर को कैसे बचाना है इन जीबी प्रतियोगिताओं को लेकर प्रतिदिन प्रति बच्चों को टास्क के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम की सभी व्यवस्था कलाकारों ने की जिसमें सभी कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया आज गणेश भगवान का चंदन वंदन के साथ विसर्जन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेनू जी पूजा जी गुंजन कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता राजपूत जी ने की नीता यादव अतिथि उपमावास में संस्कार भारती के सदस्य शैली वर्मा जी पूजा गुप्ता जी गुंजन वासने रेनू आदि लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे गणेश भगवान की प्रतिमा के आगे स्वागत नृत्य मिस्त्री राजपूत जी के द्वारा एवं पीहू वर्मा के द्वारा किया गया सात दिवसीय सभी कलाकारों नेआए हुए सभीअतिथियों का आभार प्रकट हाथ जोड़कर एवं निवेदन करके किया के आप सभी ने हमें इस कार्यक्रम में बहुत योगदान किया और हमारी कर्मियों को बताया और हमें बहुत ही अच्छा लगा कि हम अपनी संस्कृति से जुड़ रहे हैं और हमें विधि विधान से किस तरीके से हमें अपनी ईष्ट देवताओं को पूछना चाहिए एक बहुत ही अच्छी पहल हमारे उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के द्वारा की जा रही है जिसमें सभी बच्चों को भक्ति के भाव में भी हमें जोड़ना है इस अवसर पर उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की संचालिका ममता राजपूत रेनू वार्ष्णेय अंजली जी के द्वारा सभी बच्चों को उपहार दिया गया आए हुए मुख्य अतिथि और अतिथियों को गणेश भगवान की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर माही गुप्ता रजनी खुशी गौतम पीहू वर्मा खुशी वर्मा अथर्व संगीता शर्मा जी ममता कुमारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन को लाभ दिलाने के लिये अब सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयोजित होगा कैम्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा कैम्प में समस्त योजनाओं का आवेदन कराया जायेगा**

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं अन्य विभागों में दिव्यांगजन से सम्बन्धित योजनाओं का पात्र दिव्यांगजन को लाभ दिलाये जाने हेतु प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान में विशेष कैम्प आयोजित होंगे, जिससे दिव्यांगजन को छोटे-छोटे कार्यो हेतु अन्य कार्यालयों में जाना एवं भटकना न पड़ेगा। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न कार्यालयों के द्वारा कैम्प आयोजित होंगे-जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे- दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, एवं शल्य चिकित्सा आदि लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन कराये जायेंगे।जिला पूर्ति अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में राशन कार्ड से वंचित दिव्यांगजन के राशन कार्ड हेतु आवेदन कराये जायेंगे।मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, सम्भल द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सक द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किये जायेंगें तथा साथ ही साथ रेलवे रियायती प्रमाण-पत्र हेतु कार्य किया जायेगा।

परियोजना अधिकारी (डूडा) एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में पात्र दिव्यांगजन को आवास हेतु आवेदन कराये जायेंगे।जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन को रोजगार हेतु ऋण दिये जाने एवं इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में एन.पी.सी.आई. लिंक खाते खोले जायेंगे तथा दिव्यांगजन पूर्व चालू बैंक खातों में एन.पी.सी.आई. मैपिंग का कार्य किया जायेगा।जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन के आधार बनाये तथा आधार कार्ड में संशोधन किया जायेगा। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र दिव्यांगजन का ग्राम सभा की खुली बैठक का प्रस्ताव बनवाकार दिव्यांग पेंशन संस्तुति देंगे।जी.एम.डी.आई.सी, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में मा. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन का आवेदन करायेंगे तथा योजना का प्रचार-प्रसार करेंगे। अतः जिलाधिकारी सम्भल द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन के सशक्तीकरण और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सभी विभागों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, तथा जनपद स्तर पर दिव्यांगजन की समस्याओं को निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी।

# गंगा बाढ़ ले रही उफान, गांव में कटाव शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। गंगा में बाढ़ का पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे गंगा किनारे रहने वाले लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। भैरिया गांव के लोगों ने कटाव से गांव को खतरा बताकर सुरक्षा की मांग की। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार बरसात होने के कारण गंगा में बाढ़ उफान ले रही है। जिससे गंगा किनारे रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के गांव अहार, मारकपुर, कल्याणपुर, हसनपुर, सिरोरा, तोरई, बच्चीखेड़ा, रूढ, भैरिया तथा अनूपशहर नगर के गंगा तट पर रहने वाले लोगों को सामान्य जन जीवन से अलग हटकर समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर के मुहल्ला गंगाद्वार में लगभग 60 फुट अंदर मुख्य सड़क पर बाढ़ का पानी भरा होने से गोपाल शुक्ला, आशु शर्मा, योगेश शर्मा के परिजनों को बाढ़ के पानी में होकर आवागमन करना पड़ रहा है। इसी प्रकार जाह्नवी प्लेटफार्म पर 40 फुट तक अंदर पानी भरा होने के कारण श्रद्धालुओं को गंगा घाट तथा मंदिर जाने के लिए बाढ़ के पानी में होकर आवागमन करना पड़ता है। गांव भैरिया हरिद्वार पुर के ग्रामीणों ने एसडीएम डिबाई को पत्र देकर अवगत कराया है, कि गंगा द्वारा किए जा रहे कटाव से उनके गांव की आबादी को खतरा पैदा हो रहा है। कई पेड़ उखड़कर गंगा में बह गए हैं। उन्होंने तत्काल कटाव रोकने की व्यवस्था करने की मांग की है। डीएम द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर निगरानी करने के साथ लोगों को बचाव के लिए सतर्कता बढ़ाने की चेतावनी दी है।

## 10 से 11 सितम्बर तक जनपद में आयोजित होगा खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर

बदायूँ। राजकीय फल संरक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र विकास भवन के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसस्करण प्रशिक्षण का आयोजन 10 से 11 सितम्बर 2025 तक ग्राम सिरसौली न्याय पंचायत अब्दुल्लागंज, विकास खण्ड-उझानी बदायूँ मे शरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम न्याय पंचायत अब्दुल्लागंज में किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर मे सूक्ष्म उद्योग जैसे पापड, अचार, कचरी, मसाला आटा चक्की, पास्ता आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया जायेगा, इसमे बेरोजगार युवक-युक्तियो को खाद्य प्रसस्कारण इकाई घरेलु स्तर से लगाकर अपना स्वंय का रोजगार कर सकते है, जिसमे सरकार की तरफ से योजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख मशीन व उपकरण मद मे अनुदान प्रदान किया जायेगा।

## महिला श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाई राधा रानी की छठी

अनूपशहर। श्री राधा रानी की छठी उत्सव पर महिलाओं ने श्री बिहारी जी मंदिर में भजन कीर्तन कर झूम उठी और भंडारे का आयोजन कर माखन, मिश्री खीर, पूरी, सब्जी, कढ़ी, चावल, टॉफी के प्रसाद का वितरण किया गया।नगर के कलां बाजार स्थित श्री बिहारी जी मंदिर में गुरुवार को श्री राधा रानी की छठी पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा श्री राधा रानी की छठी पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण की पूजा-अर्चना कर भंडारे का आयोजन कर माखन, मिश्री, खीर, पूरी, सब्जी, कढ़ी, चावल, टॉफी के प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पं. विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि राधा रानी की छठी उत्सव को लेकर श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। छठी उत्सव मनाने के लिए विशेष तैयारी की गई। हिंदू धर्म में नवजात शिशु के जन्म के छठे दिन उसकी छठी मनाई जाती है। इस दिन बच्चे के अच्छे सेहत के लिए छठी देवी की पूजा होती है। वैसे ही राधा अष्टमी के दिन राधा रानी ने बाल स्वरूप में जन्म लिया था। इसलिए राधा अष्टमी के छठे दिन भक्त राधा रानी की छठी मनाते हैं।

# खेत में टूट पड़े हाईटेंशन तार की चपेट में आया 12 साल का किशोर, मौत

**परिजनों ने बिजली विभाग के पर लगाया लापरवाही आरोप, हंगामा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पड़ौआ गांव में बृहस्पतिवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में 12 साल के बालक की जान चली गई। वह अपने खेत पर गया था। इसी दौरान वह खेत में टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पड़ौआ गांव में खेत पर जाते समय बालक की हाईटेंशन (एचटी) लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्रामीण बिजली निगम के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया व आवश्यक कार्रवाई शुरू की। गांव पड़ौआ निवासी सत्यम का 12 वर्षीय पुत्र शिवम बृहस्पतिवार सुबह अपने खेत की तरफ गया था। इसी दौरान वह रास्ते में टूट पड़े हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। तीन दिन से टूटा पड़ा था बिजली का तारग्रामीणों के अनुसार, गांव के बाहर खेतों में एचटी लाइन का तार तीन दिन से टूटा पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली निगम के अधिकारियों से कई बार की, लेकिन निगम ने समय रहते मरम्मत नहीं कराई। समय रहते अगर तार को ठीक कर दिया जाता तो मासूम की जान बच सकती थी। अब गांव के लोग विभागीय जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।बिजली निगम के अधिशासी अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सिविल लाइंस थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पड़ौआ गांव में एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर एक बालक की मौत हो गई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है

# घुघली ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल ने किया बालवाटिका का शुभारंभ

**प्राथमिक विद्यालय भिटौली में बच्चों का हुआ स्वागत, अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित**

**आंगनवाड़ी से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के बाद बच्चों को स्कूली शिक्षा समझने में होगी आसानी : चंद्रभूषण पाण्डेय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। घुघली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भिटौली में घुघली ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी घुघली चंद्र भूषण पाण्डेय की उपस्थिति में बालवाटिका का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बच्चों का स्वागत समारोह आयोजित कर अन्नप्राशन कराया गया।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल ने भिटौली में फीता काटकर बालवाड़ी का उद्घाटन किया और बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग की कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें गर्भावस्था देखभाल के लिए गोद भराई कार्यक्रम शामिल था। जिसके अंतर्गत विशेष रूप से 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों के लिए अन्नप्राशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल एवं बीईओ घुघली चंद्र भूषण पाण्डेय ने बच्चों को खीर खिलाकर बाल वाटिका की शुरूआत किया। इस अवसर पर बाल विकास विभाग ने शाला पूर्व शिक्षा सामग्री और स्वास्थ्य पोषण का स्टॉल भी लगाया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीईओ घुघली चंद्र भूषण पाण्डेय ने कहा कि बालवाड़ी में सभी आधारभूत सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के बाद बच्चों को स्कूली शिक्षा समझने में आसानी होगी। इससे वे सर्वांगीण विकास के मानकों को प्राप्त कर सकेंगे।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पाण्डेय, प्रधानाध्यापक राजेश उपाध्याय, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, ग्राम प्रधान, अध्यापक और ग्रामवासी उपस्थित थे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय जोगिया में पूर्व सांसद प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह एवं जोगिया कुटी के महंत बालक दास की उपस्थिति में भी बाल वाटिका का उद्घाटन कर स्वागत समारोह एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग रहा।

## महिला एवं युवक मंगल दलों को मिली खेल किट की सौगात



बहराइच । विकास भवन सभगार में जिला विकास अधिकारी राज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के चयनित महिला/युवक मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के प्रतिनिधि गौरव शुक्ला ने विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला शुक्ला एवं उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अर्चना मिश्रा व अन्य जनप्रतिनिधियों के महिला/युवक मंगल दल को प्रोत्साहन सामग्री स्वरूप खेल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महिला/युवक मंगल दलों को सामाजिक कार्यक्रम में सहभागिता एवं खेल कूद के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, जिला खेल अधिकारी आनन्द श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी तथा पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सुभासपा प्रदेश प्रवक्ता ने एबीवीपी के छात्रों पर लाठीचार्ज में की निष्पक्ष जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोडा। सुभासपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्र ने रामस्वरूप विश्वविद्यालय,बाराबंकी में एबीवीपी से जुड़े एलएलबी के छात्रों पर प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही और लाठीचार्ज अत्यंत निंद नीय एवं शर्मनाक है।एबीवीपी हमेशा छात्रों के हित में कार्य करती है।शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई करने वाले छात्रों के साथ इस प्रकार का बर्ताव किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं ठहराया जा सकता।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बिना उचि त अनुमति और मान्यता के एलएलबी की पढ़ा ई कराना छात्रों के भविष्य के साथ सीधा खिल वाड़ है।जब शिक्षा संस्थान ही इस तरह की अनियमितताओं में लिप्त होंगे तो छात्र अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करेंगे। यह केवल शैक्षणिक गलती नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सपनों और करियर पर आघात है।छात्रों पर लाठीचार्ज कर उनकी आवाज़ को दबाने की कोशिश करना लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है।छात्रों की समस्याओं का समाधान वार्ता और संवाद से निकलना चाहिए, न कि बल प्रयोग से।मैं सरकार और संबंधित प्राधिकरणों से दृढ़ता से मांग करता हूँ कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए।दोषी अधिकारियों एवं विश्वविद्या लय प्रशासन पर कठोर कार्रवाई की जाए।छा त्रों के भविष्य की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाए जाएँ और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सदैव छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी छात्रों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी।

# जीवनदीप अस्पताल में महिला अंडाणु खरीदने के मामले में जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने गोंडा के जीवनदीप अस्पताल में गैर कानूनी तरीके से महिला अंडाणु खरीदे जाने के की शिकायत आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने की थी।आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए भारत सरकार ने जीवनदीप अस्पताल पर जांच और कार्यवा ही के आदेश दिए हैं।भारत सरकार ने राज्य वि हित प्राधिकारी,एआरटी,उत्तर प्रदेश को उनकी शिकायत की प्रति भेजते हुए सहायक प्रजनन तकनीकी विनियमन (एआरटी) एक्ट 2021 के प्रावधानों के तहत विवेचना कर समुचित कार्य वाही करने तथा कृत कार्रवाई से भारत सरकार को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।अमिताभ ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्हें गोंडा जिले के जीवनदीप अस्पताल में दलालों के माध्यम से महिलाओं के अंडाणु खरीदे जाने से संबंधित वीडियो तथा ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रा प्त हुए हैं.इन वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग से प्रथमदृष्टया इस अस्पताल द्वारा पैसे देकर महिला अंडाणु खरीदे जाने के तथ्य प्रमाणित होते हुए बताया गया था और उन्होंने कहा था कि जीवनदीप अस्पताल का यह कार्य एआरटी एक्ट 2021 की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लं घन दिखता है,क्योंकि कोई भी अस्पताल बिना पंजीकरण के और बिना समुचित प्रक्रिया के स हायक प्रजनन तकनीकी से संबंधित कार्य नहीं कर सकता है।उन्होंने इसे अधिनियम की धारा 32,33 और 34 में अपराध बताते हुए कार्यवा ही की मांग की थी।उक्त शिकायत को सरकार ने संज्ञान में लेते हुए जांच कर कार्रवाही के आ देश दिए हैं।

## जनपद में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक: जिला कृषि अधिकारी

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2385 मैट्रिक टन यूरिया, 5326 मैट्रिक टन डीएपी, 3848 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13126 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 61251 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत मंगलवार को जिले में 275 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ए.आर. को-आपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ प्रतिदिन बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया 32वाँ स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 32वाँ स्थापना दिवस व्यापारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती और व्यापारी हितों के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नानपारा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुहैल अहमद ने कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों की समस्याओं को उठाता रहा है और भविष्य में भी व्यापारियों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए निरंतर सक्रिय रहेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यापारी समाज देश की आर्थिक रीढ़ है और इनका योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पिछले 32 वर्षों से लगातार व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने हमेशा स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक व्यापारी वर्ग की आवाज़ बुलंद की है। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ व्यापारी राम नरेश एवं राम किशोर अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने लाइफ इंश्योरेंस को पूरी तरह कर मुक्त रखा है वहीं दूसरी ओर रोज़मर्रा की खाने पीने की वस्तुएं पानी की बोतल का स्लैब कम कर दिया है जिनका स्वागत किया जाता है। शकील अंसारी ने कहा सरकार ने छोटे चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों तथा साइकिल पर जी.एस.टी. सीमा को घटाकर कमजोर वर्ग को राहत पहुंचाया है। प्रकाश वीर गुप्ता ने कहा कि सीमेंट पर जीएसटी कम होने से गरीबों के पक्के मकान का सपना भी साकार होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को व्यापारी दिवस की शुभकामनाएँ दीं और संगठन की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रकाश वीर गुप्ता, डॉ शकील अंसारी, आनंद पोद्दार, सर्वेश टेकड़ीवाल, असद इकराम, रामस्वरूप अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, मोहम्मद राजा, मोहम्मद मोहसिन, नरेश चंद्र अग्रवाल, रामप्रताप गुप्ता, सुहैल अहमद, फैजान शेख सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# स्थानांतरित कर्मचारी शीघ्र कार्य मुक्त करें अधीक्षण अभियंता: रूपेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । सिंचाई विभाग के नलकूप प्रांगण में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर हुई राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक की अध्यक्षता सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष फुलई पासवान और संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने किया, बैठक में मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को सुना, संगणक पद पर कार्यरत योगेंद्र कुमार ने अध्यक्ष जी से बताया कि मेरा स्थानांतरण जून में हो चुका है लेकिन अभी तक कार्यालय द्वारा मुझे रिलीज नहीं किया जा रहा है जिस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियंता से वार्ता किया और यह निवेदन किया कि कर्मचारियों की सेवा सिर्फ 2 वर्ष बाकी है इसलिए मानवता के आधार पर इसे कार्य मुक्त किया जाए। बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति को विभाग द्वारा रोकने पर भी कर्मचारियों में आक्रोश दिखा, देवरिया जनपद के जिलेदारी प्रथम में कार्यरत सीचपाल रिजेश श्रीवास्तव ने बताया कि अधिशासी अभियंता सिंचाई खंडऽ2 देवरिया द्वारा डेढ़ वर्ष से मेरे चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल पर साइन नहीं किया जा रहा है जिससे मुझे मेरा चिकित्सा प्रतिपूर्ति नहीं मिल पाया इस संबंध में भी अध्यक्ष ने अधीक्षण अभियंता से निवेदन किया कि कर्मचारियों के किसी भी प्रकार के क्लेम को रोका न जाए, और यदि किसी अधिकारी द्वारा इस प्रकार का कुकृत्य किया जा रहा है तो उसके खिलाफ जांच करा कर कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में कर्मचारी समस्याओं के समाधान हेतु विचार विमर्श किया गया, जिसमें सरकार से अनुरोध किया गया कि पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करें तथा वेतन विसंगति पदोन्नतियां दूर करें । कोरोना काल के महंगाई भत्ता का भुगतान किया जाए । चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान हो । आठवे वेतन आयोग जल्दी से लागू हो तथा सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन की चार सूत्री मांगों की पूर्ति कराया जाए ।

## महराजगंज के शिक्षक कृष्ण मोहन पटेल का राष्ट्रीय कार्यक्रम में चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जिले के लिए गौरव की बात है कि जनपद महराजगंज के शिक्षक कृष्ण मोहन पटेल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में हुआ है। यह कार्यक्रम आठ सितम्बर से बारह सितम्बर दो हजार पच्चीस तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।उत्तर प्रदेश से 12 शिक्षक होंगे शामिलराज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ की ओर से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश से कुल बारह गणित राज्य संसाधन समूह (एस.आर.जी.) के शिक्षकों को नामित किया गया है। इनमें महराजगंज से कृष्ण मोहन पटेल का चयन होना जिले के लिए विशेष उपलब्धि है।विज्ञान विषय की नई पुस्तकों पर प्रशिक्षणकार्यक्रम में प्रतिभागियों को एनसीईआरटी द्वारा हाल ही में विकसित की गई कक्षा छह और सात की विज्ञान विषयक नई पाठ्यपुस्तकों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# थानों में नहीं सुनी जाती पीड़ितों की फरियाद

**न्याय के लिये आला अधिकारियों तक लगानी पड़ती है गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जिले में इन दिनों थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर आम लोगों का भरोसा कम हुआ है,थाने में आने वाले फरियादियों की गुहार सुनने वाला कोई नहीं है।यही वजह है कि फरि यादियों की भीड़ एसपी कार्यालय की ओर बढ़ी रही है,सत्यमेव जयते स्लोगन उत्तर प्रदेश पुलि स का है लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है,वैसे तो बड़े अधिकारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए।इसके बावजूद इंसाफ देना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है।ऐसी परिस्थिति में आला अफ सरों के यहां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।सोमवार से लेकर शनिवार तक गोण्डा डीआईजी कार्यालय हो या फिर कचहरी स्थित एसपी कार्यालय अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उन की बात नहीं सुनी जा रही है,इसलिए एसपीऑफिस पर आए है।

### आला अधिकारियों के पास उमड़ती है भीड़

पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक के जिम्मे कई महत्वपूर्ण काम है,देवीपाटन मण्डल होने के नाते आईजी को कई अहम जिम्मेदारियां दिन भर निभाना होता है लेकिन आपको जान कर हैरानी होगी कि आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है।वही एसपी ऑफिस में ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन 50 से अधिक लोग एसपी के पास अपनी फरियाद लेकर नहीं पहुंचते हैं।सूत्रों के मुताबिक अगर आंकड़ों की बात करें तो एक महीने में लगभग एक हजार से ज्यादा लोग एसपी के कार्यालय पहुंचकर यह शिकाय त करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उन की बात नहीं सुनी है,यह आंकड़ा तो सिर्फ एस पी ऑफिस का है अगर पूरे जिले की बात करें तो ग्रामीण एएसपी ,(पूर्वी) एएसपी (पश्चिमी )सीओ नगर,सीओ सिटी,सीओ मनकापुर, सीओ तरबगंज,सीओ करनैलगंज के कार्यालय पहुंच कर हर दिन दर्जनों लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

### क्या कहते हैं आंकड़े

एसपी के कचहरी स्थित कार्यालय में हर रोज 50 लोग से ज्यादा आते हैं,एएसपी पूर्वी और के यहां भी औसतन 40 लोग हर रोज आते हैं।सीओ सिटी के यहां भी औसतन दस लोग हर दिन पहुंचते हैं।जबकि सदर सीओ, मनकापुर सीओ,तरबगंज सीओ,मनकापुर सीओ,के दफ्त रों में भी औसतन हर रोज दस से ज्यादा लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं।

### क्या कहते हैं फरियादी

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इसलिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि कहीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए।गोंड़ा एसपी के कार्यालय में मौखिक रूप से एक व्यक्ति ने बताया कि वह एसपी से मिलने आया है।उनका कहना था कि थाना में उनकी फरियाद नहीं सुनी जाती है,दरअसल,उनके साथ मारपीट करते हैं लेकिन जब वह थाना गई तो वहां उनकी बात नहीं सुनी गई है। जिसके बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के यहां अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा है उसी व्यक्तिकी तरह कई ऐसे लोग हैं जिनकी फरियाद था नों में अनसुनी कर दी जाती है.इसलिए वे गोंडा जिले के पुलिस कप्तान के पास अपनी फरिया द लेकर पहुंचते हैं।

### क्या फ़ेल हो रहा निचला तंत्र..?

किसी भी जिले में लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने तक पहुंचते हैं अगर वहां उनकी बा त नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारियों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में उत्तर प्रदेशपुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हो चुका है..? गोंड़ा एसपी विनीत जायसवाल के अनुसा र दिन के पहले हाफ में वे आमलोगों से मिलते हैं अपने जूनियर पर अधिकारियों का बचाव क रते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हों चूका है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उ न तक पहुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी हो ते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पाता है या फिर थाने पर उन्हें उचित माध्यम समझा नहीं पाते है ऐसे में लोग उनके पास पहुंचते हैं,लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हों चुका है।

### सीयूजी नम्बर चौबीस घण्टे खुला रहता

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय में भी फरियादियों की संख्या कम नहीं होती है पुलिस मुख्यालय में भी औसतन हर महीने पांच सौ से ज्यादा आ वेदन अलग-अलग जिलों से आते हैं.मुख्यालय में आवेदन पर कार्रवाई के लिए बकायदा एक टीम काम करती है जो डीजीपी के आदेश पर जिलों के पुलिस अधीक्षकों को उस संबंध में अवगत करवाकर कार्रवाई करने का निर्देश देती है। उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी राजीव कृष्ण के अनुसार पुलिस का प्रमुख उद्देश्य लोगों की सेवा करना है और अगर उनकी बात कोई नहीं सुन रहा है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं या फिर उनको अगर कोई परेशानी भी है तब भी वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# आडिटोरियम में सम्पन्न हुई ब्लाक स्तरीय अधिकारियों व मीडिया की कार्यशाला

**पीएआई पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा ग्रामीण विकास का खाका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पंचायतों के समग्र प्रदर्शन को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किये जाने के दृष्टिगत से 'पंचायत एडवॉसमेन्ट इंडेक्स (पीएआई) अन्तर्गत उत्थान आडिटोरियम बहराइच में ब्लाक स्तरीय अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, तकनीकी स्टाफ, मीडिया एवं अन्य सम्बन्धित कार्मिकों को पीएआई के उन्नत संस्करण की जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन डीपीआरसी श्रावस्ती बृजेश पाण्डेय द्वारा पीएआई पोर्टल पर विभिन्न विभागों द्वारा ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्यो का विवरण अपलोड किये जाने के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी।रिसोर्स पर्सन श्री पाण्डेय ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा गरीबी मुक्त, स्वस्थ्य, बाल हितैसी, पर्याप्त जलयुक्त, स्वच्छ एवं हराभरा, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाचे वाला, सामाजिक रूप से सुरक्षित और न्याय संगत, सुशासन वाला तथा महिला हितैसी ग्राम पंचायतों की परिकल्पना की गयी है। पंचायतों में बिजली, जल आपूर्ति, स्वच्छता, सुविधाओं आदि बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, आय का स्तर, रोजगार के अवसर, कृषि उत्पादकता और आर्थिक गतिविधियां, शासन और प्रशासन, स्थानीय शासन की दक्षता और पारदर्शिता, सार्वजनिक सेवाओं का वितरण एवं नागरिक भागीदारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, शैक्षिक संस्थानों, साक्षरता दर, स्कूलों में नामांकन तक पहुंच, गरीबी दर, लैगिंग समानता, सामाजिक समावेश और जीवन की समग्र गुणवत्ता, पर्यावरणीय संतुलन में पारिस्थितिक संतुलन, संरक्षण और सतत प्रथाओं से सम्बन्धित उपाय करने आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए पीएआई पोर्टल विकसित किया गया है।पीएआई पोर्टल पंचायत की वृद्धिशील प्रगति, प्रदर्शन के आधार, पंचायतों की ग्रेडिंग, गुणवत्तापूर्ण पीडीपी, राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, पीएआई पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्राम पंचायतों के लिए विकासात्मक प्रगति का मूल्यांकन करने, डेटा संचालित शासन को बढ़ावा देने, प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय नियोजन को सतत विकास लक्ष्यों के राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने के लिए एक रणनीतिक साधन के रूप में कार्य करता है।पीएआई पोर्टल ग्राम पंचायतो जवाबदेही, पारदर्शिता और दृश्यता को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों को ग्रेड प्रदान करना है। साक्ष्य आधारित नीति, लक्ष्य निर्धारण करने में सहायता करता है। वार्षिक स्कोर पर नजर रखता है। आधार रेखाएं स्थापित करता है और वद्धिशील प्रगति पर नजर रहता है। प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना तथा जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना, एलएसडीजी विषयों के माध्यम से एसडीजी लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और पंचायत स्तर पर डेटा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना। सर्वोत्म प्रथाओं की पहचान करना तथा परिणाम संकेतकों की नियमित निगरानी करना आदि कार्य शामिल है। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, सहित अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका विद्यालय में सम्पन्न हुई संकल्प गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । ''संकल्प'' हब फार इम्पावरमेन्ट आफ वूमेन योजना के अन्तर्गत राजकीय बालिका विद्यालय बहराइच में जेण्डर सेन्सटाइजेशन विषय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को लैगिंग समानता के प्रति जागरूक करते हुए लिंग आधारित पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों को चुनौती देने, पुरूषों तथा महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और संसाधन उपलब्ध कराने इत्यादि विषय पर जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि लैगिंक समानता का उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ व्यक्ति के साथ उसके लिंग के आधार पर भेदभाव न हों, साथ ही यह भी सुनिश्चित कराना है।

# कच्ची शराब के अवैध धंधे पर आबकारी विभाग का प्रहार 2 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के कारोबार से पूरी तरह से मुक्त करने के लिए आबकारी विभाग ने एक बार फिर से अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीमें उनकी जड़ों पर प्रहार कर रही है देहात क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब के निर्माण को रोकने के लिए अवैध आबकारी विभाग की टीमें भी पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी है देहात क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार करने वाले इतने बेखौफ है कि आबकारी विभाग की कार्रवाई के बाद भी धंधा बंद नहीं कर रहे है जबकि उन्हें पता है जिस शराब का निर्माण वह कर रहे हैं वह आमजन के लिए किसी खतरे से कम नहीं है देहात क्षेत्र में कच्ची शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करने के आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई भी कर रही हैं। मगर आबकारी विभाग की कार्रवाई के बीच कुछ दिन बाद शराब माफिया फिर से अपना अवैध शराब के निर्माण का कारोबार शुरू कर देते है। आबकारी विभाग द्वारा लगातार हो रही अवैध शराब कारोबारियों के बावजूद क्षेत्रीय पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है जब भी आबकारी विभाग की टीम दबिश देने पहुंचती है तो भट्टियां फिर से सुलगती हुई मिलती है। कच्ची शराब का धंधा बाग से लेकर जंगल, नदी किनारे, झाड़ियों के बीच और घरों में चलता रहता है देहात क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण को रोकने के लिए आबकारी विभाग ने फिर से अपनी कार्रवाई को नई धार देनी शुरु कर दिया है जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार और हर गांव में अपना एक मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार और हर गांव के लोग ही अब देहात क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब की गतिविधियों पर अपनी नजर रखेंगे, जो हर पल की जानकारी आबकारी विभाग तक पहुंचाएगें। आबकारी विभाग की इस मुहिम से काफी हद तक शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में मदद मिलेगी इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब बरामद की बुधवार को आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा और मनीष कुमार की टीम द्वारा सेहरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम केसरियापुर और रानीगंज में स्थित अवैध व कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री से सम्बंधित संदिग्ध स्थल में दबिश दी गई दबिश के दौरान लगभग 07 लीटर और 20 लीटर अवैध/कच्ची शराब बरामदकी आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग धारा 60(1) विपिन कुमार और भगवन्ता देवी के नाम पंजीकृत किया गया जिला आबकारी अधिकारी ने बताया आबकारी विभाग की टीमें कार्रवाई साथ आसपास के लोगों से अपील भी की जा रही है कि अपने आसपास होने वाले अवैध शराब से संबंधित कोई भी सूचना हो, आबकारी विभाग को दें। किसी भी गांव को अवैध शराब से मुक्त करने के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है।

## चार सौ ग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस ने चार सौ ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा यूपी 112 पर प्राप्त कालर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विजय कुमार मौर्या पुत्र स्वर्गीय बाबादीन निवासी ग्राम सिधियावां थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से चार सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# ब्लॉक ने वितरण की खाद्यान्न कीटे ग्रामीणों ने जताया आभार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह लगातार बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को लगातार समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं**

पीलीभीत।अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने उप जिलाधिकारी मयंक गोस्वामी के साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम भरा पचपेड़ा में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें खाद्यान्न कीटे वितरित कीं। इस मौके पर लेखपाल जगदीश राजपूत, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और कई ग्रामीण उपस्थित थे। ब्लॉक प्रमुख और उप जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्यान्न कीटे वितरित कीं,जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और कई ग्रामीण उपस्थित थे,जिन्होंने ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों की मदद के लिए काम किया है।ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह की इस पहल से बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत मिली और उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिली। उनकी इस पहल की सराहना की जा रही है और बाढ़ प्रभावित लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

## बड़े ही धूमधाम के साथ आज निकलेगा जुलूस ए मोहमद्दी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पैग़म्बरे इस्लाम की यौमे विलादत के मुबारक मौके पर 5 सितंबर को जुलूस ए मोहमद्दी परंपरागत रूप से निकाला जाएगा ये जुलूस हर साल अंजुमन अरबाउस सलासिल की जानिब से उसकी ही देख रेख में निकाला जाता है ।इंतजामिया कमेटी ने जुलूस में शामिल होने की अपील की और कहा गया कि पाक साफ होकर जुलूस में शामिल हों दरूद शरीफ पढ़ते हुए चलें रसूल की मोहब्बत का सबूत दें ।सरकार की शान ए मुबारक में नात पढ़ते हुए चलें तेज आवाज वाले डी जे से बचें।ये जुलूस हर साल की तरह मदरसा अरबिया कादरिया में बाद नमाज फज्र परचम कुशाई होगी सलाम के बाद रेलवे क्रॉसिंग से ये जुलूस निकाला जाएगा और शेरपुर रोड खजुरिया रोड होते हुए स्टेशन रोड होता हुआ ब्लॉक रोड स्थित साबरी अहाता में समापन होगा।लियाकत हुसैन उर्फ भूरे भाई ने सभी से पाक साफ होकर जुलूस में शामिल होने की अपील की।पैगाम ए अमन काउंसिल के सदर तौफीक अहमद क़ादरी ने कहा कि सभी मोमिन हजरत सरकार की यौमे विलादत पर पुड़िया सहित नशा शराब छोड़ने की अपील की साथ ही हर हाल में अपने बच्चों को पढ़ाने की अपील की है।

## हादसे में मृत गोवंश के अंतिम संस्कार में सहयोग करने वाले अधिकारियों का किया सम्मान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में हादसे में लगभग 50 से अधिक गोवंश पशुओं की मौत हो चुकी हैं। इन मृत गोवंशों के अंतिम संस्कार में प्रशासनिक अधिकारियों ने न केवल सक्रिय सहयोग दिया बल्कि हर संभव मदद भी की। इसी योगदान को देखते हुए वुधवार दोपहर एक बजे राष्ट्रीय बजरंग दल, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं गौ रक्षकों ने पूरनपुर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को सम्मानित किया। दोनों अधिकारियों को पटका पहनाकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गौ रक्षक शिवम भदौरिया ने कहा कि एसडीएम, नायब तहसीलदार और कोतवाल सत्येन्द्र कुमार हमेशा मदद के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारी न केवल प्रशासनिक सहयोग करते हैं बल्कि स्वयं मौके पर पहुंचकर हर व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। जरूरत पड़ने पर जेसीबी मशीन तक उपलब्ध कराकर गौ माता के अंतिम संस्कार में सहयोग करते हैं।

## गौकशी के मामले मे मुकदमा दर्ज खेत में मिले अवशेष, पुलिस ने दफनाया सर्विलांस की मदद से जांच जारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर में गौकशी का मामला सामने आया है अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला प्रमुख शिवम सिंह भदोरिया सबलापुर टीम ठाकुर बृजेश तोमर आकाश पांडे बल्लू पांडे दीनू मौर्य के साथ पहुंचे बृहस्पतिबार को किसानों ने सूचना दी खेतों में गौबंश के अवशेष पड़े है बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। एक किसान के खेत के पास गौवंश के अवशेष पड़े होने के साक्ष्य मिले। वहां पशुओं का गोबर, रस्सी और अन्य अवशेष पड़े थे। हिंदू संगठन ने पुलिस को सूचित किया पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी और इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गड्ढा खोदकर अवशेषों को दफनाया गया। क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस ने टीमें गठित की हैं। टीमें आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चला रही हैं। आरोपियों की पहचान के लिए सर्विलांस का सहारा लिया जाएगा और अवशेष तीन चार दिन पुराने प्रतीत हो रहे है गौ हत्या कानून पास होने के बाद भी जिले में गौकशी की वारदातें लगातार समाचपत्रों को सुर्खियां बनी हुई है गौकशी की खबर ने आम जनता को आक्रोश से भर दिया हिन्दु संगठनों को सूचना मिली सूचना पर पहुंचे जहां एक बन्द पड़े मकान मे गौकसी होने का शक गहरा रहा है वही गौ के छीन भिन्न अंग अलग अलग आस पास खेतों से बरामद किये गौकशी की खबर शहर में आग की तरह फैली और चंद घंटों में ही हिंदू संगठनों ने आन्दोलन की चेतावनी दे डाली सुबह सुबह आई गौकशी की खबर सुबह लगभग 09 बजे जब लोग सो कर उठे तो उन्हें पता चला कि सबलपुर में गौकशी की घटना को अंजाम दिया गया है वही मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने गौ हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही है। सोसल मीडिया प्लेटफार्म पर कुछ लोगो ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गौ माता की हत्या का मामला सुनकर स्तब्ध हूँ। भारतवर्ष में गौ माता आराध्य और देव तुल्य है। सनातन धर्म की पूज्य गौ माता की हत्या किया जाना एक जघन्य पापकर्म है ऐसा जघन्य अपराध करने वाले पापियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जायेगा और दोषियों पर ऐसी कठोर कार्यवाही होगी जिससे उनकी आत्मा काँप उठेगी

## बाईक एजेंसी पर जालसाजी का आरोप

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के ग्राम देवरा निवासी एक युवक ने बाइक एजेंसी पर गंभीर जालसाजी का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक का कहना है कि उसने नकद भुगतान कर बाइक खरीदी थी, लेकिन आरसी बुक और अन्य कागजात किसी और के नाम पर जारी कर दिए गए। अब वह अपनी ही बाइक का सही कागजात पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। पीड़ित अभिषेक तिवारी पुत्र जयसिंह नारायण तिवारी ने बताया कि उनके ससुर चतुर्भुज तिवारी ने 15 अप्रैल 2024 को हरिग्टंगंज, अयोध्या स्थित देव ऑटोमोबाइल्स से एक पल्सर बाइक (यूपी 42 बीएस 3681, 125 सीसी नियॉन) खरीदी थी। बाइक का पूरा एक लाख रुपये का भुगतान नकद किया गया था।एक माह बाद जब अभिषेक तिवारी कागजात लेने एजेंसी पहुँचे तो उन्हें बीमा और इंजन नंबर उनके नाम से दिखाया गया। लेकिन जब उन्होंने गहराई से पड़ताल की तो चौंकाने वाला तथ्य सामने आयाकृबाइक की आरसी बुक और अन्य प्रमुख कागजात अभिषेक यादव नामक व्यक्ति के नाम पर जारी किए गए थे। अभिषेक तिवारी ने इसकी शिकायत एजेंसी संचालक शिवपूजन सिंह से की, लेकिन उन्होंने गलती सुधारने के बजाय मामले को टाल दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी इनायतनगर, थाना अध्यक्ष इनायतनगर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से भी गुहार लगाई, मगर कहीं से राहत नहीं मिली। अब पीड़ित युवक न्याय की उम्मीद में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगा रहा है। उसका कहना है कि उसे उसकी खरीदी गई बाइक का वास्तविक कागजात दिलाया जाए ताकि वह बेफिक्र होकर वाहन का उपयोग कर सके।

## ईद मिलादुन्नबी पर पौधारोपण कर मनाया गया पैगंबर साहब का जन्मदिन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गुरुवार को जिले में मुस्लिम समाजजनों ने श्रद्धा और उमंग के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सलीम हाई सेकेंड्री स्कूल खैराबाद में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में इमाम जामा मस्जिद मौलाना अब्दुल लतीफ, हाजी निसार अहमद उर्फ गुड्डू, प्रबंधक सेठ सलीम, हाजी मोहम्मद हारून, प्रधानाध्यापक हारून, रशीद, शाहिद, पीर बख्श, सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सहजाद अहमद सिराज, बाली, इरफान, पिन्टू, अजहर, जमाल, सोनू, अरशद, मुश्तकीम, सलीम, आसिफ जमाल, हाजी मोहम्मद इकबाल, हाजी नईम, मानू डिहवा आदि ने भी शिरकत की और पौधारोपण किया।

# कादूनाला वेटलैंड संरक्षण को ईको पर्यटन स्थल के रूप में किया जायेगा विकसित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । जनपद अमेठी में पर्यटन को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से कादूनाला वेटलैंड को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की इको टूरिज्म बोर्ड की टीम ने जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ कादूनाला वेटलैंड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वेटलैंड के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कादूनाला वेटलैंड की भौगोलिक एवं पारिस्थितिक विशेषताओं का गहन अध्ययन किया। इको टूरिज्म बोर्ड के विशेषज्ञों ने यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये संभावित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की।डीएम संजय चौहान ने कहा कि कादूनाला वेटलैंड अमेठी के लिये केवल एक प्राकृतिक धरोहर ही नहीं है बल्कि यह पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। वेटलैंड के विकसित होने से जहां एक ओर जनपद में ईको-टूरिज्म को नई दिशा मिलेगी वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। साथ ही, जैव-विविधता का संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिये स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना भी संभव होगा। इको टूरिज्म बोर्ड के सलाहकार माता प्रसाद गौतम ने बताया कि वेटलैंड का विकास पूरी तरह से पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी गतिविधियों को प्राथमिकता दी जायेगी जिससे प्राकृतिक संसाधनों को क्षति न पहुंचे और साथ ही स्थानीय लोगों की आजीविका भी सुरक्षित रहे। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि वेटलैंड क्षेत्र विभिन्न प्रकार की पक्षी प्रजातियों और दुर्लभ जीव-जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। इसके विकसित होने से न केवल जैव विविधता का संरक्षण होगा बल्कि पक्षी प्रेमियों और पर्यटकों के लिये यह आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पांडे, आर्किटेक्ट मनीष शर्मा सहित पर्यटन एवं वन विभाग के अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में स्थित बाल वाटिका का किया भ्रमण उपस्थित रहे जनप्रतिनिधि



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीय। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने प्राथमिक विद्यालय मुख्तियार कॉलोनी में स्थित बाल वाटिका का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की और उनकी गतिविधियों को देखा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बाल वाटिका बच्चों के शारीरिक,मानसिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।बाल वाटिका में बच्चों को विभिन्न खेल और गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलता है। बच्चों ने खंड शिक्षा अधिकारी के सामने कविताएँ सुनाईं, जिससे उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का पता चलता है।खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी सुनील कुमार ने बाल वाटिका की गतिविधियों की सराहना की और शिक्षकों को बच्चों के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस भ्रमण से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला और उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। इस अवसर पर स्थानीय मंडल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य स्थानीय ग्राम वासी विद्यालय प्रधानाध्यापक सहित अन्य लोक उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस ने राहगीर से मोबाइल छीनने वाले तीन लोगों को भेजा जेल

अमेठी । थाना मुंशीगंज पुलिस ने अमेठी धम्मौर मार्ग पर स्थित बुढऊ बाबा पुल मुसवापुर के पास से बुधवार को एक लड़के से मोबाइल झपटमारी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से छपटमारी करके ले जाया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है और घटना में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अमित पाल पुत्र जगतपाल निवासी रामदैयपुर मजरे मनीरामपुर थाना मुंशीगंज,शुभम यादव पुत्र रवीन्द्र कुमार यादव निवासी गौरी का पुरवा मजरे लोहगपुर थाना मुंशीगंज,अनुराग कनौजिया पुत्र तुलसीराम कनौजिया निवासी कोरारी गिरधरशाह थाना अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में अनुराग कनौजिया के कब्जे से एक अदद मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी बरामद हुआ है।बरामद मोबाइल फोन के सम्बंध में पूंछताछ करने पर पकड़े गये युवकों ने बताया कि उन लोगों ने यह मोबाइल फोन तीन सितम्बर को इसी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस यूपी 72 एएक्स 5331 से अमेठी-धम्मौर रोड पर बुढ़उ बाबा पुल मुसवापुर के पास रोड पर जा रहे लड़के से झपट करके भाग गये थे।

# औशानेश्वर धाम में जलाभिषेक को निकले कांवरियों के स्वागत में खूब उड़ा अबीर गुलाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । गंगाघाट डलमऊ से जल भरकर पदयात्रा करते हुये अनंत चतुर्दशी पर जलाभिषेक के लिये जा रहे कांवरियों का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्र में विशाल भोज व भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कांवरियों ने लजीज पकवानों का लुत्फ उठाया।कस्बा सेमरौता में कांवरियों ने भक्तिमय गीतों पर जमकर धमाल मचाया। तहसील तिलोई क्षेत्र के कई गांवों के कांवरियां अनवरत अठारह वर्षो से गंगाघाट डलमऊ से जल भरने के बाद पदयात्रा करते हुये अनंत चतुर्दशी पर बाराबंकी जनपद की तहसील हैदरगढ़ के औसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते है।यह कांवरियां गुरुवार की देर शाम जब कस्बा सेमरौता पहुंचे जहां पर इनका काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।सेमरौता के रामगंज चौराहे पर कांवरियों ने गोला तमाशा,डीजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते हुये खूब धमाल मचाया।इसके बाद वह रामपुर पंवारा स्थित बाबा दतेहरेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में आयोजित विशाल भण्डारे के बाद रात्रि विश्राम भी किया।वही कस्बा शिवरतनगंज में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू पत्नी सत्य प्रकाश साहू द्वारा विशाल भोज का आयोजन किया गया जिसमें कांवरियों ने लजीज पकवानों का भी लुत्फ उठाया।यह कांवरियां पद यात्रा कर शनिवार की सुबह हैदरगढ़ स्थित बाबा औसानेश्वर धाम मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई,आशीष मिश्रा,बद्री विशाल वैश्य,गोपी बाजपेयी, अरुण सोनी,राम प्रकाश प्रजापति, अखिलेश यादव, शिव सागर मिश्रा, शुभम गुप्ता,संतोष कुमार सिंह, विनीत कुमार मिश्रा,राकेश साहू सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ के मामले में पाँच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपने ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व कंचनपुरी थाना खटीमा, जिला उधम सिंह नगर निवासी युवक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति, जेठ, जेठानी, विचपई और उसकी पत्नी दहेज कम लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि ससुरालीजन उस पर लगातार अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये और एक बाइक की मांग का दबाव डालते रहे। महिला ने बताया कि उसके परिजनों ने कई बार ससुरालियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उल्टे उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोप है कि इसी बीच उसके जेठ ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने पति से की तो उसने भी साथ देने के बजाय मारपीट कर उसे 20 अगस्त को घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

# युवक की गला रेत कर हत्या, आशनाई की आशंका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। जिले के चांदा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किंदीपुर बाजार में गुरुवार तड़के सनसनीखेज वारदात हुई। सुबह गांव से 300 मीटर दूर बाग में एक युवक का गला रेता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय दलित युवक महेश पुत्र गंगादीन के रूप में हुई। शव देखते ही परिजन फफक पड़े। सूचना पर एएसपी अखंड प्रताप सिंह, सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम और चांदा कोतवाली समेत चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पत्नी के अवैध संबंध की आशंका सामने आई है। गांव में भी इसी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। किंदीपुर बाजार से सटे बाग में महेश का शव बरामद हुआ। धारदार हथियार से गला रेता गया था। पत्नी पूजा और मां कौशिल्या का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की बेटियां प्रिया (16), सुंदरी (8) और चार साल का बेटा समर पिता का साया उठ जाने से गहरे सदमे में हैं। महेश चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार छप्परनुमा दो कमरों में रहता है। वह पहले लुधियाना में मजदूरी करता था, लेकिन इस साल की शुरुआत में गांव लौट आया और यहीं दिहाड़ी करने लगा। पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम करीब 6:30 बजे महेश घर से निकले थे। उन्होंने कहा था कि ल्लमुर्गा लेने जा रहे हैं।ल्ल इस पर पूजा ने मछली लाने की बात कही। इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। पूजा के मुताबिक घर में पैसे न होने से मोबाइल रिचार्ज भी नहीं कराया था। रात में काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह बड़ी बेटी और भाभी ने बाग में जाकर शव देखा। मृतक के चचेरे भाई हरिकेश ने बताया कि महेश शराब पीता था। वहीं गांव में यह चर्चा है कि पत्नी पूजा के किसी व्यक्ति से अवैध संबंध थे और इसी कारण महेश की हत्या की गई। इस शक को इसलिए भी बल मिला कि महेश रात में गायब हुआ, लेकिन न तो परिजनों ने थाने में सूचना दी और न ही डायल 112 पर कॉल किया। घटना की जानकारी मिलने पर भीम आर्मी की टीम भी मौके पर पहुंची। जिलाध्यक्ष सुनील आजाद ने बताया कि बच्चों के भरण-पोषण को लेकर प्रशासन से मांग की गई है। अधिकारियों ने इसके लिए परिजनों से लिखित मांग पत्र देने को कहा है।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया भ्रमण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने विकासखंड मरौरी क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और तहसीलदार व लेखपाल को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द खाद्यान्न सामग्री वितरित की जाए और हर संभव मदद की जाए।ब्लॉक प्रमुख ने नूरिया कॉलोनी, राजा कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी सहित अन्य गांव में भ्रमण किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।उन्होंने तहसीलदार व लेखपाल को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द खाद्यान्न सामग्री वितरित की जाए और हर संभव मदद की जाए।ग्रामीणों की उपस्थिति इस मौके पर ग्राम प्रधान विश्वनाथ सरकार एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि रस्तोगी,शांति स्वरूप पाल, अमित वर्मा, भूपेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे हैं।

# उम्मीदों की चिप

भारत ने टेक क्रांति की तरफ बढ़ते हुए पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित कर लिया है। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब इस कामयाबी की साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। जिनमें से एक पंजाब के मोहाली में स्थित है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फ़ेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है।

# भारत का अंतरिक्ष भविष्य : 2035 तक अपना स्टेशन और गगनयान मिशन

भारत ने 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। हमारा यह लक्ष्य सिर्फ तकनीकी प्रगति तक ही सीमित नहीं है, आज यह राष्ट्रीय संकल्प का भी परिचायक है। जब यह स्टेशन स्थापित होगा तो भारत वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में न केवल साझेदार होगा, बल्कि एक नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा। इस स्टेशन का महत्व केवल वैज्ञानिक प्रयोगों तक सीमित नहीं रहेगा। यह हमारे सामरिक हितों की सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र की मजबूती और वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को भी परिभाषित करेगा। प्रधानमंत्री ने सुदर्शन सुरक्षा चक्र की जिस परिकल्पना का उल्लेख किया है, उसमें अंतरिक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतरिक्ष स्टेशन और मानव मिशनों के सफल संचालन के लिए हमें सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी तकनीकों में आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आज दुनिया जान चुकी है कि सेमीकंडक्टर केवल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तक सीमित नहीं हैं। अंतरिक्ष मिशनों में उनकी भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसी तरह, एआई आधारित प्रणाली और ऊर्ज़ा संसाधनों का बेहतर उपयोग लंबे समय तक चलने वाले अभियानों के लिए अनिवार्य होगा। यहां यह कहना सही होगा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन केवल धरती पर डिजिटल क्रांति को गति नहीं देगा, बल्कि यह अंतरिक्ष अभियानों को भी नई ऊर्ज़ा प्रदान करेगा। इसी प्रकार, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर न केवल पृथ्वी पर ऊर्ज़ा संकट का समाधान देंगे बल्कि भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी ऊर्ज़ा स्रोत बनेंगे। यह एक भ्रम है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा की तुष्टि के लिए होता है। वास्तविकता यह है कि अंतरिक्ष प्रयोगों के निष्कर्ष सीधे धरती पर मानव जीवन के लिए उपयोगी होते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क के प्रभाव का अध्ययन, माइक्रोग्रेविटी में पौधों की खेती, पुनर्योजी जीव विज्ञान के प्रयोग, ये सभी आज की दुनिया में बेहद प्रासंगिक हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोग्रेविटी में मेथी उगाने के प्रयोग न केवल अंतरिक्ष यात्रियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि यह कृषि अनुसंधान के लिए भी नई दिशा देंगे।

एक समय था जब हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में केवल अनुयायी माने जाते थे, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। भारत न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि वैश्विक साझेदारियों में समान भागीदार बन चुका है। आने वाले वर्षों में गगनयान मिशन और 2035 तक प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, हमारी अंतरिक्ष यात्रा को नई दिशा और नया आयाम देने वाले हैं। देखा जाए तो यह गगनयान मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। जब हमारे अंतरिक्ष यात्री सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रेविटी) की परिस्थितियों में प्रयोग करेंगे, तो उसका लाभ पृथ्वी पर भी पहुँचेगा। चाहे वह कृषि हो, जीवन विज्ञान हो या चिकित्सा क्षेत्र, इन प्रयोगों से हमें ऐसे नए निष्कर्ष मिलेंगे जो करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बना सकते हैं। हाल के समय में मायोजेनेसिस जैसे प्रयोगों ने भी यह सिद्ध किया है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल आकाश तक सीमित नहीं, बल्कि धरती पर मानव स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी अहम है। मांसपेशियों के क्षय और पुनर्जनन पर किए गए अध्ययन मधुमेह, कैंसर और फ्रैक्चर जैसी समस्याओं से जूझ रहे रोगियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं। भारत ने 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। हमारा यह लक्ष्?य सिर्फ तकनीकी प्रगति तक ही सीमित नहीं है, आज यह राष्ट्रीय संकल्प का भी परिचायक है। जब यह स्टेशन स्थापित होगा तो भारत वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में न केवल साझेदार होगा, बल्कि एक नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा। इस स्टेशन का महत्व केवल वैज्ञानिक प्रयोगों तक सीमित नहीं रहेगा। यह हमारे सामरिक हितों की सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र की मजबूती और वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को भी परिभाषित करेगा। प्रधानमंत्री ने सुदर्शन सुरक्षा चक्र की जिस परिकल्पना का उल्लेख किया है, उसमें अंतरिक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतरिक्ष स्टेशन और मानव मिशनों के सफल संचालन के लिए हमें सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी तकनीकों में आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आज दुनिया जान चुकी है कि सेमीकंडक्टर केवल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तक सीमित नहीं हैं। अंतरिक्ष मिशनों में उनकी भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसी तरह, एआई आधारित प्रणाली और ऊर्ज़ा संसाधनों का बेहतर उपयोग लंबे समय तक चलने वाले अभियानों के लिए अनिवार्य होगा। यहां यह कहना सही होगा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन केवल धरती पर डिजिटल क्रांति को गति नहीं देगा, बल्कि यह अंतरिक्ष अभियानों को भी नई ऊर्ज़ा प्रदान करेगा। इसी प्रकार, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर न केवल पृथ्वी पर ऊर्ज़ा संकट का समाधान देंगे बल्कि भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी ऊर्ज़ा स्रोत बनेंगे। यह एक भ्रम है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा की तुष्टि के लिए होता है। वास्तविकता यह है कि अंतरिक्ष प्रयोगों के निष्कर्ष सीधे धरती पर मानव जीवन के लिए उपयोगी होते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क के प्रभाव का अध्ययन, माइक्रोग्रेविटी में पौधों की खेती, पुनर्योजी जीव विज्ञान के प्रयोग, ये सभी आज की दुनिया में बेहद प्रासंगिक हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोग्रेविटी में मेथी उगाने के प्रयोग न केवल अंतरिक्ष यात्रियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि यह कृषि अनुसंधान के लिए भी नई दिशा देंगे। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और खाद्य संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब ऐसे प्रयोगों का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप्स इस क्षेत्र में सक्रिय हो चुके हैं। ये स्टार्टअप्स न केवल रॉकेट लॉन्च कर रहे हैं, बल्कि मैपिंग, स्मार्ट सिटी विकास, कृषि, टेलीमेडिसिन और उपग्रह संचार जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार ला रहे हैं। सरकार ने हाल ही में 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड मंजूर किया है, जो इन स्टार्टअप्स को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मदद करेगा। अंतरिक्ष अब युवाओं के लिए आकर्षक करियर विकल्प बन चुका है। एक समय था जब एयरोस्पेस इंजीनियरिंग को केवल एक विशिष्ट शाखा माना जाता था, लेकिन आज यह आईआईटी जैसे संस्थानों में सबसे अधिक मांग वाला विषय बन चुका है। भारत ने आने वाले पाँच वर्षों में 52 जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है। यह योजना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज युद्ध केवल जमीन और आसमान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष भी उसका अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उपग्रहों से मिली जानकारी हमारी सामरिक तैयारी को मजबूत करती है और सीमा पर तैनात सैनिकों को वास्तविक समय में मदद पहुँचाती है। ऐसे में ''इन-स्पेस'' जैसी संस्थाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी के बावजूद सुरक्षा से कोई समझौता न हो। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर इस क्षेत्र को उदार बनाया गया है, लेकिन साथ ही कड़े विनियमन भी बनाए रखे गए हैं। यह संतुलन ही भारत को नवाचार और सुरक्षा दोनों मोर्चों पर सफल बनाता है। यहां हम सभी के लिए यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज जब चीन अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित कर चुका है और अमेरिका-रूस दशकों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं, ऐसे समय में भारत का प्रवेश केवल वैज्ञानिक महत्व का नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक दृष्टि से भी निर्णायक है। गगनयान मिशन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन हमें अंतरराष्ट्रीय मानवयुक्त मिशनों में सहभागी बनाएंगे। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन का भी दौर शुरू होने वाला है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र व्यवहार्य होगा, भारत के पास डॉकिंग, सर्विसिंग और पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे का निर्यात करने का अवसर होगा। इससे न केवल हमारी तकनीकी विशेषज्ञता बढ़ेगी, बल्कि विदेशी मुद्रा अर्जन के नए रास्ते भी खुलेंगे। भारत ने 2033 तक वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा है। फिलहाल हमारी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था लगभग आठ अरब डॉलर की है, लेकिन अगले दशक में इसके 40-45 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है। यह वृद्धि न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को नई गति देगी, बल्कि हमें विश्व मंच पर एक सशक्त खिलाड़ी भी बनाएगी। गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रमा पर मानव मिशन और निजी-सरकारी साझेदारी से उभरती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, ये सभी भारत को उस मुकाम तक ले जाएंगे जहाँ से वह विश्वगुरु बनने की दिशा में एक और निर्णायक कदम बढ़ा सकेगा। भारत का अंतरिक्ष भविष्य केवल विज्ञान या तकनीक तक सीमित नहीं है। यह हमारे आत्मविश्वास, हमारी युवा शक्ति, हमारी महिला वैज्ञानिकों और हमारी सामूहिक आकांक्षा का प्रतिबिंब है। आज हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत की सबसे बड़ी पहचान उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम ही होगा। यही वह क्षेत्र है, जो हमें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व दिलाएगा। **-डॉ. जितेंद्र सिंह**

# शिक्षक पढ़ाता है, गुरु जगाता है, दोनों के साथ से ही जीवन की संपूर्णता

**विजय कुमार शर्मा**

शिक्षक वह है जो किसी विद्यालय या संस्थान में बैठकर हमें पाठ्य विषयों का ज्ञान कराता है। उसकी वाणी से अक्षरों की ध्वनि निकलती है, पुस्तकों के सूत्र जीवन का हिस्सा बनते हैं और परिश्रम से विद्यार्थी परीक्षा में सफल होकर करियर की सीढ़ियाँ चढ़ते हैं। शिक्षक हमारी बुद्धि को धार देता है और हमें समाज में आगे बढ़ने योग्य बनाता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, लेखक और अधिकारी– सब किसी न किसी शिक्षक की मेहनत का परिणाम हैं।

भारतीय संस्कृति में ज्ञान को देवत्व का स्थान दिया गया है। विद्या को सरस्वती का वरदान और शिक्षा को जीवन का दीपक माना गया है। किंतु इस ज्ञान की यात्रा में हमें दो रूप मिलते हैं - एक है शिक्षक, जो हमें पढ़ाता है और दूसरा है गुरु, जो हमें जगाता है। दोनों पूजनीय हैं, दोनों आवश्यक हैं, किंतु दोनों की भूमिका और प्रभाव में गहरा अंतर है। शिक्षक वह है जो किसी विद्यालय या संस्थान में बैठकर हमें पाठ्य विषयों का ज्ञान कराता है। उसकी वाणी से अक्षरों की ध्वनि निकलती है, पुस्तकों के सूत्र जीवन का हिस्सा बनते हैं और परिश्रम से विद्यार्थी परीक्षा में सफल होकर करियर की सीढ़ियाँ चढ़ते हैं। शिक्षक हमारी बुद्धि को धार देता है और हमें समाज में आगे बढ़ने योग्य बनाता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, लेखक और अधिकारी- सब किसी न किसी शिक्षक की मेहनत का परिणाम हैं। शिक्षक वह दीपक है जो अंधकार में दिशा दिखाता है और हमें जीविका के साधन उपलब्ध कराता है। लेकिन केवल पढ़ा देने से जीवन संपूर्ण नहीं होता। जीवन में ऐसे प्रश्न आते हैं जिनका उत्तर किताबों से नहीं मिलता। मन के संशय, आत्मा की पीड़ा और जीवन की दिशा तब तक अस्पष्ट रहती है जब तक कोई गुरु उन्हें दूर न करे। गुरु का कार्य शिष्य को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे ज्ञान को जागृत करना है। शिक्षक से हम पाठ याद करते हैं, पर गुरु से हम जीवन का अर्थ समझते हैं। शिक्षक हमारे मस्तिष्क को प्रशिक्षित करता है, पर गुरु हमारी आत्मा को स्पर्श करता है। यही कारण है कि भारत की परंपरा में गुरु को देवत्व तक माना गया। कहा गया *ल्लगुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः, गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।ङ्क* इस श्लोक में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान पूजनीय बताया गया है। गुरु केवल हमें विषय में दक्ष नहीं बनाता, बल्कि हमें धर्म, सदाचार और आत्मबल से भी परिपूर्ण करता है। कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में केवल शस्त्र विद्या ही नहीं दी, बल्कि गीता के माध्यम से जीवन का परम सत्य बताया। यही गुरु की पहचान है- वह शिष्य के मोह को तोड़कर सत्य का मार्ग दिखाता है। आज के समय में शिक्षक और गुरु दोनों की आवश्यकता है। शिक्षक हमें जीवन जीने का साधन देता है, पर गुरु हमें जीवन जीने का सार समझाता है। शिक्षक हमें नौकरी दिला सकता है, पर गुरु हमें मोक्ष की ओर ले जा सकता है। शिक्षक पढ़ाता है कि प्रश्नों के उत्तर कैसे लिखें, पर गुरु जगाता है कि जीवन के प्रश्नों का उत्तर कैसे जियें। शिक्षक हमारी बुद्धि को तेज करता है, गुरु हमारी चेतना को प्रज्वलित करता है। यही कारण है कि हम शिक्षक दिवस भी मनाते हैं और गुरु पूर्णिमा भी। एक दिन आधुनिक शिक्षा को सम्मान देने का है, और दूसरा सनातन परंपरा के उस दिव्य संबंध को प्रणाम करने का, जो गुरु और शिष्य के बीच आत्मीय बंधन के रूप में स्थापित है। हमारी संस्कृति में भी शिक्षा का उद्देश्य केवल अक्षरों को पढ़ाना नहीं, बल्कि आत्मा को जगाना है। शिक्षक पढ़ाता है, गुरु जगाता है और जब यह दोनों साथ मिलते हैं, तभी जीवन की संपूर्णता प्रकट होती है।

## सेहत मंत्र

# स्वाद और सेहत का खजाना है कॉर्न


कॉर्न को अधिकतर लोग खाना पसंद करते हैं। कभी इसे सब्जी के रूप में खाया जाता है तो कभी स्नैक्स की तरह। आप चाहे इसे किसी भी रूप में खाएं, यह सेहत को लाभ ही पहुंचाता है। कॉर्न सिर्फ स्वाद से ही भरपूर नहीं होता, बल्कि सेहत का खजाना भी इसमें छिपा होता है। इसमें फाइबर के साथ-साथ कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स व एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको कई तरह के लाभ होते हैं। कॉर्न में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। खासतौर से, इसमें विटामिन ए, बी, ई, डायटरी फाइबर व कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो शरीर के लिए बेहद आवश्यक है। कॉर्न में काम्पलैक्स कार्बोहाइड्रेट होता है जो धीमी गति से पचता है और लंबे समय तक ऊर्ज़ा प्रदान करता है। इसलिए अगर आप अपने शरीर को ऊर्ज़ावान बनाए रखना चाहते हैं तो कॉर्न को अपनी डाइट का हिस्सा अवश्य बनाएं। अगर आप अंडरवेट हैं और हेल्दी तरीके से अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो कॉर्न से बेहतर आपको शायद ही कोई दूसरा ऑप्शन मिले। 100 ग्राम येलो व व्हाइट कॉर्न से आपको 365 कैलोरी प्राप्त होती है। इसमें कैलोरी की उच्च मात्रा होने के कारण वजन काफी जल्दी बढ़ता है। कॉर्न का सेवन हेल्दी कैलोरी के साथ-साथ आपको विटामिन व फाइबर भी प्राप्त होता है। कॉर्न रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करता है और इंसुलिन को नियंत्रित करता है, जिससे यह मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल के रोगियों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। वहीं, फाइबर उच्च मात्रा में होने के कारण भी कॉर्न मधुमेह रोगियों में रक्त शर्करा के स्तर को कम करके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। गर्भावस्था के दौरान कॉर्न का सेवन मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए लाभकारी होता है। कॉर्न फोलिक एसिड में समृद्ध होता है। साथ ही इसमें जेक्सैन्थिन और रोगजनक एसिड होता है जो बच्चे में जन्म दोषों के जोखिम को कम करता है। यह बच्चे को मांसपेशियों के विकृति और शारीरिक समस्याओं से बचा सकता है।

## धर्म मंत्र

# विश्वास करिये, अंक ज्योतिष में छिपा है आपके भाग्योदय का राज

अंक कैसे सहायता करते हैं? हम इनका कैसे उपयोग कर सकते हैं? यही मूल आधार है न्यूमरोलॉजी का। तो अंक हमें सहायता करते हैं प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी सेट करने के लिए! रेडियो के ऊपर अलग-अलग स्टेशन, अलग-अलग फ्रीक्वेंसी पर होते हैं। जब सही ट्यूनिंग नहीं होती तो शोर होता है। जब हम इसको सही फ्रीक्वेंसी से मैच करवा देते हैं तो क्या होता है? स्पष्ट संगीत या आवाज। कोई शोर नहीं। ठीक ऐसे ही जीवन में काम करती है न्यूमरोलॉजी। प्रश्न है- मेरी फ्रीक्वेंसी क्या हैं? मेरी नेचुरल स्टेट क्या है, मेरे नेचुरल नंबर क्या हैं, मैं किससे पहचाना जाता हूं? हिन्दू भाषा में जो अक्षरों को नम्बर दिए हुए हैं उनका प्रयोग करते हुए अपने नाम को सशक्त किया जा सकता है। अंकों और अक्षरों का संतुलन बैठा तो नाम सशक्त हो जाता है। एक सेब है उसमें दाग लगा हुआ है तो क्या उसकी कीमत पूरी मिलेगी? उसको दाग कहने की बजाय असंतुलित कहेंगे। तो सेब की कीमत कब मिलती है? जब वह बिल्कुल सही है खराब नहीं हुआ है। दुनिया में कुछ भी जब खराब हो जाता है तो उसकी कीमत गिर जाती है। उदाहरण सेब पूछ रहा है मेरे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। व्यक्ति क्या कहता है? जब मैं मेहनत कर रहा हूं तो मुझे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। न्यूमरोलॉजी में पूछेंगे क्या यह प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी से परे हटा हुआ है, शायद इसलिए उसको पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। तो क्या यहां न्यूमरोलॉजी मदद कर सकती है? अब आपको न्यूमरोलॉजी का तर्क पकड़ में आ गया होगा।

पर्यटन



# देश की संस्कृति और वैभव को आज भी बखूबी कायम रखे हुए है ग्वालियर फोर्ट

गोपांचल पर्वत पर बना ग्वालियर का किले शहर की पहचान है। साथ ही ये देश के सबसे बड़े किलों में से एक है। 8वीं सदी में बना यह किला यहां की संस्कृति और वैभव की पहचान है। जिस पर मुगलों से लेकर ब्रिटिशर तक ने राज किया है। किला दो भागों में बंटा हुआ है एक है मान मंदिर पैलेस और दूसरा गुजरी पैलेस। जिसे अब म्यूजियम का रूप दे दिया गया है। जिसमें मध्यभारत के सबसे ज्यादा कलेक्शन देखे जा सकते हैं। किले में होने वाला लाइट एंड साउंड शो टूरिस्टों को सबसे ज्यादा अट्रैक्ट करता है। विशालकाय ग्वालियर किला बलुआ पत्थर की पहाड़ी पर बना हुआ है और मैदानी क्षेत्र से 100 मीटर ऊंचाई पर है। किले में प्रवेश के लिए दो रास्ते हैं पहला ग्वालियर गेट और दूसरा ऊरवाई गेट। किले की दीवारें एकदम खड़ी हैं। बाहरी दीवार 2 मीटर लंबी और चौड़ाई 1 किमी से लेकर 200 मीटर तक है। पहाड़ी तक जाने वाले रास्ते की चट्टानों पर खूबसूरत नक्काशी देखने को मिलती है। किले की वास्तुकला गजब की है। किले का मुख्यद्वार हाथी पूल के नाम से जाना जाता है। किले के स्तंभों पर ड्रैगन की नक्काशी है। किले पर गुरु गोविंद की स्मृति में एक गुरुद्वारा बना हुआ है। साथ ही पुरानी शैली का मानसिंह महल भी यहां है। इसके अलावा सहस्त्रबाहु मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, तेली मंदिर 14वीं सदी की गुफाएं भी यहां आकर देख सकते हैं। इसके साथ ही जहांगीर महल, कर्ण महल, विक्रम महल और शाहजहां महल भी बहुत ही खास है। किला दो भाग में बंटा है। मुख्य किला और महल (गुजारी महल और मान मंदिर महल)। इन किलों का निर्माण राजा मान सिंह ने करवाया था। हेरिटेज साइट होने की वजह से यह किला पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। लेकिन नवंबर से मार्च का महीना किले को घूमने के लिए है बेस्ट। जब न तो बहुत गर्मी होती है न ही ठंड। आराम से किले की हर एक जगह को एक्सप्लोर किया जा सकता है। शहर से 8 किमी की दूरी पर स्थित है ग्वालियर एयरपोर्ट। जहां हमेशा टैक्सी और बसों की सुविधा मौजूद रहती है।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान : एआरटीओ ने 18 वाहन चालकों के काटे चालान

## हेलमेट के प्रति जागरूकता और नियमों का पालन करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा चलाया जा रहा 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। गुरुवार को इस अभियान के चौथे दिन भी प्रवर्तन दल की टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पहुंचे वाहन चालकों की जांच की। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अंकिता शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाते पाए गए 18 वाहन चालकों के चालान किए गए। एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि ल्हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन की ढाल है। हर व्यक्ति को सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।ङ्क उन्होंने वाहन चालकों से न सिर्फ खुद हेलमेट पहनने, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। टीम ने मौके पर ही वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट की महत्ता और नियमों के पालन के फायदे बताए। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न उपलब्ध कराएँ और इस अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। अभियान के चलते आमजन में हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता का संदेश तेजी से फैल रहा है। विभाग का मानना है कि इस पहल से सड़क हादसों में कमी आएगी और लोगों की जानें सुरक्षित रहेंगी।

# बुलडोज़र की गर्जना से थर्राए अतिक्रमणकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा चलाया जा रहा 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। गुरुवार को इस अभियान के चौथे दिन भी प्रवर्तन दल की टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पहुंचे वाहन चालकों की जांच की। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत सहायक सम्भागीय

## एनएचआई का बड़ा एक्शन फुटपाथ और नाला पूरी तरह खाली

## चेतावनी : दोबारा कब्ज़ा किया तो होगी सख़्त कार्रवाई

लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर अतिक्रमण हटवाया गया है नाली फुटपाथ पर दुबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है यह अभियान समय समय पर आगे भी चलता रहेगा
श्री राजेश विश्वकर्मा
एसडीएम हैदरगढ़

हैदरगढ़ बाराबंकी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) का बुलडोज़र जब गरजा तो फुटपाथ और नाले तक कब्ज़ा जमाए अतिक्रमणकारियों में खौफ़ दौड़ गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे चरण में सोमवार को लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर सुबेहा तिराहे से वापस चौराहे तक सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध रूप से बनाए गए टीन शेड ढहाए गए, ठेलेऽखोमचे और काउंटर हटाए गए, जिससे पैदल राहगीरों और वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह साफ़ हो गया। जैसे ही एनएचआई का बुलडोज़र, जिसे स्थानीय लोग 'बज्र' भी कहते हैं, अतिक्रमण पर बढ़ा आधे से ज़्यादा दुकानदार और खोमचे वाले खुद ही अपना सामान समेटने लगे। बुलडोज़र की गड़गड़ाहट सुनकर अतिक्रमणकारियों के बीच अफ़राऽतफ़री मच गई। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, के निर्देश पर उपजिलाधिकारी श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा और एनएचआई मैनेजर बीर भान सिंह ने अतिक्रमण के विरुद्ध कमान संभाली। मौके पर राजस्व और पुलिस टीम की भारी मौजूदगी रही। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई ताकि भविष्य में किसी विवाद की गुंजाइश न रहे। रूट पेट्रोलिंग मैनेजर आदित्य चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि हाइवे की दोनों पटरियों से अतिक्रमण पूरी तरह हटवा दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी ने दोबारा कब्ज़ा करने की कोशिश की तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हाइवे और फुटपाथ पर अवैध कब्ज़े लंबे समय से आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे।पैदल चलने वालों को सड़कों पर उतरकर चलना पड़ता था।नाले तक फैले अतिक्रमण से जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ रही थी। आपातकालीन वाहनों की आवाजाही भी बाधित होती थी। अब अभियान के बाद राहगीरों और वाहनों को राहत मिलेगी। कार्रवाई के बाद कई स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और प्रशासन का आभार जताया। वहीं, कुछ छोटे दुकानदारों ने अपनी रोज़ी-रोटी छिनने की चिंता भी जताई। लेकिन प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक हित सर्वोपरि है और सड़कोंऽफुटपाथ को कब्ज़ा मुक्त रखना ज़रूरी है।

# बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यशाला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत वित्तीय समावेशन की जागरूकता बढ़ाने और विभिन्न विभागों के बीच अभिग्रहण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड निंदूरा परिसर में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ आलोक वर्मा ने की। कार्यशाला का संचालन माइक्रोसेव कंसल्टिंग (नीति आयोग डेवलपमेंट पार्टनर) की टीम तथा संतोष कुमार सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, बाराबंकी), प्रशांत वर्मा (सहायक प्रबंधक, एयरटेल पेमेंट बैंक), रवि शंकर पांडेय (जिला समन्वयक), नबी अहमद (केंद्र प्रभारी), सुधीर कुमार (सहायक वित्तीय), शशांक गंगवाल (राज्य वित्तीय समावेशन समन्वयक, लखनऊ) और राजेश खन्ना (सेबी प्रशिक्षक, लखनऊ) ने किया। इस दौरान बैंक सखी, बीसी सखी और एफएलसीआरपी सखी को प्रोजेक्टर के माध्यम से वित्तीय समावेशन का महत्व समझाया गया तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंकिंग टचप्वाइंट को मजबूत करने, निष्क्रिय बीसी प्वाइंट सक्रिय करने और डाक सेवकों के विस्तार पर जोर दिया गया। कार्यशाला में डिजिटल लेन-देन, यूपीआई व एईपीएस के उपयोग को बढ़ावा देने, धोखाधड़ी रोकथाम और शिकायत निवारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाने और पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएम किसान, केसीसी और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर बीडीओ आलोक वर्मा के साथ सीएम फ़ेलो डॉ. अलकमा आदि भी सम्मिलित रहे।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, राजभर का बयान





कैनविज टाइम्स संवाददाता

## चाहे और विरोध प्रदर्शन पुतला दहन

बाराबंकी। पुलिस प्रशासन और रामस्वरूप महाविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में शिवसेना भी सड़क पर उतरी है। मनोज मिश्रा विद्रोही ने आज विरोध प्रदर्शन के साथ पुतला दहन भी किया। ''सिरौली गौसपुर'' प्रतिनिधि सचिन कुमार ने बताया कि अखिलभरतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की शाम करीब 6 बजे कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का पुतला दहन किया। यह कार्रवाई राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में हुए लाठीचार्ज के विरोध में की गई। मंत्री श्री राजभर ने परिषद कार्यकर्ताओं को गुंडा कहा है।

सोमवार को यूनिवर्सिटी द्वारा शोषण व विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे एलएलबी छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस घटना में दो दर्जन छात्र घायल हुए। मंत्री राजभर द्वारा विद्यार्थी परिषद के लोगों को गुंडा कहे जाने से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

आक्रोशित छात्रों ने मंत्री के पुतले को जूते-चप्पलों की माला पहनाकर बदोसराय के मुख्य चौराहे उसे जला दिया। लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने और यूनिवर्सिटी से सरकारी जमीन का अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई है।

प्रदर्शन में विद्यार्थी परषद के जिला सहसंयोजक आलोक कनौजिया, शशिधर पांडे, अनुभव त्रिवेदी, आदित्य पांडे, रत्नाकर तिवारी, अतुल तिवारी, सिद्धार्थ पांडे, शुभम मौर्य, नितिन मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हैदरगढ़ में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, सात नमूने भरे



हैदरगढ़ बाराबंकी उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग व पूर्ति निरीक्षक की टीम ने कस्बे के राजू लस्सी एंड स्वीट कॉर्नर पर छापेमारी कर मिठाई की गुणवत्ता जांची। इस दौरान घी व रिफाइंड तेल समेत सात नमूने परीक्षण हेतु लिए गए। निरीक्षण में डस्टबिन में मिली खराब मिठाई व चटनी को तत्काल नष्ट कराया गया। एसडीएम ने निर्देश दिया कि अनुपयोगी या खराब सामग्री को उसी दिन नष्ट करना अनिवार्य है। शाम करीब 5 बजे दल-बल के साथ पहुंचे एसडीएम ने कारखाने का भी निरीक्षण किया। यहाँ स्वच्छता मानक संतोषजनक मिले। मिठाइयाँ ढकी हुई थीं और सभी कर्मचारी ग्लव्स पहने हुए मिले। एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार चलाया जाएगा।

## व्यापारी पर हमला प्रकरण हिंदू संगठन लामबंद

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अनवारी के दुकानदार वेंकटेश राठौर पर बीती 27 अगस्त को हुए जानलेवा हमले के मामले में अब तक नामजद और अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को निंदूरा प्रखंड में हुई विहिप की बैठक में विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश पहुंचे। बैठक के दौरान पीड़ित वेंकटेश राठौर परिजनों संग मौजूद रहे और घटना का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि मार्निंग वाक के दौरान गंगोली गांव के सलमान व उसके पांच साथियों ने घात लगाकर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल वेंकटेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कुर्सी थाने में दो नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

विहिप नेताओं ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। संगठन ने अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कड़ा कदम उठाया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, जिला मंत्री राहुल कुमार, रमाकांत बाजपेयी, तुलसीराम चौहान, प्रखंड अध्यक्ष अमित गुप्ता, बजरंग दल प्रखंड संयोजक मुकेश सिंह, सह संयोजक आशीष सोनी, शिव शंकर सिंह और कमला चौहान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्राइमरी टीचर फ़ेडरेशन ने उठाई,नीतिगत समाधान की मांग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आल इण्डिया प्राइमरी टीचर्स फ़ेडरेशन'' अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों को मांग पत्र भेज कर अनुरोध किया है कि विभागीय अधिकारियों एवं संगठन के प्रतिनिधियों के साथ आपसी विचार करते हुए आप इस निर्णय के निहितार्थ की तत्काल समीक्षा करें और शिक्षा व्यवस्था के हितधारकों के साथ परामर्श करते हुए एक नीतिगत समाधान प्रस्तुत कराने की कृपा करें। जिसमें कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एंव शिक्षक अधिकारों दोनों का सम्मान हो सके। यह भी कहा है कि देश के शिक्षक/शिक्षिकाए शिक्षा प्रणाली में सुधार किए जाने एंव शिक्षा गुणवत्ता को सशक्त बनाए जाने के खिलाफ नहीं हैं न ही हम शिक्षा गुणवत्ता आश्वासन के खिलाफ हैं। देश के शिक्षक/शिक्षिकंाए इसका कदापि समर्थन नही करते कि शिक्षा व्यवस्था व पठन पाठन कहीं से भी कमजोर हो लेकिन देश के नव निमार्ण करने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ ऐसा व्यवहार नही होना चाहिए जो उनके मानवीय गरिमा, रोज़गार की सुरक्षा को ठेस पहुंचाए, जिन्होंने अपना जीवन देश के नव निहाल बच्चों के भविष्य को सजाने संवाराने में समर्पित किया है।

## जलस्तर बढ़ा, तराई वासियों की मुश्किलें बढ़ीं

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरयू नदी का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। नदी की तलहटी के गांवों में ग्रामीण दहशत जदा है। यहां तराई वासियो की दुश्वारियां बढ़ गई है । वहीं प्रशासन हर परिस्थित से निपटने के लिए अलर्ट है। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे नदी का पानी खतरे के निशान से 45 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा था। जो शाम चार बजे तक 47 सेंटीमीटर पहुंचा। लगातार नेपाल से छोड़े जा रहे पानी के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। नदी किनारे बसे गांव चारों तरफ बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। एसडीएम प्रीति सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने राजस्व टीम के साथ कोठरी गोरिया, सनावा, गोबरहा सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने इटहुवा पूरब में बांध का भी जायजा किया। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी। एसडीएम सुश्री सिंह ने बताया कि राजस्व टीम लगातार बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है। बाढ़ चौकी पर लेखपालों की तैनाती की गई है जो स्थिति की पल-पल की जानकारी दे रहे हैं। अभी तक आबादी वाले क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचा है। जिन गांवों के रास्तों पर पानी भर रहा है, वहां नाव की व्यवस्था की जा रही है।

## धूमधाम से निकली कन्हैया की पालकी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज और बाबागंज में बृहस्पतिवार को धूमधाम से कन्हैया की झांकी निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और बाजों की गूंज के बीच शोभायात्रा ने गांव भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु ल्हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में बाबा परमहंस दास कुटी से भी कन्हैया डोल कस्बा टिकैतगंज में निकाला गया। आयोजन में अभिषेक गुप्ता, कृपांशु, रवि गुप्ता, प्रभात गुप्ता, शिवम गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बहरौली आश्रम, भंडारा भक्तों ने छका प्रसाद

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहरौली ग्राम पंचायत स्थित बाबा मस्त रामदास आश्रम परिसर में गुरुवार को आस्था का अनुपम परिदृश्य देखने को मिला। आश्रम परिसर में लगे मेला में क्षेत्रीय दुकानदारों की विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी थी। बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी कर मेले का भरपूर आनंद लिया। धार्मिक वातावरण में मनोरंजन और उत्साह का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति भाव और मेल-मिलाप के माहौल से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

# सभी विभाग शत प्रतिशत सुनिश्चित करें वृक्षारोपण जिओ टैगिंग : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी, जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन विभागों के द्वारा जिओ टैगिंग शत प्रतिशत नहीं की गई है वे अविलंब करा कर रिपोर्ट प्रेषित करें। विभागवार जिओ टैगिंग सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है। बैठक में जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत दिए गए निर्देशों के क्रम में कूड़े को उठाकर उसको तिरपाल से ढक कर ले जाने की कार्यवाही पर चर्चा की गई। इसके संबंध में ईओ नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि वाहनों पर वर्तमान में कूड़ा तिरपाल से ढककर ले जाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बायो मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण करने के लिए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल जिला महिला अस्पताल सहित समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डम्पिंग साईट छमता एवं कार्यात्मक स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट पर बल दिया गया। जनपद में उत्पन्न हो रहे ठोस अपशिष्ट के उपचार एवं वैज्ञानिक प्रबन्धन (वेस्ट टू कम्पोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी) हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी। बैठक में घाघरा नदी, गोमती नदी, कल्याणी नदी एवं रेठ नदी के घाटों को पर्यटन के रूप में विकसित करने, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण, जनपद में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में गंगा ग्राम सेवा समिति के गठन के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। कल्याणी नदी के घाट पर स्थित प्राचीन मंदिर बाबा रामसनेही पर नियमित आरती कराए जाने के संबंध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी नियमित आरती कराए जाने एवं उसकी सूचना फोटोग्राफ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश ईओ आरएसघाट को दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्री आकाशदीप बधावन, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार, समस्त अपजिलाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, पीडी डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अतुल अवस्थी शाहिद संबंध जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहें।

# एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट की बड़ी सफलता, 2 शातिर तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करोड़ों कीमत की 800 ग्राम मॉर्फीन बरामद

बाराबंकी। एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रदेश में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क पर करारी चोट की है। टीम ने अभियान चलाकर 02 सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 800 ग्राम मॉर्फीन बरामद हुई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 01 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने तस्करों से 01 मोबाइल फोन और 02 मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक ( ए एन टी एफ ) चक्रेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई उसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और तस्करी करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी और तेज गति से जारी रहेगा। इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सख्ती और त्वरित कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वृक्षारोपण समिति की बैठक! डीएम ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## अविलंब करें वृक्षारोपण जिओ टैगिंग

बाराबंकी।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक में उन्होंने कुछ विभागों की कार्य शैली पर नाराजगी जताई?। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के द्वारा जिओ टैगिंग शत प्रतिशत नहीं की गई है वे अविलंब करा कर रिपोर्ट प्रेषित करें। विभागवार जिओ टैगिंग सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है। बैठक में जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत दिए गए निर्देशों के क्रम में कूड़े को उठाकर उसको तिरपाल से ढक कर ले जाने की कार्यवाही पर चर्चा की गई। इसके संबंध में ईओ नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि वाहनों पर वर्तमान में कूड़ा तिरपाल से ढककर ले जाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बायो मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण करने के लिए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल जिला महिला अस्पताल सहित समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डम्पिंग साईट छमता एवं कार्यात्मक स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट पर बल दिया गया। जनपद में उत्पन्न हो रहे ठोस अपशिष्ट के उपचार एवं वैज्ञानिक प्रबन्धन (वेस्ट टू कम्पोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी) हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी। बैठक में घाघरा नदी, गोमती नदी, कल्याणी नदी एवं रेठ नदी के घाटों को पर्यटन के रूप में विकसित करने, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण, जनपद में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में गंगा ग्राम सेवा समिति के गठन के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान कर बने महादानी





कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बालाजी बचपन ग्रुप स्कूल, भव्य आयोजन

बाराबंकी।शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित इस शिविर में कुल 12 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया।इसमें बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के डायरेक्टर अंकुर माथुर ने 53 वीं बार रक्तदान किया।उनके साथ राजा सिंह एडवोकेट ने 55 वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर महादानी बने। लॉर्ड बालाजी क्रिकेट ग्राउंड के मैनेजर गौरव तिवारी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती खुशबू तिवारी, बालाजी का बचपन स्कूल के कक्षा 5 के छात्र राजवीर सिंह व कक्षा एक के छात्र रनवीर सिंह के अभिभावक रंजय सिंह, कक्षा नर्सरी का छात्र अयांश गुप्ता के अभिभावक शुभम गुप्ता, समाजसेवी मोहम्मद आकिब, प्रणव व चंदन ने रक्तदान कर महादान के भागी बने। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई जिंदगी को बचाया जा सकता है। थैलेसीमिया के मरीजों को नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है और हमारा उद्देश्य इन मरीजों के लिए रक्त की कमी को दूर करना है।

बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के अध्यक्ष रविंद्र माथुर ने रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर गौरव सिंह एवं जिला परामर्श अधिकारी पंकज कुमार वविवेकानन्द नन्द त्रिपाठी एवं स्टाफ के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के सदस्य गौरव तिवारी, अहमर शाहबाज मोहम्मद सलीम अद्भुत सिंह पीयूष मौर्य रंजीत ठाकुर आशीष चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# दिग्गज स्पिनर अमित मिश्रा ने 25 साल बाद पेशेवर क्रिकेट को कहा अलविदा

**युवा खिलाड़ियों को निखारने और अनुभव साझा करने के लिए तैयार**




एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। करीब 25 साल लंबे करियर में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मिश्रा ने कहा कि यह फैसला बार-बार होने वाली चोटों और नई पीढ़ी को मौका देने की सोच के चलते लिया गया है। अपने करियर के दौरान अमित मिश्रा ने भारतीय टीम के लिए कई यादगार स्पेल फेंके। टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को परेशान किया। आईपीएल में भी वह सबसे सफल गेंदबाजों में शुमार रहे और कई हैट्रिक अपने नाम कीं। मेहनत, अनुशासन और क्रिकेट के प्रति जुनून ने उन्हें लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बना दिया। रिटायरमेंट पर अमित मिश्रा ने कहा, क्रिकेट के ये 25 साल मेरे जीवन के लिए अविस्मरणीय रहे। मैं बीसीसीआई, प्रशासन, हरियाणा क्रिकेट संघ, सपोर्ट स्टाफ, अपने साथियों और परिवार का दिल से आभारी हूं। खासकर उन फैन्स का धन्यवाद करता हूं, जिनका प्यार और समर्थन मुझे हर जगह मिला। क्रिकेट ने मुझे अनगिनत यादें और अनुभव दिए, जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगा। संन्यास के बाद मिश्रा ने संकेत दिए कि वह क्रिकेट से जुड़े रहेंगे। चाहे कोचिंग हो, कमेंट्री या युवा खिलाड़ियों को गाइड करना, वह हर तरह से क्रिकेट को वापस देना चाहते हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भी वह सक्रिय रहेंगे और फैन्स के साथ जुड़े रहेंगे। अमित मिश्रा की विरासत सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका अनुभव और समझ आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुमूल्य धरोहर साबित होगी।

# यूएस ओपन में यूकी भांबरी ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



न्यूयॉर्क। भारत के टेनिस स्टार यूकी भांबरी ने बुधवार को यूएस ओपन पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जिसे उन्होंने न्यूजीलैंड के पार्टनर माइकल वीन्स के साथ मिलकर हासिल किया। इंडो-कीवी जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेक्टिक और राजीव राम को 6-3, 6-7(8), 6-3 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। इससे पहले प्री-क्वार्टरफाइनल में भांबरी-वीन्स की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज़ और टिम प्यूट्ज़ को बाहर कर दिया था। 33 वर्षीय भांबरी के लिए यह करियर का सबसे बड़ा मुकाम है। कई सालों तक चोटों से जूझने और सिंगल्स से डबल्स में ट्रांजिशन करने के बाद उन्होंने यह बड़ी सफलता हासिल की। साल 2009 के ऑस्ट्रेलियन ओपन बॉयज़ चैंपियन और पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर-1 रहे भांबरी ने अब सीनियर स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। इस जीत के साथ भारत की पुरुष युगल में शानदार परंपरा और आगे बढ़ी है, जहां पहले लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना जैसे दिग्गजों ने भी दमदार प्रदर्शन किया था। क्वार्टरफाइनल में भांबरी और वीन्स ने पहले सेट में शानदार शुरुआत की। भांबरी ने मेक्टिक की सर्विस पर रिटर्न विनर लगाकर ब्रेक हासिल किया और 3-1 की बढ़त बनाई। निर्णायक सेट में 3-3 की बराबरी के बाद मेक्टिक की डबल फॉल्ट से इंडो-कीवी जोड़ी ने बढ़त हासिल की और अंततः 6-3 से मुकाबला अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में भांबरी और वीन्स का सामना ब्रिटेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी जो सॉलिसबरी और नील स्कुप्स्की से होगा।

# एशिया कप से पहलेलगातार तीसरे टी20 सीरीज जीत से उत्साहित हैं लिटन दास

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश टी20 टीम के कप्तान लिटन कुमार दास ने कहा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार है। टूर्नामेंट का आगाज़ 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। बांग्लादेश ने हाल ही में नीदरलैंड्स को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 से हराया। तीसरा मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। यह बांग्लादेश की लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत है। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। लिटन ने टीम की इस सफलता का श्रेय प्री-सीरीज कैंप को दिया। टीम ने पहले ढाका में फिटनेस कैंप लगाया और फिर सिलहट में स्किल कैंप आयोजित किया, जहां बेहतर पिचों पर खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। लिटन ने कहा, मुझे लगता है हम एशिया कप के लिए अच्छी तरह तैयार हैं। जो कैंप हमने किया था, वह सिर्फ इस सीरीज के लिए नहीं था, बल्कि एशिया कप को ध्यान में रखकर किया गया था। मैंने पहले कभी इतना अच्छा कैंप नहीं देखा। उन्होंने आगे कहा, फिटनेस तो मीरपुर में भी हो सकती थी, लेकिन जिस तरह की प्रैक्टिस की ज़रूरत थी, वह केवल सिलहट में संभव थी। कुल मिलाकर यह यात्रा हमारे लिए बहुत फायदेमंद रही। लिटन ने इस दौरान खिलाड़ियों को मिले मैच टाइम को भी अहम बताया। जिसे भी खेलने का मौका मिला, उसने अच्छा प्रदर्शन किया। सिर्फ सैफुद्दीन ही कुछ खास नहीं कर पाए। बाकियों ने कम से कम एक मैच में योगदान दिया। प्रैक्टिस जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है मैच में प्रदर्शन करना। मैच खेलने से ही खेल का अनुभव और समझ बढ़ती है। उन्होंने माना कि सभी बल्लेबाज़ों को मौके नहीं मिल पाए, लेकिन इसे सकारात्मक संकेत बताया।

# महिला एशिया कप हॉकी में नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी



हांगझोउ (चीन)। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत करने उतरेगी। विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। चीन ( चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा। अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है। सविता टखने की चोट के कारण बाहर है जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही है। फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा , शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा। भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन इस साल अच्छा नहीं रहा है और एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में आखिरी स्थान पर रहने के बाद टीम नीचे खिसक गई। भारत ने एशिया कप 2004 और 2017 में जीता है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को भी पता है कि प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बाद उन पर अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव होगा। भारत ने प्रो लीग के 16 मैचों में 100 से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर गंवाये जिनमे से 17 बेल्जियम के खिलाफ ही गंवा दिये। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी।

भारतीय टीम : बांसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबम (गोलकीपर), मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, नेहा, वैष्णवी फाल्के, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी, सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, साक्षी , संगीता कुमारी।

# सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर 14 अक्टूबर को गोवा में

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंगापुर के खिलाफ़ एएफसी एशियाई कप ग्रुप सी का आखिरी दौर का क्वालीफायर 14 अक्टूबर को गोवा में खेला जायेगा। एआईएफएफ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया ,'' एएफसी एशियाई कप ग्रुप सी का आखिरी दौर का क्वालीफायर भारत और सिंगापुर के बीच 14 अक्टूबर को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर होगा। पहले चरण का मैच सिंगापुर के नेशनल स्टेडियम पर नौ अक्टूबर को खेला जायेगा। सिंगापुर इस समय एक जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर है जबकि भारत एक ड्रॉ और एक हार के साथ सबसे नीचे है। ग्रुप के विजेता को सउदी अरब में 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी।

# जीएसटी सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाए उद्योग : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधारों को बृहस्पतिवार को ''परिवर्तनकारी'' एवं आजादी के बाद का ''सबसे बड़ा सुधार'' करार दिया और उद्योग जगत से इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों से करीब सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी और देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने उद्योग जगत से 'मेड इन इंडिया' को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। गोयल ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी में कमी से हर उपभोक्ता को लाभ होगा। उन्होंने कहा, '' पिछले 11 वर्ष में की गई कई पहल के फलस्वरूप कल जीएसटी में अप्रत्यक्ष करों में जो सुधार किया गया३वह परिवर्तनकारी है। इसका दवा क्षेत्र पर तथा किसानों से लेकर हमारे एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) तक विभिन्न क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। गोयल ने कहा, '' देश के प्रत्येक हितधारक, प्रत्येक उपभोक्ता को इसका लाभ मिलेगा। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों को '' बड़ा बदलाव '' बताते हुए मंत्री ने कहा कि यह कदम 2047 तक विकसित देश बनने की यात्रा में आने वाले महीनों व वर्षों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गोयल ने उद्योग जगत से '' जीएसटी के सभी लाभों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने'' का आग्रह किया। कार्यक्रम से इतर गोयल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में परिवर्तनकारी और अभूतपूर्व सुधार का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा अपने वादे पूरे करते हैं। गोयल ने कहा, '' हमने सोचा था यह बड़ा होगा लेकिन यह आजादी के बाद से भारत में अबतक का सबसे बड़ा सुधार साबित हुआ है।

# जीएसटी दर बढ़ने से पेट्रोलियम खोज एवं उत्पादन हो जाएगा महंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीएसटी परिषद के फैसले के बाद देश में तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन महंगा हो जाएगा। इसकी वजह यह है कि इस क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर कर की दर 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी परिषद की बुधवार को हुई बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। नई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। एक आधिकारिक नोट के मुताबिक, पेट्रोलियम कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस की खोज, खनन अथवा ड्रिलिंग से संबंधित सेवाओं पर अब माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 18 प्रतिशत की दर से लगेगा और इसके साथ इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भी मिलेगा। यही व्यवस्था इस क्षेत्र की सहयोगी सेवाओं के लिए भी होगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, ''कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस के जीएसटी के दायरे से बाहर होने के कारण इनकी बिक्री पर टैक्स ऑफसेट उपलब्ध नहीं होगा। कंपनियां उत्पादन पर दिए गए अतिरिक्त जीएसटी को बिक्री के समय समायोजित नहीं कर पाएंगी जिससे उनके लिए फंसे हुए कर की स्थिति पैदा होगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2025 से वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और ओपेकप्लस द्वारा उत्पादन कटौती में ढील देने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल एवं गैस के दाम काफी घट गए हैं। ऐसे में उत्पादन लागत बढ़ने और दामों में कमी आने से पेट्रोलियम खोज एवं उत्पादन क्षेत्र के लिए दोहरी चुनौती पैदा होगी। चॉइस इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज के धवल पोपट ने कहा कि तेल और गैस की खोज, उत्पादन और पाइपलाइन सेवाओं पर जीएसटी दर 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने से परिचालन लागत बढ़ेगी और पेट्रोलियम कंपनियों का मुनाफा घटेगा। उन्होंने कहा कि अधिक जीएसटी दर से खोज एवं उत्पादन परियोजनाएं प्रतिस्पर्धी नहीं रह जाएंगी जिससे घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आयात निर्भरता घटाने के प्रयासों को झटका लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फिटे ग्रैंड शतरंज : प्रज्ञानानंदा का सामना जैफ्री शियोंग से, बाकरोट से खेलेंगे गुकेश

**समरकंद (उजबेकिस्तान)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग से खेलेंगे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर फ्रांस के एटियेने बाकरोट से होगी। ओपन वर्ग में 116 और महिला वर्ग में 56 खिलाड़ी 855000 डॉलर ईनामी राशि के लिये मुकाबला करेंगे जिसमें से 625000 पुरस्कार ओपन वर्ग में होगा। यह टूर्नामेंट अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफायर है लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन, फ़ेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन को क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है और वह विश्व चैम्पियनशिप नहीं खेलते हैं। कारूआना कैंडिडेट्स के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं और नकामूरा को यकीन है कि जनवरी 2026 तक की औसत रैंकिंग के आधार पर वह जगह बना लेंगे। ओपन और महिला वर्ग से दो कोटा स्थान तय होंगे। इन तीनों के नहीं खेलने से शीर्ष तीन वरीयता भारतीय खिलाड़ियों को मिली है। दुनिया के चौथे, पांचवें और छठे नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख भी ओपन वर्ग में उतरेंगी जो महिला कैंडिडेट्स के लिये क्वालीफाई कर चुकी हैं। वह महिला वर्ग में भाग नहनीं ले रही हैं।


## कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0ख0-तिलोई, अमेठी

पत्रांक: जर्जर भवन / नीलामी/659-67/2025-26 दिनांक-03/09/2025

### नीलामी विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वि0ख0-तिलोई के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी / ध्वस्तीकरण हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य अथवा सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है, जिनकी विद्यालयवार न्यूनतम मूल्यांकित निम्नवत है-1. कम्पो0वि0 ढोढनपुर 10964 (ए0सी0आर0) 2. कम्पो0वि0 ढोढनपुर 103190 (उ0प्रा0 मूलभवन) 3. कम्पो0वि0 रमई 10113 (ए0सी0आर0) 4. कम्पो0वि0 अकबरपुरफर्शी 31589 (ए0सी0आर0) 5. कम्पो0वि0 अकबरपुरफर्शी 9867 (किचेन) 6. कम्पो0वि0 पाकरगांव 10658 (ए0सी0आर0) 7. कम्पो0वि0 पाकरगांव 18911 (ए0सी0आर0) 8. कम्पो0वि0 पाकरगांव 6808 (किचेन) 9.प्रा0वि0 बालापुर 9749 (ए0सी0आर0) 10. प्रा0वि0 बालापुर 9036 (ए0सी0आर0) 11. प्रा0वि0 भगीरथपुर 8603 (ए0सी0आर0) 12. प्रा0वि0 भगीरथपुर 60224 (मूलभवन) 13. प्रा0वि0 भगीरथपुर 7743 (किचेन) 14. प्रा0वि0 सैम्बसी 10319 (ए0सी0आर0) 15. प्रा0वि0 सैम्बसी 10069 (ए0सी0आर0) 16. प्रा0वि0 शाहमऊ 9128 (ए0सी0आर0) 17. प्रा0वि0 शाहमऊ 10530 (ए0सी0आर0) 18. प्रा0वि0 शाहमऊ 10069 (किचेन) 19. कम्पो0वि0 जनापुर 20970 (ए0सी0आर0) 20. प्रा0वि0 धनुहा 24944 (मूलभवन) 21.प्रा0 वि0 कोटवा 9868 (ए0सी0आर0) 22. प्रा0वि0 पूरे बसंती 9077 (ए0सी0आर0) 23. प्रा0वि0 बसावनदास 75211 (मूलभवन) 24. प्रा0वि0 राजापुर-1 9645 (मूलभवन) 25. प्रा0वि0 सवितापुर 26313 (ए0सी0आर0) 26. प्रा0वि0 सेमरौता 16953 (मूलभवन) 27. प्रा0वि0 विराज 9133 (ए0सी0आर0) 28. प्रा0वि0 हरिहरपुर 12541 (मूलभवन) नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति / फर्म उक्त विद्यालयों का नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि की DD प्रतिभूति के रूप में सम्बंधित विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तों सहित प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक-09.09.2025 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। नीलामी दिनांक-10.09.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (सभागार) में संपादित की जायेगी। दिनांक-10.09. 2025 को नीलामी पूर्ण नहीं होने की दशा में पुनः दिनांक-16.09.2025 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की जायेगी। यदि कोई जर्जर विद्यालय नीलामी से शेष रहता है तो उसकी पुनः दिनांक-23.09.2025 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की जायेगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**वि0ख0-तिलोई, अमेठी**


# जीएसटी छूट लागू होने पर बीमा कंपनियों को संचित आईटीसी पड़ेगा लौटाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीएसटी छूट लागू होने के बाद जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को 21 सितंबर, 2025 तक संचित इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को वापस लौटाना होगा। इससे कंपनियों पर लागत का बोझ बढ़ेगा। कर विशेषज्ञों ने यह बात कही है। व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों को हालांकि लाभ होगा क्योंकि 22 सितंबर से प्रीमियम भुगतान पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) छूट लागू हो जाएगी। वर्तमान में ऐसी पॉलिसी के प्रीमियम भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि संचित आईटीसी का उपयोग केवल 21 सितंबर, 2025 तक की गई वस्तुओं/सेवाओं या दोनों की आपूर्ति के लिए बाहरी देयताओं के भुगतान हेतु ही किया जा सकता है। इसने कहा, '' हालांकि, परिवर्तित दर लागू होने यानी 22 सितंबर, 2025 को या उसके बाद३सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत आईटीसी को वापस करना होगा। केंद्र एवं राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी को पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना में बदलने को मंजूरी दे दी। इसमें तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों एवं अति-विलासिता वाली वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर शामिल है। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब में लगाया जाता है। कर की दरों में बदलाव के तहत जीवन बीमा पर जीएसटी से छूट दी गई है जिसमें टर्म, यूलिप, एंडोमेंट प्लान और पुनर्बीमा सेवाएं शामिल हैं। वर्तमान में ऐसी पॉलिसी के प्रीमियम भुगतान पर 18 प्रतिशत कर लगता है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि बीमा कंपनियां बड़ी मात्रा में सामान्य 'इनपुट' सेवाओं जैसे आईटी मंचों, पेशेवर सेवाएं और शाखा संचालन से निपटती हैं जिससे ऋण का पृथक्करण जटिल हो जाता है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 24.09.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09502025 dated 03.09.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 09-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 2. 10-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 3. 11-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 4. 12-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 5. 13-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 6. 14-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/ पीवे/ श्रीकृष्णानगर सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| | | 2. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/ सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/ पीवे/ द्वितीय/सुलतानपुर सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| | | 3. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/ सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/पीवे/उतरेटिया सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| | | 4. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/ सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/पीवे/प्रथम/सुलतानपुर सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| | | 5. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/ सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/पीवे/ सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| | | 6. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/ निहालगढ़ के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर/पीवे/लम्भुआँ सेक्शन में विविध ट्रैक का रखरखाव कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 7964587.28 2. Rs. 7961833.81 3. Rs. 16170155.81 4. Rs. 10828530.68 5. Rs. 9073560.59 6. Rs. 13001107.13 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 159300.00 2. Rs. 159200.00 3. Rs. 230900.00 4. Rs. 204200.00 5. Rs. 181500.00 6. Rs. 215000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 से 6 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 10.09.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.09.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2670/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती, केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरण याचिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025' के प्रचार और विनियमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने की उससे गुहार लगायी है।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका में संबंधित याचिकाओं को तीन उच्च न्यायालयों से उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है ताकि परस्पर विरोधी फैसलों से बचा जा सके। याचिकायें कर्नाटक, दिल्ली और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। केंद्र ने अपनी याचिका में विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित रिट याचिकाओं की सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की है। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की उस याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की है।

केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने कहा, केंद्र ने एक स्थानांतरण याचिका दायर की है। ऑनलाइन गेमिंग विनियमन अधिनियम को तीन उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है। अगर इसे सोमवार को सूचीबद्ध किया जा सकता है, क्योंकि यह कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष अंतरिम आदेशों के लिए सूचीबद्ध है, तो क्या यह संभव है? याचिका में कहा गया है कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में एक ही या लगभग समान कानूनी प्रश्न से संबंधित और एक ही विवादित अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाले कई मुकदमे लंबित हैं। इस कारण से यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के मतभेद या कार्यवाहियों की बहुलता से बचने के लिए इसे शीर्ष न्यायालय या किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद उच्च न्यायालयों में अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए कई याचिकाएँ दायर की गईं। इस कानून को ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने और रणनीतिक रूप से विनियमित करने के उद्देश्य से पारित किया गया था। साथ ही, नागरिकों को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से बचाने और साथ ही ऑनलाइन गेमिंग के अन्य रूपों को प्रोत्साहित और विनियमित करने के उद्देश्य



से पारित किया गया था। याचिका में कहा गया है कि यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19(1)(जी) (व्यवसाय करने का अधिकार) और 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन करता है या नहीं, जैसे प्रश्न उठाता है। एक अन्य मुद्दा यह भी उठाया गया कि क्या यह कानून संघीय ढांचे के तहत राज्यों की विधायी क्षमता का अतिक्रमण करता है। एक अन्य प्रश्न यह था कि क्या विवादित अधिनियम कौशल के खेल और भाग्य के खेल के बीच अंतर करने में विफल रहा, जिससे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन हुआ। इससे संबंधित विधेयक 20 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था। इसे दो दिनों के भीतर संसद के दोनों सदनों में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया और 22 अगस्त को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुयी थी।

## सुप्रीम कोर्ट का दवा कानून पर सवाल, 'अगर बिना दांत के बाघ है तो इसका उद्देश्य क्या है?'

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए समान संहिता (यूसीपीएमपी) 2024 के संबंध में गुरुवार को सवाल किया कि अगर यह संहिता एक 'बिना दांत का बाघ है' तो इसका उद्देश्य क्या है? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने 'फ़ेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वास्तविक ''कठिनाई'' मानदंडों के कार्यान्वयन में है। पीठ ने दवाओं के प्रचार के किसी भी अनैतिक तरीके पर अंकुश लगाने के मद्देनजर दवा कंपनियों की विपणन प्रथाओं के लिए एक समान संहिता की मांग वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान और भी कई सवाल किये। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका में की गई गुहार का अब कोई मतलब नहीं रह गया, क्योंकि एक वैधानिक व्यवस्था पहले से ही लागू है। इस पर पीठ ने कहा, ''मुश्किल यह है कि व्यवस्था तो मौजूद है, लेकिन क्या उसका वास्तव में पालन होता है या नहीं।'' इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि पिछले साल एक नई व्यवस्था लाई गई थी। पीठ ने पूछा, ॣयही चिंता का विषय है कि अगर यह एक बिना दांत का बाघ है... तो इसका उद्देश्य क्या है। श्री मेहता ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा, ॣयह एक ऐसा 'बाघ' है जिसके नियंत्रण में सारी शक्ति है। पीठ ने मामले की सुनवाई सात अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि जब तक इस याचिका के मद्देनजर एक प्रभावी कानून नहीं बन जाता, तब तक शीर्ष अदालत दवा कंपनियों द्वारा अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित और विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित कर सकती है। इसकी जगह वैकल्पिक रूप से मौजूदा संहिता को उचित संशोधनों/परिवर्धन के साथ बाध्यकारी बना सकती है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय चिकित्सा परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार और नैतिकता) विनियम, 2002, दवा और संबद्ध स्वास्थ्य क्षेत्र उद्योग के साथ डॉक्टरों के संबंधों के लिए एक आचार संहिता निर्धारित करते हैं। इसमें डाक्टरों दवा कंपनियों से उपहार, मनोरंजन, यात्रा सुविधाएँ, आतिथ्य या मौद्रिक अनुदान स्वीकार करने पर रोक लगाने का प्रावधान है। गौरतलब है कि यूसीपीएमपी 2024 पिछले साल लागू की गई थी।

# देश में सड़क दुर्घटनाओं से जीडीपी में 3 फीसदी का नुकसान : गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा को देश की प्राथमिकता बताते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल औसतन 4.80 से 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें लगभग 1.80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इन दुर्घटनाओं से जीडीपी को 3 फीसदी का नुकसान होता है, जो किसी बीमारी या युद्ध से भी अधिक है।

गडकरी ने फिक्की के 7वें रोड सेफ्टी अवॉर्ड्स एंड सिम्पोजियम 2025- 'विजन जीरोः लाइफ फर्स्ट, ऑलवेज' कार्यक्रम में कहा कि सालाना होने वाली सभी दुर्घटनाओं में 66.4 फीसदी मौतें 18 से 45 साल के युवाओं की होती हैं, जो देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 18 साल से कम उम्र के 10 हजार बच्चों की सालाना मौत होती है, जो चिंता का विषय है। हेलमेट न पहनने से करीब 30,000 और सीट बेल्ट न लगाने से 16,000 मौतें सालाना होती हैं। इन आंकड़ों को कम करने के लिए सरकार ने नई बाइक खरीदने वालों को दो हेलमेट देने की अनिवार्यता लागू की है। साथ ही, जागरूकता फैलाने के लिए अमिताभ बच्चन के साथ सालाना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए शंकर महादेवन का एक गीत 22 भाषाओं में अनुवादित कर स्कूली बच्चों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल अभियान भी शुरू किया गया है। उन्होंने वाहन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल उद्योग में इस बदलाव से परफ़ेक्शन आया है, जिससे वाहन दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद है। ट्रक ड्राइवरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जो 16-18 घंटे लगातार गाड़ी चलाते हैं, उनके केबिन में एसी अनिवार्य किया गया है। गर्मी और थकान से होने वाली अस्वस्थता को कम करने के लिए फटीग और स्लीप डिटेक्शन सिस्टम पर भी काम चल रहा है। उन्होंने बसों की सुरक्षा को लेकर कहा कि पहले बस बॉडी कोड में खामियां थीं, जिसे सुधारने में समय लगा। अब विश्वस्तरीय बस बॉडी कोड को अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। नेशनल हाई-वे पर हर दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण कर सुधार की कोशिश की जा रही है। दुर्घटना पीड़ितों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए 25 हजार रुपये का इनाम और हर दुर्घटना में न्यूनतम 1.5 लाख रुपये या 7 दिन का अस्पताल खर्च बीमा में शामिल करने का फैसला लिया गया है। गडकरी ने कहा कि सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं क्रमशः उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में होती हैं। हमने सभी सुधार किए, लेकिन जो मानव व्यवहार था उसे बदलने में हम कामयाब ही नहीं हुए हैं। सालाना 30 हजार एक्सीडेंट सिर्फ इसलिए हुए कि इन एक्सीडेंट में शामिल लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं था। महाराष्ट्र में पहले की अपनी एक सड़क दुर्घटना को याद करते हुए गडकरी ने कहा कि उनके दुर्घटना की जब जांच हुई तो पता चला कि उनके ड्राइवर को मोतियाबिंद था, जिसका पता दुर्घटना के बाद चला। इसके बाद जब वे परिवहन मंत्री बने तो ड्राइवरों की देशव्यापी जांच में पता चला कि देश के 40 फीसदी ड्राइवरों में मोतियाबिंद है, जिसमें एक मुख्यमंत्री का ड्राइवर दोनों आंखों से अंधा और एक केंद्रीय मंत्री का ड्राइवर एक आंख से अंधा था। इस समस्या से निपटने के लिए ड्राइवरों की आंखों की जांच को प्राथमिकता दी जा रही है। ड्राइवर प्रशिक्षण पर जोर देते हुए गडकरी ने कहा कि देश में 111 ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर मंजूर किए गए हैं, जिनमें से 35 शुरू हो चुके हैं। अब तक 9.2 लाख ड्राइवरों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिना प्रशिक्षित ड्राइवरों के सड़क दुर्घटनाओं को रोकना संभव नहीं है।

## जीएसटी सुधार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मकः जेपी नड्डा

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में बुधवार को ऐतिहासिक फैसला लिया गया, जिसके तहत 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की टैक्स स्लैब को खत्म कर दिया गया। अब केवल दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत ही रहेंगे। इसके साथ स्वास्थ्य क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इसे सकारात्मक बताया है। गुरुवार को एक्स पर साझा किए अपने संदेश में जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीएसटी सुधार जन-प्रथम और स्वास्थ्य-सकारात्मक हैं। दवाओं, उपकरणों और डायग्नोस्टिक्स पर कम जीएसटी है। चश्मे सस्ते हुए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक है। यह सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने निरंतर विकास और प्रगति को गति देने के लिए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की है। कई

# भारत, सिंगापुर ने परस्पर सहयोग को मजबूत बनाने और दायरा बढ़ाने के लिए रोड मैप तैयार किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और सिंगापुर के बीच साझेदारी को परस्पर हितों, शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा दृष्टिकोण से प्रेरित बताते हुए इसे विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए एक व्यापक रोड मैप तैयार किया है।

दोनों देशों ने परस्पर सहयोग को पारंपरिक क्षेत्र से आगे जाकर कई अन्य क्षेत्रों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

श्री मोदी ने भारत यात्रा पर आए सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग के साथ वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री वांग की यात्रा और भी विशेष है, क्योंकि इस वर्ष हम अपने संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष उनकी सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। श्री मोदी ने



कहा कि इस एक वर्ष में दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग में गति और गहराई आयी है। उन्होंने कहा, आज, साउथ ईस्ट एशिया क्षेत्र में, सिंगापुर हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। सिंगापुर से भारत में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। आज हमने अपनी पार्टनरशिप के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। बदलते समय के अनुरूप, उन्नत विनिर्माण, ग्रीन शिपिंग, कौशल विकास, सिविल न्यूक्लियर और शहरी जल प्रबंधन जैसे क्षेत्र भी हमारे सहयोग के केंद्र बिंदु बनेंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत आसियान के साथ सहयोग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साझा विजन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को लेकर दोनों देशों की समान चिंताएं हैं। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच उद्देश्यपूर्ण साझेदारी है, जो साझा मूल्यों पर आधारित है, आपसी हितों से निर्देशित है और शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा दृष्टिकोण से प्रेरित है। दोनों प्रधानमंत्री की वार्ता के बाद दोनों देशों ने विमानन अंतरिक्ष और कौशल विकास के क्षेत्र में तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए।

# पेज एक का शेष

### 'कांग्रेस ने आपका...

नेक्स्ट-जेनरेशन रिफॉर्म किया गया है। जीएसटी 2.0 ये देश के लिए सपोर्ट और ग्रोथ की डबल डोज है। नए जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा। गरीब, निओ मिडिल क्लास, मिडिल क्लास महिलाएं, स्टूडेंट्स, किसान, नौजवान... सभी को जीएसटी टैक्स कम करने से जबर्दस्त फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा, जीएसटी में रिफॉर्म्स से भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, उपभोग और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा। चौथा, व्यापार करने में आसानी से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा। पांचवां, विकसित भारत के लिए सहकारी संघवाद और मजबूत होगा। कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''पहले की सरकारों में सामानों पर कितनी बड़ी मात्रा टैक्स लिया जाता था। 2014 में मेरे आने से पहले रसोई का सामान हो, खेती किसानी से जुड़े सामान हो या फिर दवाइयां हो, यहां तक जीवन बीमा पर भी... ऐसी अनेक चीजों पर कांग्रेस सरकार अलग अलग टैक्स लेती थी। अगर वही दौर होता तो आज आपको 100 रुपये की कोई चीज खरीदते तो आपको 20-25 रुपए टैक्स देना होता। लेकिन हमारी सरकार का मकसद है कि आम लोगों के जीवन में बचत ज्यादा से ज्यादा कैसे हो, लोगों का जीवन बेहतर बने।

### सपा सरकार...

खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने बिना नाम लिए सपा पर शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया। ऐसे लोगों से विकास की उम्मीद कैसे की जा सकती है। जब ऐसे लोगों को मौका मिला और विकास नहीं करा पाए तो वे आगे भी नहीं करा पाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई। जातीय आधार पर सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न किया। तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर वैमनस्यता पैदा किया। जब सत्ता में ऐसे लोग होते हैं तो विकास पीछे छूट जाता है, युवा पलायन को मजबूर होते हैं। आज सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि देश और दुनिया का सबसे अच्छा निवेश यूपी में हो रहा है। निजी क्षेत्र में हुए निवेश से 60 लाख लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई है। इनमें गोरखपुर से भी काफी संख्या में युवा भर्ती हुए हैं। उन्होंने अपील की कि जिन गांवों के युवा पुलिस में भर्ती हुए हैं, ग्रामीणों को उनके परिवार को सम्मानित करना चाहिए। सीएम ने कहा कि अभी 2538 मुख्य सेविकाओं की भर्ती हुई है। पुलिस में सब इंस्पेक्टर की भर्ती निकल चुकी है। नई भर्ती के लिए भी विज्ञापन आने वाला है। इस तरह सरकारी नौकरियों की भी बाढ़ आई हुई है। हर तरफ रोजगार ही रोजगार है। सरकार का प्रयास है कि यूपी के नौजवानों को रोजगार के लिए कहीं दूसरी जगह हाथ फैलाने की नौबत न आए। मुख्यमंत्री ने विकास, निवेश और रोजगार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सरकार हर जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 100 एकड़ में एम्प्लॉयमेंट जोन बनाएगी। उसके माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर उनके रुचि के अनुरूप कार्य देकर उन्हें सेवायोजित करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक जनपद में औद्योगिक वातावरण बन रहा है। सीएम योगी ने कहा कि ईवीएम से जब वे (विपक्ष) जीतते हैं, हम स्वीकार कर लेते हैं लेकिन जब भाजपा जीतती है तो वे ईवीएम और वोटर लिस्ट को दोषी ठहराने लगते हैं। मीठा-मीठा गप और कड़वा थू नहीं चलेगा। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर समाज को बांटने वाले विकसित भारत के बैरियर हैं और इन्हें उखाड़ फेंकना है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेताओं पर हमला जारी रखते हुए कहा कि विभाजन ही गुलामी का कारण होता है। कुछ लोग जातीय विभाजन से देश को फिर से गुलामी की तरफ धकेलने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और हर जनपद के हर निकाय, गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सबके योगदान का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प का मंत्र बनेगा। विकसित भारत का विजन हर तबके की खुशहाली, हर हाथ को काम देने का माध्यम है। 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए ही 13-14 अगस्त को विधानमंडल में लगातार 24-25 घंटे चर्चा हुई। इसके अगले क्रम में 300 से अधिक बुद्धिजीवी हर जिले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि एक आम नागरिक भी विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विजन डॉक्यूमेंट में क्यूआर कोड से अपने सुझाव दे सकता है। सीएम योगी ने गीडा की वर्तमान और आगामी निवेश परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन निवेश परियोजनाओं से गीडा 15000 से अधिक लोगों को रोजगार देने जा रहा है। युवाओं को अपने घर के पास ही रोजगार मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन औद्योगिक भूखंडो का आवंटन हुआ है उससे 5903 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और दस हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गीडा कभी सहजनवा तक सीमित था आज उसका विस्तार पिपरौली से होते हुए धुरियापार तक हो गया है। गीडा में निवेश और विकास परियोजनाओं की सौगात देने वाले इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अद्वितीय नेतृत्व से यूपी को मॉडल स्टेट की पहचान दिलाई है। सीएम योगी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का रथ निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। आठ वर्षों के दौरान यूपी की जनता ने कथनी और करनी को एकाकार होते देखा है। अब विकास सिर्फ सैफई तक नहीं बल्कि प्रदेश के हर जिले में हो रहा है। श्री नंदी ने कहा कि तीव्र औद्योगिक प्रगति करते हुए यूपी एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। गीडा में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी राजनीति में निस्वार्थ संत हैं। मोदी-योगी की लोकप्रियता से घबराकर विपक्ष राजनीति के निम्न स्तर पर उतर आया है। उन्होंने कहा कि जनता को विपक्ष की घिनौनी राजनीति से सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने गोरखपुर और गीडा के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि सपा सरकार जहां कब्रिस्तान बनाना चाहती थी वहां उद्योग लगवाकर सीएम योगी रोजगार दिला रहे हैं। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में गीडा, नोएडा की तर्ज पर चमक रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं। एक वह दौर भी था जब यहां कोई उद्योग लगाने के बारे में सोचता भी नहीं था लेकिन आज सीएम के विजन से गीडा उद्योग और रोजगार का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। कार्यक्रम को गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, गीडा बोर्ड के अध्यक्ष/मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, उद्यमीगण ओम फ्लैक्स के शिवेंद्र टेकड़ीवाल, केयान और श्रेयस डिस्टिलरीज के विनय सिंह, अडानी ग्रुप के भीमसी कचोट, प्रशांत कुमार, टेक्नोप्लास्ट के पवन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। गीडा में निवेश और विकास परियोजनाओं की सौगात देने के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले सेक्टर 27 में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के अमृत बॉटलर्स की बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। 40 एकड़ क्षेत्रफल में बॉटलिंग प्लांट की इस परियोजना में 700 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पहले चरण में यहां 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट में कोका कोला ग्रुप के थम्सअप, फैंटा, स्प्राइट, माजा ब्रांड के पेय पदार्थ और किनले ब्रांड के बॉटल वाटर का उत्पादन किया जाएगा। गीडा में लोकार्पण और शिलान्यास के समारोह के दौरान सीएम योगी ने सेक्टर 27 में कोका कोला प्लांट के भूमि पूजन के अलावा 640 करोड़ रुपये की निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास भी किया। इनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग शामिल हैं। इन तीनों यूनिट्स के बन जाने पर करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। गुरुवार को गीडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से टेक्नोप्लास्ट सहित तीन यूनिट्स का लोकार्पण किया। लोकार्पित यूनिट्स में से टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। लोकार्पित अन्य दो कंपनियों, ओमफ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये और गजानन पाली प्लास्ट में 7 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### देशभर के करीब 47 प्रतिशत...

पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) का अनुपात सबसे ज़्यादा है, जिसके 23 में से 22 मंत्रियों (96 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और 13 (57 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आप के 16 में से 11 (69 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पांच (31 प्रतिशत) पर गंभीर मामले दर्ज हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, 72 केंद्रीय मंत्रियों में से 29 (40 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में आपराधिक मामले घोषित किए हैं। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी में 60 प्रतिशत से ज्यादा मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके विपरीत, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नगालैंड और उत्तराखंड के मंत्रियों ने अपने खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने की सूचना दी है। एडीआर ने रिपोर्ट में मंत्रियों की वित्तीय संपत्तियों का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया है। इसके अनुसार, मंत्रियों की औसत संपत्ति 37.21 करोड़ रुपये है, जबकि सभी 643 मंत्रियों की कुल संपत्ति 23,929 करोड़ रुपये है। तीस विधानसभाओं में से 11 में अरबपति मंत्री हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा आठ अरबपति मंत्री हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश में छह और महाराष्ट्र में चार ऐसे मंत्री हैं। अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और तेलंगाना में दो-दो मंत्री, जबकि गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब में एक-एक मंत्री अरबपति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 72 मंत्रियों में से छह (आठ प्रतिशत) अरबपति हैं। पार्टी के हिसाब से, भाजपा के अरबपति मंत्रियों की संख्या सर्वाधिक 14 है, हालांकि यह उसके कुल मंत्रियों का सिर्फ 4 प्रतिशत है। कांग्रेस दूसरे स्थान पर है, जिसके 61 मंत्रियों में से 11 (18 प्रतिशत) अरबपति हैं, जबकि तेदेपा के 23 में से 6 मंत्री (26 प्रतिशत) अरबपति हैं। आम आदमी पार्टी, जनसेना पार्टी, जनता दल (सेकुलर), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना में भी अरबपति मंत्री हैं। देश के सबसे अमीर मंत्री तेदेपा के डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी हैं, जो लोकसभा में आंध्र प्रदेश के गुंटूर से सांसद हैं। उन्होंने 5,705 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। कर्नाटक कांग्रेस के नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार 1,413 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि तेदेपा के प्रमुख व आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमीर मंत्रियों में आंध्र प्रदेश के नारायण पोंगुरु और नारा लोकेश, तेलंगाना के गद्दम विवेकानंद और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, कर्नाटक के सुरेश बी एस, महाराष्ट्र के मंगल प्रभात लोढ़ा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। दूसरी ओर, कुछ मंत्रियों ने अपने पास बहुत कम संपत्ति होने की सूचना दी है। इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के शुक्ला चरण नोआतिया ने केवल 2 लाख रुपये की संपत्ति घोषित की, जबकि तृणमूल कांग्रेस के नेता और पश्चिम बंगाल के मंत्री बीरबाहा हंसदा ने 3 लाख रुपये से थोड़ी अधिक की संपत्ति की सूचना दी। एडीआर ने कहा कि हलफनामों में उद्धृत आपराधिक मामलों की स्थिति 2020 और 2025 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग में दायर किए जाने के बाद से बदल गई हो सकती है।

### कॉलेज मनमानी...

भी कहा कि मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाली बेटियों की सुरक्षा और सम्मान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कुलपति और अध्यापकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी प्रकार से छात्र-छात्राओं का शोषण न हो। राज्यपाल ने कहा कोई भी यूनिवर्सिटी ऐसे ही नहीं बनती। पहला दान किसान करते हैं। अपनी जमीन देते हैं। यूनिवर्सिटी बनाने में कितने किसानों की जमीन गई। उनके लिए क्या हमने सोचा है? मेरा ये भी कहना है कि इतना बड़ा भव्य भवन जब बनता है तो इसमें कुछ हिस्सा या फिर उन्हें नौकरी देकर मदद की जानी चाहिए। मोटापा पर ध्यान गर्भावस्था से रखा जाए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा पहले चार प्रतिशत बच्चे मोटापे के शिकार थे। अब यह संख्या बढ़कर 25 फीसदी हो गई है। मोटापे पर काबू पाने के लिए गर्भावस्था से ध्यान रखना चाहिए। मोटापे के कारण अनेक गंभीर बीमारियां हो रही हैं। गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पताल में होना चाहिए। उन्हें आहार, वातावरण, मानसिक स्वास्थ्य और परिवार के सहयोग के बारे में जागरूक करना जरूरी है। साथ ही जन्म के बाद बच्चों के उचित पालन-पोषण की जानकारी भी माताओं तक पहुंचना चाहिए। यह जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की होती है। इसलिए उनका प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करें राज्यपाल ने कहा कि सभी मेडिकल यूनिवर्सिटी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक माह का प्रशिक्षण दें। इसमें उन्हें गर्भवती महिलाओं, बच्चों की सेहत व देखभाल का तौर-तरीका सीखाया जाए। पहले यह व्यवस्था लागू थी। जो कि अब बंद हो गई है। छोटे बच्चों के लिए होम्योपैथी में प्रभावी दवाएं उपलब्ध हैं। इसलिए आयुष, एलोपैथी और होम्योपैथी विभागों के सहयोग से एक समग्र दवा-किट तैयार कर आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराई जाए। जिससे बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस मौके पर 300 आंगनबाड़ी केंद्रों को किट भी प्रदान की। अटल के नाम पर यूनिवर्सिटी बेहद खुशी की बात राज्यपाल ने कहा यूनिवर्सिटी अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर है। मुझे खुशी कि मैं जिस पार्टी में थी वहां पर उनका मार्गदर्शन भी मिला। गुजरात समस्तीपुर में उनको अरेस्ट किया गया। तब लाल कृष्ण आडवानी ने त्यागपत्र दे दिया। तब उनकी जगह गांधीनगर में चुनाव लड़ने अटल जी गए थे। तब मैं उनकी चुनाव प्रभारी रही।

# राजग के बिहार बंद का दिखा व्यापक असर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ प्रधानमंत्री की मां पर अपशब्दों के खिलाफ राजग का प्रदर्शन, पटना से सीवान तक सड़कें जाम




पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के खिलाफ अपशब्दों के विरोध में राजग के बिहार बंद का व्यापक असर दिखा। पटना, सीवान, कटिहार, बांका, अररिया और दरभंगा में राजग कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम, दुकानें बंद कराईं और राहुल गांधी व तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी की।

पटना में भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यकर्ताओं ने शहर भर के प्रमुख चौराहों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और संजीव चौरसिया ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा '' इतनी बेशर्मी क्यों ? आप प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करते हैं और आपके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकलता है? अगर हमारा कार्यकर्ता होता तो हम कार्रवाई करते हुए माफी मांगते'' । भाजपा नेता ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की उस टिप्पणी का भी जवाब दिया, जिसमें उन्होने कहा था कि उनकी मां (राबड़ी देवी) के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था। रविशंकर प्रसाद ने कहा ''आपकी मां पूर्व मुख्यमंत्री हैं। यह राजनीतिक है। क्या हम भी गिनाएं कि राहुल गांधी और विपक्ष के लोगों ने 100 से अधिक बार प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया ''? इस बीच राजग के बिहार बंद के दौरान राजधानी पटना में जगह-जगह पर भाजपा और राजग दलों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन किया। डाकबंगला चौक और आयकर गोलंबर पर सुबह से ही राजग कार्यकर्ता जमा हो गए थे। इसका असर सरकारी कार्यालयों सहित रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों पर भी दिखा। उधर बंद के तहत सीवान में भी राजग कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। कार्यकर्ताओं ने वाहनों का परिचालन बंद करा दिया। यहां दुकाने भी पूरी तरह बंद रही। कटिहार में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद बंद में शामिल हुये। इस दौरान कई जगहों पर वाहनों की लंबी कतार से जाम लग गया। इस अवसर पर प्रसाद के साथ नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल और राजग कार्यकर्ताओं ने मिर्चाईबारी बजरंग बली चौक पर टायर जलाकर विरोध जताया और राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बांका के पंजवारा में भी बंद का खासा असर दिखा। सुबह से ही बाजार की सभी दुकानें बंद रही। राजग कार्यकर्ताओं ने पंजवारा-गोड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग 333ए पर पंजवारा बाजार में सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। अन्य जगहों पर भी सड़कों से वाहन नादारद रहे। अररिया में क्षेत्र के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बंद में भाग लेकर दुकानों को बंद कराया। चांदनी चौक के गोलंबर पर चढ़कर उन्होंने समर्थकों के साथ मिलकर विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच दरभंगा के भागलपुर में भी बिहार बंद का असर देखने को मिला। सुबह से ही राजग घटक दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर दुकानों और यातायात को बंद कराने में जुटे रहे। इस दौरान राज्यसभा की पूर्व सदस्य एवं जदयू नेत्री कहकशां परवीन, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह, दीपक सिंह, कुश पांडे, रोहित पांडे, ई श्रीकांत कुशवाहा सहित कई राजग नेता सड़कों पर उतरे और विरोध जताया। इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सपना भारती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पर राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी की। सपना भारती ने कहा ल्लजब तक राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री से माफी नहीं मांगते, भाजपा का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।ङ्क वहीं जदयू नेत्री डॉ. इस्मत जहां ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का प्रधानमंत्री को अपशब्द कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 5 कारोबारियों की मौत, देर रात हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना स्थित सिपारा-पुनपुन रोड पर परसा बाजार थाना इलाके में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में 5 कारोबारियों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

मृतकों में कुर्जी चश्मा गली निवासी 50 वर्षीय राजेश कुमार, पटेलनगर निवासी संजय 55 वर्षीय कुमार सिन्हा, पटना निवासी 38 वर्षीय कमल किशोर, समस्तीपुर निवासी (वर्तमान में पटना में रह रहे थे) 35 वर्षीय प्रकाश चौरसिया और मुजफ्फरपुर निवासी (वर्तमान में पटना में रह रहे थे) 38 वर्षीय सुनील कुमार शामिल हैं। राजेश कुमार के भाई ने बताया है कि, सभी लोग फतुहा किसी व्यावसायिक कार्यवश गए थे और रात में बिहटा-सरमेरा रोड होते हुए पटना लौट रहे थे। रास्ते में यह भीषण हादसा हो गया। राजेश कुमार पटना में एक प्रतिष्ठित एग्रो एजेंसी चलाते थे और इनका नेटवर्क आसपास के जिलों में फैला हुआ था। उनके साथ अन्य व्यापारी भी इसी क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे थे। परसा थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा। रेस्क्यू ऑपरेशन कर शवों को निकालकर पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) भेजा गया। हादसे के बाद एक मोबाइल पर कॉल आया, जिसके माध्यम से पुलिस ने राजेश कुमार के परिजन तक जानकारी पहुंचाई। बाद में अन्य परिजनों को भी सूचित किया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ग्रैंड विटारा कार की रफ्तार काफी तेज थी। ट्रक या तो धीमी गति से चल रहा था या संभवतः किनारे खड़ा था। कार की गति और टक्कर की तीव्रता से यह अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि चालक को इतना समय भी नहीं मिला कि व ब्रेक लगा पाता। स्थानीय लोगों के अनुसार, पटना-गया-डोभी फोरलेन पर पहले भी इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं। रात के समय ट्रकों की बेतरतीब पार्किंग, सड़क संकेतों की कमी और तेज रफ्तार वाहन यहां दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते रहे हैं।

## बाढ़ से नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र की दो टीमों ने पंजाब में शुरू किया सर्वे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने अमृतसर पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें पांच जिलों, अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, तरन तारन और फिरोजपुर की बाढ़ रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार पूरी तरह से पंजाब वासियों के साथ है और हर संभव मदद की जाएगी। बाढ़ से नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की दो टीमों ने आज से ही सर्वे शुरू किया है। शिवराज ने बताया कि अब तक 1400 गांवों के प्रभावित होने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि वह खुद इन गांवों का दौरा करेंगे और लोगों से मिलकर उनकी परेशानियां समझेंगे। साथ ही फसलों और संपत्ति को हुए नुकसान का भी जायजा लेंगे। अमृतसर पहुंचने पर चौहान के साथ पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, पूर्व मंत्री कुलदीप धालीवाल ने मुलाकात करके पंजाब सरकार की तरफ से बाढ़ के संबंध में रिपोर्ट दी। केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू, भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, राष्ट्रीय सचिव तरूण चुघ समेत अन्य कई नेताओं ने भी शिवराज चौहान के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब के साथ खड़ी है।

### सुखना लेक का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर किशनगढ़-बापूधाम मार्ग बंद

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश में हो रही लगातार तेज बारिश से चंडीगढ़ स्थित सुखना लेक का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। झील का जलस्तर बुधवार को 1164 फुट दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से लगभग दो फुट अधिक है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पूर्वाह्न 10:40 बजे दोनों फ्लड गेट एक-एक फुट तक खोल दिये। झील का जलस्तर बढ़ने के कारण सुखना चौ क्षेत्र से होकर गुजरने वाले किशनगढ़, बापूधाम, इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-1 और मक्खनमाजरा को जोड़ने वाले कॉजवे पर बैरिकेड लगाकर यातायात रोक दिया गया है। किशनगढ़ और बापूधाम की सड़कों के किनारे धंसने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। कई घरों में पानी घुस गया, जिससे लोगों ने अपने सामान को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। शास्त्री नगर कॉलोनी और आसपास के गोदामों में दो-दो फुट तक पानी भर गया है। सुखना चौ में तेज बहाव के कारण मार्ग को अगले आदेशों तक बंद रखा जायेगा।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकास भी, विरासत भी' अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) के 'विकास भी, विरासत भी' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से प्रेरित 'विकास भी विरासत भी' पहल बच्चों को आधुनिक क्षमताओं से सशक्त करते हुए, हमारी संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ेगी। अटल आदर्श और नवयुग विद्यालयों के 15 शिक्षकों को 'शिक्षक सम्मान पुरस्कार' से अलंकृत करना इस नई यात्रा का प्रेरक प्रारंभ है। जिस प्रकार आधुनिक विमान को दिशा पायलट ही देता है, वैसे ही बच्चों को नई सोच और शिक्षा की उड़ान देने का दायित्व हमारे शिक्षकों पर है। उन्होंने कहा कि 'विकास भी, विरासत भी' दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए शिक्षा का आदर्श मॉडल बनेगा, यह उनको विश्वास हैं। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा एवं एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायी क्षण का साक्षी बनने का अवसर मिला, जब नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को साकार करते हुए एक नई शैक्षिक पहल का शुभारंभ किया गया। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य बच्चों को आधुनिक क्षमताओं से सशक्त करते हुए उन्हें भारत की संस्कृति और परंपराओं से भी गहराई से जोड़ना है। इस अवसर पर अटल आदर्श एवं नवयुग विद्यालयों के 15 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित कर उनके अमूल्य योगदान को आदरपूर्वक सराहा गया। यह पहल आने वाले समय में शिक्षा को नई दिशा और दृष्टि प्रदान करेगी और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## अमृतसर में दो किलो हेरोइन, हथियारों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार संगठित हथियार और नार्को-हवाला नेटवर्क में शामिल तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि यह गिरोह पाकिस्तान से हेरोइन और हथियारों की तस्करी कर रहा था और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी हरप्रीत सिंह और गुरपाल सिंह, जो पहले मलेशिया गये थे, सीमा पार तस्करों से जुड़े हुए हैं। उनके खुलासे पर, पुलिस ने 2.02 किलोग्राम हेरोइन और दो .30 बोर की पिस्तौलें बरामद कीं। उनके सहयोगी रणजोध सिंह को भी दो पिस्तौल और 3.5 लाख रुपये की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसे हवाला के ज़रिए भेजा जाना था। श्री यादव ने कहा कि इस संबंध में थाना गेट हकीमां में मामला दर्ज किया गया है और पूरी सांठगांठ का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## उत्तरकाशी में भू-धसाव व भूस्खलन बना आफत, 62 सड़कें बंद कई घरों में आई दरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। जनपद में निरंतर हो रही बारिश और भू-धसाव से गंगोत्री - यमुनोत्री समेत कुल 62 मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। जिससे सीमांत क्षेत्रों में लोगों को आवागमन नहीं हो पा रहा । वहीं के काश्तकारों की नगदी फसले भी बाजार तक नहीं पहुंच पा रही हैं। जिला परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक जिले भर में वर्तमान में करीब 62 मार्ग बाधित हैं। विभाग द्वारा उक्त मार्गो को खोलने की कार्यवाही लगातार जारी है। बता दें कि भूस्खलन की घटना के कारण ऋषिकेश गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नालूपानीऽधरासू में बार-बार अवरुद्ध हो रहा है, जिससे यातायात व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं ग्राउंड जरूर पर उतरकर जनसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील मार्ग पर आम जनों की सुरक्षित आवाजाही के आवश्यक निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी से लम्बगांवऽडोबराचांटी पुलऽजाखऽचम्बा मोटर मार्ग (राज्य मार्ग), जिसकी कुल लंबाई लगभग 108 किलोमीटर है को वैकल्पिक मार्ग के रूप में चिन्हित कर वैकल्पिक यातायात मार्ग के रूप में अति महत्वपूर्ण है। बारिश से यमुनोत्री हाईवे सिलाई बैंड में तीन स्थानों पर पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे है वहीं स्याना चट्टी से आगे भी मार्ग करीब 300 मीटर सड़क 12 दिनों से बंद है। इधर नगरपालिका बड़कोट से -उपराड़ी मोटर मार्ग पर चक्र गांव के पास करीब 20-30 मीटर से अधिक हिस्सा भू-धसाव से पूरी आवाजाही ठप हो गई है। पीएमजीएसवाई मार्ग में हो रहे भू-धसाव से आसपास के कई भवनों को भी खतरा मंडराने लगा है। उधर लोनिवि गेस्ट हाउस और सरूखेत के पास भी पुराना भूस्खलन सक्रिय हो गया है, जिससे कई घरों, होटलों में दरारें आने से लोग दहशत में है। पूर्व प्रधान शांति बेलवाल ने बताया कि यह सड़क चार-पांच कई सालों से भूस्खलन हो रहा है।

### एनडीआरएफ ने रेलवे पुल को टूटने से बचाया: अग्रवाल

जालंधर। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की टीमों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सतलुज नदी पर स्थित गिद्दड़पिंडी रेलवे पुल के नीचे फंसे टूटे हुए पेड़ों को हटाया, जिससे दो लाख क्यूसेक पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ। उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विर्क ने व्यक्तिगत रूप से अभियान की निगरानी की, जो कड़ी निगरानी में जारी रहा। जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ के साथ-साथ रेलवे टीम को भी तुरंत बुलाया। अधिकारियों ने बताया कि टूटू हुए पेड़ नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा डाल रही थीं और इससे उस स्थान पर रुकावट का संभावित खतरा पैदा हो गया था, जिसके कारण पहले भी पुल टूटा था और गाँवों में बाढ़ आ गई थी। सफलतापूर्वक निकासी के बाद, डॉ.

सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सूर्यप्रकाश गंगवार

अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा पूरनपुर जनपद पीलीभीत

## उत्तराखंड की 13 महिलाओं को मिला तीलू रौतेली पुरस्कार, मुख्यमंत्री धामी ने किया सम्मानित

■ मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही सरकार : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 13 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार और 33 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया। गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने यह पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री धामी ने समारोह में कहा कि वीरांगना तीलू रौतेली ने महज 15 वर्ष की उम्र में अपने रण कौशल से विरोधियों को परास्त किया। जिस उम्र में बच्चे खेलना, कूदना और पढ़ना सीखतें हैं, उसी उम्र में तीलू रौतेली ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। वीरांगना तीलू रौतेली को उत्तराखंड की झांसी की रानी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''नारी तू नारायणी'' के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की बात हो या बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, केंद्र सरकार हर तरह से महिलाओं को सशक्त बना रही है। इसी तरह ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करके भी प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिलाओं को सामाजिक तौर पर मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने जहां महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है, वहीं महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ''मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना'' और ''उद्यमिता विकास कार्यक्रम'' जैसी योजनाओं के माध्यम से भी मातृशक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है।

## सिसोदिया ने नवनीत नीतू की मौत पर जताया दुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) के सह प्रभारी मनीष सिंह सिसोदिया ने गुरुवार को मानसा विधानसभा के यूथ विंग कोऑर्डिनेटर नवनीत नीतू की मौत पर शोक व्यक्त किया।

श्री सिसौदिया ने कहा कि पंजाब में आप के हज़ारों कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किये बिना, बाढ़ पीड़ितों की मदद में दिन-रात लगे हुये हैं। इसी सेवा के दौरान, हमारे यूथ विंग परिवार का चढ़ता-उभरता नौजवान, नवनीत पाल सिंह नीतू (कोऑर्डिनेटर, यूथ विंग, मानसा विधानसभा) एक दर्दनाक सड़क हादसे में हमें हमेशा के लिए छोड़ गया। श्री सिसोदिया ने कहा कि बुधवार को नीतू बाढ़ पीड़ितों के लिए हरा चारा पहुंचाकर अपने गांव लौट रहा था, जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। उन्होंने कहा, ल्ल नीतू भाई हमेशा गांवों के हक़ों, नौजवानों की आवाज़ और लोगों की भलाई के लिए सबसे आगे खड़ा रहता था। आज हमारी यूथ विंग ने सिर्फ़ एक साथी नहीं, बल्कि एक निडर सिपाही, सच्चा मित्र और लोगों की धड़कनों जैसा नौजवान खो दिया है। ईश्वर उसकी आत्मा को शांति दे और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063